सूर्योदय 6:45 सूर्यास्त 6:21

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.6 न्यू | 14.0 अधि |
| धर्मशाला | 4.2 न्यू | 18.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73198.10 |
| निफ्टी | 22124.70 |
| सोना 86,730 | चांदी 97,307 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




हिमाचल भाजपा में बगावत, धवाला ने खड़ा किया समानांतर संगठन पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 2 मार्च 2025 | 19 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 63, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

WEMBLEY SINCE 1961

(An ISO 9001-2008 Certified Co.)
Wembley Paints & Chemicals
Bring Home Wide Range of
Premium Interior & Exterior Paints




WEMBLEY
THE COMPLETE SOLUTION
For WOOD & WALL COATINGS (SINCE-1961)
JAIN TRADERS UNA Mob.: 9805002437
Authorized Distributors For: Himachal Pradesh
Wembley Paints and Chemicals and Indo Wembly Paints Pvt. Ltd.

## न्यूज शॉर्ट्स

### कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 6 रुपए महंगा

**नई दिल्ली।** होली से पहले महंगाई का झटका लगा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 6 रुपए का इजाफा किया है। हालांकि, 14 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें शनिवार से लागू हो गई हैं।

### पोप फ्रांसिस की तबीयत बिगड़ी, वेंटिलेटर पर रखा



**नई दिल्ली।** निमोनिया के कारण अस्पताल में भर्ती पोप फ्रांसिस की तबीयत और खराब हो गई है। पोप फ्रांसिस वेंटिलेटर पर रखा गया है। डॉक्टरों ने 24 से 48 घंटों तक पोप की सेहत की निगरानी को कहा है। पोप फ्रांसिस को 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब उनकी तबीयत के बारे में चिंताजनक जानकारी सामने आई है।

### अमृतसर में 8.17 करोड़ की नशीली दवाएं जब्त

**अमृतसर।** अमृतसर एयरपोर्ट पर एक व्यक्ति को आठ करोड़ रुपए मूल्य की नशील दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मनदीप सिंह मलेशिया से एक उड़ान के माध्यम से आया था और जब उसके सामान की तलाशी ली गई, तो अधिकारियों को 8.17 किलोग्राम मादक पदार्थ मिला। उन्होंने कहा कि वह मादक पदार्थ गांजा लग रहा था, जिसकी अनुमानित कीमत 8.17 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### तरनतारन में छत गिरी पांच लोगों की मौत

**तरनतारन।** पंजाब के तरनतारन जिले में शनिवार तड़के एक मकान की छत गिरने से एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना तड़के करीब साढ़े चार बजे पंडोरी गोला गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, मकान की स्थिति खराब थी और छत पर कुछ बेकार सामग्री रखी हुई थी, जिसके वजन के कारण वह ढह गया। घटना के बाद घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

प्रदेश में भरे जाएंगे टीजीटी के 937 और जेबीटी के 1762 पद -पेज 3
नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन ने ऊर्जा उत्पादन का बनाया रिकॉर्ड -पेज 6
बारिश से फल और सब्जियों के दामों में उछाल -पेज 12
मणिपुर के सभी रास्ते 8 मार्च से खोले जाएं: शाह -पेज 13
न्यूजीलैंड के खिलाफ स्पिन को खेलने पर रहेगा भारत का फोकस -पेज 14

# नशा तस्करी में शामिल सरकारी कर्मचारी होंगे बर्खास्त : सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने खुद संभाली कमान, डीसी और एसपी को दिए सख्त निर्देश



शिमला में उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नशा कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए सभी जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शने की हिदायत दी है। मुख्यमंत्री ने नशा तस्करी में शामिल सरकारी कर्मचारियों पर बड़ा एक्शन लेने का फैसला लिया है, जिन कर्मचारियों के खिलाफ नशा तस्करी के पुख्ता सुबूत मिले हैं, उन्हें नौकरी से बर्खास्त किया जाएगा।

**नशे के कारोबार में शामिल लोग बख्शे नहीं जाएंगे**

प्रदेश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने और नशाखोरी रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने स्वयं इस अभियान की कमान संभाली है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को आयोजित बैठक में डीसी-एसपी को साफ निर्देश दिए हैं कि नशा तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को छोड़ा न जाए।

### राज्य में तेजी से फैल रहा चिट्टे का कारोबार

**हिमाचल** में नशा तस्करी का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। बीते दिनों चिट्टे के मामले में शिमला जिले के एक तहसील कल्याण अधिकारी और महिला वकील को भी गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा कई अन्य सरकारी कर्मचारी गिरफ्तार हुए हैं। संदीप शाह चिट्टा तस्कर गिरोह के मामले में गिरफ्तार कई युवाओं ने पूछताछ में कई खुलासे किए। इसके अनुसार, संदीप शाह गिरोह ने चिट्टे का नशा फैलाकर जिले की युवा पीढ़ी को बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है।

### गिरफ्तार युवाओं की उम्र 18 से 25 वर्ष के बीच

**अभी** तक जितने भी लोगों की गिरफ्तारी की गई है, उसमें ज्यादातर की उम्र 18 से 25 वर्ष के बीच है। इसमें बड़ी संख्या में लड़कियां भी शामिल हैं। जांच में सामने आया है कि ये युवा पहले अपने परिचितों और दोस्तों के जरिए नशे के आदी बने। इसके बाद उन्होंने आगे नशे की सप्लाई भी की है। सभी आरोपी संपन्न परिवारों से संबंध रखते थे। इसमें 25 के करीब लड़कियों की संलिप्तता बताई जा रही है, जिन्हें पुलिस ने चिह्नित कर लिया है। अब उनके खिलाफ सुबूत जुटाकर उनकी गिरफ्तारी को लेकर औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने अपने परिजनों के बैंक खातों से भी शाह को पैसे ट्रांसफर किए हैं।

# हिमाचल में आज फिर बिगड़ेगा मौसम कई जगह बारिश-बर्फबारी के आसार

## प्रदेश में अलग-अलग जगहों में अभी भी 583 संपर्क मार्ग ठप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**हिमाचल** प्रदेश में तीन दिन भारी बारिश-बर्फबारी के बाद शनिवार को मौसम साफ रहा, लेकिन अभी भी कई जगहों पर जनजीवन अस्त-व्यस्त है। वहीं, मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि रविवार को सोलन, शिमला, हमीरपुर और सिरमौर जिलों में कुछ स्थानों पर गरज और बिजली के साथ हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, मंडी, कुल्लू, चंबा और कांगड़ा जिले के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने के आसार हैं।

लाहौल-स्पीति, कुल्लू व किन्नौर जिले में कई सड़कें, बिजली, ट्रांसफार्मर व पेयजल आपूर्ति योजनाएं ठप हैं। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि पिछले दो दिन में राज्य में भारी बर्फबारी और बारिश हुई है। इससे कुछ जगहों पर लाभ हुआ है और कुछ जगहों पर नुकसान भी हुआ है। 583 संपर्क मार्ग बाधित हैं और कई जगहों पर पांच राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हैं। हमें कई जगहों पर दुर्घटनाओं की जानकारी मिली है, जहां भी सड़कें अवरुद्ध हैं, वहां से बर्फ हटाने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द आवाजाही को फिर से शुरू करने की कोशिश की जा रही है। कुल्लू और लाहौल में 280 सड़कें व 500 से अधिक ट्रांसफार्मर ठप हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से 5-15 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा है। आज राजधानी शिमला सहित कुल्लू, पांगी, लाहौल, किन्नौर समेत कुछ जिलों के शिक्षण संस्थानों में छुट्टी रही।

### हिमखंडों के गिरने की चेतावनी

**लाहौल**-स्पीति व कुल्लू जिले में तीन दिन बाद मौसम साफ रहने से राहत मिली है। हालांकि, जनजीवन अभी पटरी पर नहीं लौटा है। हिमखंडों के गिरने का खतरा अब बढ़ गया है। बर्फबारी से लाहौल का संपर्क देश-दुनिया से कटा हुआ है। बीआरओ ने अब सड़कों की बहाली का कार्य शुरू कर दिया है। गांधीनगर के समीप भू-स्खलन का मलबा सड़क पर आने से कुल्लू-भुंतर मुख्य सड़क में शनिवार सुबह से वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

# बैलेट पेपर पर विचार संसदीय समिति के क्षेत्राधिकार में नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

**केंद्रीय** विधि मंत्रालय ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ चुनाव कराने संबंधी दो विधेयकों की पड़ताल कर रही संसद की संयुक्त समिति को बताया कि मतपत्रों के माध्यम से चुनाव करवाने का प्रश्न उसके क्षेत्राधिकार में नहीं आता है।

मतपत्र प्रणाली पर वापस लौटने का सुझाव संयुक्त समिति के कुछ सदस्यों ने दिया था और मंत्रालय को इसका लिखित में जवाब देना था।

**केंद्रीय विधि मंत्रालय की दो टूक**

मंत्रालय के विधायी विभाग ने समिति के पूछे प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दिए, लेकिन उसने मतपत्र प्रणाली पर दिए गए सुझाव पर कोई सीधा उत्तर नहीं दिया। सूत्रों ने बताया कि समिति को एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयकों संविधान विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक की पड़ताल करने और इस बारे में अपनी रिपोर्ट देने का अधिकार दिया गया है कि क्या वे इस उद्देश्य के लिए पर्याप्त हैं या उनमें बदलाव की आवश्यकता है।

# उत्तराखंड हिमस्खलन : चार श्रमिकों की मौत ; 46 बचाए, पांच की तलाश जारी

एजेंसी, देहरादून

**उत्तराखंड** के चमोली जिले के माणा गांव में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के शिविर में हिमस्खलन के कारण बर्फ के नीचे दबे 46 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन चार श्रमिकों की मौत हो गई। बचाव दल शेष पांच श्रमिकों को बचाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहा है। सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि बचाव अभियान में छह हेलिकॉप्टर बचाव कार्य में लगे हुए हैं।



### प्रधानमंत्री ने ली मुख्यमंत्री धामी से जानकारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड के चमोली के माणा में हिमस्खलन के कारण फंसे श्रमिकों को सकुशल निकालने के प्रयासों में राज्य सरकार को हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बातचीत कर रेस्क्यू ऑपरेशन की पूरी जानकारी ली।

# अब टाइम बांड सिस्टम से निकला करेगा रिजल्ट

## रिकॉग्निशन का सिस्टम भी होगा ऑनलाइन

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**हमीरपुर** में स्थित राज्य कर्मचारी चयन आयोग की वर्किंग में अब मुकम्मल तौर पर फेरबदल हो रहा है। अभ्यर्थियों के एग्जाम और रिजल्ट निकालने के लिए आयोग टाइम बांड सिस्टम लागू करेगा। इसके लिए मसौदा तैयार हो रहा है। नई प्रक्रिया का सीधा मतलब यही होगा, जिस भी पोस्ट कोड के तहत विज्ञापन जारी होगा, उसका एग्जाम और रिजल्ट निश्चित अवधि के दौरान मुकम्मल किया जाएगा। यह सारी प्रक्रिया अब ऑनलाइन होगी।

उम्मीद है कि 4 से 6 माह के भीतर यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इतना तो तय है कि मार्च माह के बाद यह सारा प्रोसेस चालू हो जाएगा। इसके अलावा अभ्यर्थियों के एग्जाम का प्रोसेस भी पहले की प्रक्रिया के अनुसार ही रहेगा, उनकी संख्या के हिसाब से जिलों में केंद्र बनाए जाएंगे। यदि अभ्यर्थियों की तादाद कम हो, तो फिर इनका परीक्षा केंद्र हमीरपुर में ही रहा करेगा। इस पर भी पहले की तरह ही फैसला लिया जाएगा। वहीं, 2 साल पहले ड्राइंग टीचर की भर्ती को लेकर तत्कालीन आयोग ने जिस डॉक्यूमेंटेशन की प्रक्रिया को शुरू किया था, वह अधर में लटक गया था। आयोग के पास 54 अभ्यर्थियों का रिकॉर्ड तो मिल गया था, लेकिन 10 का नहीं मिला था। आयोग के सचिव विक्रम महाजन का कहना है कि अब एग्जाम और उसका रिजल्ट टाइम बंद सिस्टम से निकाला करेगा।

### 7 रिजल्ट निकालने की तैयारी में जुटा आयोग

**सरकार** ने जिन सात पेंडिंग रिजल्ट्स को निकालने के लिए कैबिनेट की मंजूरी दी है, जिसकी लिखित जानकारी अभी आयोग के पास पहुंची नहीं है, लेकिन अंदरूनी तौर पर आयोग ने काम करना शुरू कर दिया है। यह रिजल्ट भी काफी लंबे समय से पेंडिंग चल रहे हैं।

इसके लिए मुकम्मल तौर पर अवधि तय की जाएगी। चार या छह महीने का समय तय किया जा सकता है। ड्राइंग टीचर के पेंडिंग रिजल्ट पर काम जारी है। इसकी डॉक्यूमेंटेशन कुछ दिनों में मुकम्मल हो जाएगी, जिन रिजल्ट्स को कैबिनेट ने हरी झंडी दी है, उस पर भी आयोग काम करेगा। अभी लिखित तौर पर जानकारी का इंतजार है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

# दिल्ली में 15 साल पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली में 15 साल से पुराने वाहनों को 31 मार्च के बाद से पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा। एक विशेष टीम का गठन किया जाएगा, जो ऐसे वाहनों की पहचान करेगी। वहीं, दिल्ली के बड़े होटलों, कुछ बड़े ऑफिस कांप्लेक्स, दिल्ली एयरपोर्ट, बड़ी कंस्ट्रक्शन साइट्स को एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं।

## सेंट्रल बैंक की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# लाभ कमाने के लिए लोन लेने वाला उपभोक्ता नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने ऋण से जुड़े एक मामले में सेंट्रल बैंक की याचिका पर सख्त टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर कोई लाभ कमाने के लिए लोन लेता है, तो वह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत उपभोक्ता नहीं माना जा सकता।

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के आदेश के खिलाफ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। दरअसल, सेंट्रल बैंक ने अभिनेता रजनीकांत की फिल्म कोचादियान के पोस्ट प्रोडक्शन के लिए एक विज्ञापन ब्यूरो एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड को 10 करोड़ रुपए का लोन दिया था। विज्ञापन ब्यूरो ने जब लोन नहीं चुकाया, तो सेंट्रल बैंक ने ऋण वसूली न्यायाधिकरण में मुकदमा दायर किया। न्यायाधिकरण ने विज्ञापन ब्यूरो को 3.56 करोड़ रुपए का भुगतान करके मामला खत्म करने के लिए कहा। इसके बाद विज्ञापन ब्यूरो की



ओर से कहा गया कि उसने एकमुश्त राशि का भुगतान कर दिया। इसके बाद भी बैंक ने उसे सिविल में डिफॉल्टर घोषित कर दिया है। इससे ब्यूरो की साख खराब हुई और उसे व्यावसायिक नुकसान हुआ। इसके बाद ब्यूरो ने सेंट्रल बैंक की ओर से सेवा में कमी का आरोप लगाकर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) में अपील की थी।

# सुकमा में मुठभेड़, दो नक्सली मार गिराए

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। सुरक्षाबलों ने अभी तक दो नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। किस्टाराम क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शुक्रवार को सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया था।

# रंग ला रहा है 'वोकल फॉर लोकल' अभियान : मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनका 'वोकल फॉर लोकल' अभियान अब रंग ला रहा है, क्योंकि भारतीय उत्पाद वैश्विक हो रहे हैं और दुनिया भर में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। मोदी ने कहा कि दुनिया 21वीं सदी के भारत को उत्सुकता से देख रही है। दुनियाभर से लोग भारत आना और उसे समझना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि देश अब विनिर्माण केंद्र और दुनिया के कारखाने के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि दशकों से दुनिया भारत को अपना 'बैक ऑफिस' कहती रही है। अब भारत दुनिया का नया कारखाना बन रहा है। हम अब केवल कार्यबल नहीं रह गए हैं, बल्कि एक विश्व शक्ति बन रहे हैं। भारत के बढ़ते रक्षा उत्पाद दुनिया के सामने इसकी इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी की ताकत को दर्शाते हैं। मोदी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर ऑटोमोबाइल के क्षेत्र तक दुनिया ने भारत के पैमाने और क्षमता को देखा है। भारत न केवल दुनिया को उत्पाद उपलब्ध करा रहा है, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक भरोसेमंद और विश्वसनीय भागीदार भी बन रहा है।

**तैयारी** प्रदेश में साइबर शील्ड के तहत लगेगा अपराधों पर अंकुश, साइबर क्राइम के मामलों की जांच में आएगी तेजी

# हिमाचल पुलिस की आई क्रैक तकनीक करेगी ऑनलाइन ठगी पर वार

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में साइबर अपराध करना अब आसान नहीं होगा। ऑनलाइन अपराध पर पुलिस मुस्तैदी के साथ आगे बढ़ रही है।

साइबर शील्ड नामक योजना से ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ई-क्रैक के फ्रेमवर्क पर काम हो रहा है। इसके लिए 'क्रैक' (जांच सहायता प्राप्त साइबर फॉरेंसिक रिपोजिटरी विश्लेषण और कोर की फ्रेम) एक अत्याधुनिक साइबर फॉरेंसिक लैब स्थापित करने का निर्णय लिया है।

इस पहल का मकसद साइबर अपराध की जांच में तेजी लाना रहेगा। जानकारी के मुताबिक, उन्नत तकनीक से लैस लैब में साइबर विशेषज्ञों की एक टीम होगी, जो गहन जांच करेगी और डिजिटल साक्ष्य का विश्लेषण कर साइबर अपराधियों को पकड़ने में सहायता करेगी। ये विशेषज्ञ विभिन्न साइबर अपराध मामलों को सुलझाने और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में काम करेंगे। इसके अलावा लैब साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने, नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से खुद को बचाने के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। देश और




### डीआईजी कर रहे अगुवाई

**राज्य** मुख्यालय में सीआईडी साइबर अपराध के उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) की देखरेख में 'आई-क्रैक' का प्राथमिक उद्देश्य जांच प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और साइबर अपराधों को रोकना है। वह जन जागरूकता के महत्व पर काम कर रहे हैं, क्योंकि लोगों को ऑनलाइन घोटालों के बारे में शिक्षित करना साइबर खतरों से निपटने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है।

प्रदेश में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों में शातिर लोगों को धोखा देने के लिए लगातार नए-नए तरीके अपना रहे हैं, जिससे उन्हें काफी वित्तीय नुकसान हो रहा है। इन चुनौतियों के जवाब में प्रदेश पुलिस विभाग ने साइबर सुरक्षा उपायों को मजबूत करने और उन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए साइबर फॉरेंसिक लैब की स्थापना की है। (अनंत ज्ञान)

### नागरिकों से सतर्क रहने की अपील

**राज्य** में प्रतिदिन लगभग 400 साइबर अपराध की शिकायतें हो रही हैं, जिनमें डिजिटल गिरफ्तारियां सबसे अधिक दर्ज किए जाने वाले मामले हैं। पुलिस नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी साइबर धोखाधड़ी की तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर रिपोर्ट करने का आग्रह करती है।

### सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाने पर जोर

**आई-क्रैक'** के शुभारंभ के साथ हिमाचल पुलिस का लक्ष्य न केवल साइबर अपराधों की कुशलतापूर्वक जांच और समाधान करना है, बल्कि राज्य के लोगों के लिए एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाना भी है। जिससे इस शांति प्रिय प्रदेश को ऑनलाइन ठगी से बचाया जा सके, क्योंकि यहां के लोग बेहद सीधे साधे हैं, जो आसानी से इसका शिकार हो जाते हैं। जिसमें साइबर ठगी सबसे ऊपर पहुंच रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### कलर हनुमान मंदिर में छिंज 8 मार्च को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर जिला मुख्यालय के साथ लगने वाले कलर हनुमान मंदिर में छिंज 8 मार्च को होगी। इसका आयोजन पिछले कई सालों से हो रहा है। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर कुलभूषण सिंह वर्मा इस कुश्ती दंगल के मुख्य अतिथि होंगे। कुश्ती दंगल कमेटी के प्रधान सतीश शर्मा, मुख्य सलाहकार सेवानिवृत्त डीएसपी बलवीर सिंह पटियाल और कोषाध्यक्ष कुलबीर सिंह पटियाल ने बताया कि इलाके के लोग इस कुश्ती दंगल का बड़ी बेसब्री के साथ इंतजार करते हैं। इस बार भी यह दंगल अभूतपूर्व होगा।

### बजूरी और आसपास के गांवों में आज बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर के अंतर्गत नालटी फीडर की लाइनें बदलने के कार्य के चलते 2 मार्च को गांव बजूरी, दुगनेड़ा और आसपास के अन्य गांवों में बिजली की आपूर्ति सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर के सहायक अभियंता ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### आज और कल बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-रंगस के अंतर्गत 2 व 3 मार्च को 11 केवी नौहंगी फीडर के फोरलेन चील बहाल में स्थानांतरण हेतु बिजली की आपूर्ति सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बाधित रहेगी। जिस कारण दंगड़ी पंचायत के तरकेड़ी, भलूं व चील बहाल के गांवों में विद्युत आपूर्ति नहीं होगी। विद्युत उपमंडल रंगस के सहायक अभियंता संदीप ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### गोसेवा समिति गुजरात में करेगी सनातन धर्म का प्रचार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सनातन धर्म एवं गोसेवा को समर्पित हिमाचल गोसेवा समिति हमीरपुर द्वारा 11 से 17 मार्च तक द्वारिका धाम गुजरात में सात दिन का सनातन धर्म का प्रचार एवं गोसेवा का महत्व पर शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश से 165 गोभक्त जा रहे हैं। 11 मार्च को प्रातः 10 बजे पूरे द्वारिका शहर में हिमाचल परिवेश में बड़ी धूमधाम से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें केंद्रीय पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय कामधेनू गोसेवा आयोग के चेयरमैन डॉ. वल्लभ भाई कथीरिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे तथा समापन समारोह में पूर्ण आहुति के लिए स्थानीय विधायक पमुवा वीरम भाई मानिक ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए बैठक आयोजित की गई, जिसमें जागरण एवं योग व्यवस्था रणजीत सिंह गुलेरिया, भोजन व्यवस्था संजय कुमार, आवास व्यवस्था बलदेव धीमान, प्रचार एवं प्रसार प्रकाश भारद्वाज, वित्त व्यवस्था उत्तम ढटवालिया एवं सोम राज शर्मा व यात्रा प्रमुख रसील सिंह मनकोटिया को जिम्मेदारी दी गई है।

### आईटीआई में दी वित्तीय साक्षरता की जानकारी

**सुनील कुमार, हमीरपुर।** परमाणु अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक हमीरपुर ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देश पर आईटीआई हमीरपुर में महिला सशक्तिकरण वित्तीय साक्षरता पर एक समारोह का आयोजन किया। बैंक प्रबंधक हेमराज शर्मा ने बताया कि समारोह के दौरान आईटीआई छात्राओं को वित्तीय साक्षरता का महत्व बताया और साथ ही डिजिलाइजेशन के दौर में धोखाधड़ी से बचने के तरीकों को भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी, साथ ही बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आईटीआई प्रिंसिपल सुभाष चंद्र शर्मा, स्टाफ सुनीता देवी, मंजू वाला, अजय शर्मा व बैंक का स्टाफ उपस्थित रहा।

### डीएवी लझयाणी में विज्ञान मेले का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** डीएवी पब्लिक स्कूल लझयाणी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान सप्ताह मनाया गया। विज्ञान सप्ताह के अंतिम दिवस के अवसर पर विद्यालय में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम भोरंज शशिपाल शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। विज्ञान अध्यापकों के सहयोग से छात्रों द्वारा विज्ञान से संबंधित विभिन्न विषयों पर मॉडल प्रदर्शनी व गतिविधियां प्रस्तुत की गईं। मुख्य अतिथि और विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारतीय वैज्ञानिकों, विशेष रूप से प्रतिष्ठित भौतिक वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन की उपलब्धियों और योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज के वैज्ञानिक भविष्य में समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### सुजानपुर में प्लॉट की मार्किंग का कार्य शुरू

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। महाराजा संसार चंद की नगरी में सजने वाला राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव को लेकर उपमंडल अधिकारी नागरिक एवं मेला अधिकारी डॉक्टर रोहित शर्मा ने चौगान में प्लाटों की मार्किंग का कार्य शुरू करवा दिया है, जहां पर इन प्लाटों के आवंटित होने के बाद कारोबारी दुकानदार विभिन्न व्यवसाय करेंगे। प्रशासन को प्लाटों से तयबाजारी के रूप में लाखों रुपए का राजस्व इकट्ठा होगा जो भिन्न-भिन्न व्यवस्थाओं पर खर्च किया जाएगा। मेला अधिकारी डॉ. रोहित शर्मा व तहसीलदार प्रवीण ठाकुर ने इस दौरान चौगान का निरीक्षण किया।

### विज्ञान से मनुष्य को कई प्रकार की सुविधाएं : आरती

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने बच्चों को कहा कि विज्ञान का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। विज्ञान ने मनुष्य को कई प्रकार की सुविधाएं दी हैं। इस दौरान छठी कक्षा के आयान व आठवीं कक्षा की कुंजल और नौवीं कक्षा की शाशिका ने अपने विचार प्रकट किए। साइंस अध्यापक जीवन, सोनिका और पूजा ने बताया कि सीवी रमन द्वारा रमन इफेक्ट की खोज के लिए उन्हें फिजिक्स में नोबल पुरस्कार मिला था। छठी कक्षा की पंखुड़ी, सुहानी, इलेश, आरूष और सातवीं कक्षा की कुंजल, अन्वी, मानवी, अर्णव, आदर्श ने विभिन्न मॉडल्स की प्रदर्शनी लगाई। जीव विज्ञान अध्यापिका शीतल चौधरी ने बच्चों को इन मॉडल्स की मानव शरीर में भूमिका बारे विस्तार से बताया।

### जाड़-तरोटा सड़क के लिए 20 करोड़ मंजूर : रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के विधायक कैं. रणजीत सिंह ने बताया कि जो त्रासदी पिछले 3 साल पहले आई थी उसमें इतना भारी नुकसान हुआ था जिससे खड्डें व नाले भर गए थे जिसस गांव वासियों का भारी नुकसान होता है। इसके लिए मैंने अपनी निधि से प्रावधान कर दिया है, जिसमें जोल खड्ड, बनोहरा खड्ड, बाडू खड्ड व सद्दूई खड्ड व नालों में पड़ा मलबा उठा दिया जाएगा, जिससे आगे होने वाली बरसात में किसी को भी नुकसान नहीं होगी। विधायक ने बताया कि 10 लाख रुपए कलमहूनि सड़क के लिए दिए गए हैं। इसके उपरांत 50 लाख रुपए छत्रड़ सड़क के लिए और जाड़ तरोटा सड़क के लिए 20 करोड़ रुपए के बजट को स्वीकृति मिल चुकी है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए खूब सौगातें दे रहे हैं जिसके लिए मैं और विस क्षेत्र के लोग उनका धन्यवाद करते हैं।

## हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालक-परिचालक संघ की सरकार को चेतावनी

# मांगें न मानीं तो होगा चक्का जाम

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



हिमाचल पथ परिवहन निगम के हमीरपुर डिपो के चालकों-परिचालकों ने प्रदेश सरकार और निगम के प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी की।

हिमाचल पथ परिवहन निगम के हमीरपुर डिपो के चालकों-परिचालकों ने बस स्टैंड हमीरपुर में गेट मीटिंग कर प्रदेश सरकार और निगम के प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी की। चालक परिचालक संघ पिछले तीन दिन से गेट मीटिंग कर प्रदेश सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने का आग्रह कर रहे हैं। चालक परिचालक संघ के पदाधिकारियों ने शनिवार को भी गेट मीटिंग की व वितीय लाभ शीघ्र देने की मांग की।

चालक परिचालकों संघ के पदाधिकारियों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि 6 मार्च तक प्रदेश सरकार या प्रबंधन उनकी मांगों को पूरा नहीं करता है तो उसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी का निर्णय होगा, उसका पूरा अमल किया जाएगा। चालक परिचालक संघ हमीरपुर के अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 12 अक्तूबर को मुख्यमंत्री ने हिमाचल पथ परिवहन निगम को 50 करोड़ रुपए ओवर टाइम और 9 करोड़ रुपए मेडिकल बिल देने की घोषणा की थी कि दिसंबर माह तक यह राशि दे दी जाएगी, लेकिन नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि नए साल में मुख्यमंत्री से एक बार फिर मुलाकात की और 15 करोड़ देने का आश्वासन दिया।

उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को फिर से मुख्यमंत्री से मुलाकात की और राशि न आने के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी ने 19 फरवरी को हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम को नोटिस दिया है जिसमें लंबित मांगों को पूरा न करने पर 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने बताया कि हमारी मुख्य मांगें वितीय लाभ जो पेंडिंग पड़े हैं और जो वितीय विसंगति उसे दूर किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी ने 6 मार्च तक गेट मीटिंग कर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि यदि 6 मार्च तक सरकार या प्रबंधन उनकी मांगों को पूरा नहीं करता है तो रात्रि सेवा बंद करनी होगी और चक्का जाम करना होगा। गाड़ियों को बंद करने की नौबत आती है तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी क्योंकि हम नहीं चाहते कि हिमाचल की आम जनता हमारी वजह से परेशान हो।

यदि जनता परेशान होती है तो इसकी सारी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार के अड़ियल रवैये के कारण होगी क्योंकि हिमाचल पथ परिवहन निगम का कर्मचारी दिन-रात कड़ी मेहनत कर विभाग को कमा कर दे रहा है ताकि वितीय लाभ समय पर मिल सके। सरकार समय रहती हमारी मांगों को पूरा करती है तो हम सरकार और निगम का धन्यवाद करेंगे।

उन्होंने कहा कि निगम प्रबंधन और सरकार हर बार यही आश्वासन देते रहे कि 50 करोड़ दिसंबर से पहले दे देंगे और बाकी का 50 करोड़ मार्च से पहले दे देंगे। उन्होंने कहा कि मार्च माह के बाद परिवार के खर्चे इतने बढ़ जाते हैं जिसको पूरा करना हमारे वश में नहीं होता है। (अनंत ज्ञान)

## अप्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित लड़की के घर पहुंचे एसडीएम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- प्रशासन और सरकार की ओर से हरसंभव मदद का दिया भरोसा
- बीपीएल परिवार की लड़की के इलाज के लिए लाखों रुपए की आवश्यकता

गंभीर बीमारी अप्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित निकटवर्ती गांव मझोग सुल्तानी की एक 19 वर्षीय लड़की निशा शर्मा का कुशलक्षेम जानने तथा उसे प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद उपलब्ध करवाने के लिए एसडीएम संजीत सिंह शनिवार सुबह निशा के घर पहुंचे। इस दौरान एसडीएम ने निशा शर्मा और उनके अभिभावकों से बातचीत की तथा प्रशासन एवं प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

संजीत सिंह ने बताया कि परिजनों के अनुसार निशा शर्मा का पीजीआई चंडीगढ़ में इलाज चल रहा है। उसका बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया जाना है और इस पर 20 से 25 लाख रुपए तक खर्च हो सकता है। एसडीएम ने बताया कि निशा शर्मा बीपीएल परिवार से संबंध रखती है। उसके इलाज के लिए सभी संभावित संसाधनों से हरसंभव मदद की जाएगी। उन्होंने निशा के अभिभावकों से पीजीआई के डॉक्टरों से इलाज के खर्चे का एस्टीमेट लेने का आग्रह भी किया, ताकि इसके आधार पर आर्थिक मदद की व्यवस्था की जा सके। एसडीएम ने कहा कि आम लोग भी निशा शर्मा की आर्थिक मदद के लिए आगे आ सकते हैं और पंजाब नेशनल बैंक में उसकी खाता संख्या 0211001500059394 आईएफएससी कोड पीयूएनबी 0021100 में अंशदान कर सकते हैं।



## पटवारी और कानूनगो की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- बोले-जिला से स्टेट कैडर करने और वेतन विसंगति के चलते कैसे करें पटवारी काम

प्रदेश सरकार द्वारा पटवारी-कानूनगो का स्टेट कैडर करने को लेकर पटवार कानूनगो महासंघ की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। जिलेभर में लगभग 209 पटवार घरों में ताले लटके हैं जिसके कारण लोगों के कोई भी कार्य नहीं हो रहा है। पटवार एवं कानूनगो की अनिश्चितकालीन हड़ताल के बाद प्रदेश सरकार की ओर से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आई है।

शनिवार को भी पटवार एवं कानूनगो महासंघ जिला हमीरपुर ने इसी मुद्दे को लेकर जिला तहसील परिसर में अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की। प्रदेश सरकार ने पटवारी एवं कानूनगो का जिला स्तर से राज्य स्तर का कैडर किया है, उसका सभी पटवार एवं कानूनगो को नुकसान हो रहा है। इससे पहले जो भी पटवारी के पदों पर भर्ती की गई वह जिला कैडर के तहत की गई है, अब उन पटवारियों का कैडर कर दिया गया है, जिसका विरोध करते हैं। पटवार एवं कानूनगो महासंघ की जिला प्रधान मीना शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने हमारी मांगों पर गौर नहीं किया है।

उन्होंने बताया कि पटवार एवं कानूनगो के राज्य कैडर करने और पटवारियों की वेतन विसंगति को दूर करने की प्रमुख मांग है जिसके लिए हड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस निर्णय से जो पटवारी-कानूनगो पहले इन पदों पर सेवाएं दे रहे हैं उनकी पदोन्नती पर भी असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि हमारा सरकार से विनम्र अनुरोध है कि सभी उपयुक्त मांगों को शीघ्र पूरा करे ताकि लोगों को काम समय पर हो व लोग भी प्रभावित न हों। उन्होंने बताया कि जब तक स्टेट कैडर के निर्णय को वापस नहीं लिया जाता तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

## पुलिस कांस्टेबल भर्ती में दूसरे दिन 914 अभ्यर्थियों के हुए ग्राउंड टेस्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



- दूसरे दिन 1500 में से 1047 युवा पहुंचे भर्ती के लिए

पुलिस विभाग में 1226 पुलिस कांस्टेबलों के पदों को भरने की प्रक्रिया के दूसरे दिन शुक्रवार को बारिश के कारण 914 युवाओं का ग्राउंड टेस्ट नहीं हुए थे, जिनके शनिवार को आयोजित किए गए। ग्राउंड टेस्ट में 100 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, हाई जंप, लांग जंप का टेस्ट लिया गया।

बता दें कि शुक्रवार को जिले के 1500 युवाओं को बुलाया गया था लेकिन इनमें से 975 युवा ही भर्ती में भाग लेने के लिए पहुंचे जबकि 525 युवा भर्ती में भाग लेने के लिए नहीं पहुंचे। इसी प्रकार शनिवार को भी 1500 युवाओं को बुलाया गया था जिसमें 1047 अभ्यर्थी पहुंचे और 453 नहीं पहुंचे। इन 989 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। पुलिस कांस्टेबल के पदों की भर्ती भारतीय खेल प्राधिकरण साईं मैदान अणू में आयोजित की जा रही है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि हमीरपुर जिले में आयोजित आरक्षी पदों की भर्ती के लिए दूसरे दिन शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेने के लिए कुल 1500 पुरुष अभ्यर्थियों को बुलाया गया था जिनमें से कुल 1047 पुरुष अभ्यर्थी उक्त परीक्षा के लिए पंजीकृत हुए।

उन्होंने बताया कि जो अभ्यर्थी शुक्रवार को शारीरिक मानक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थेख उनके ग्राउंड टेस्ट शनिवार को लिए गए। अब रविवार के लिए 1500 युवाओं को ही बुलाया गया है।

## सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विधायक निधि, योजना मद, वित्त आयोग, मनरेगा व आवास जैसी योजनाओं बारे पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिनी सचिवालय नादौन में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जलाडी, कलूर, कोहला, बड़ा, चोड़ू, फस्टे, जीहन, बर्धियाड, बलडूहक, सपडोह, पुतडीयाल, रेल व कंदरोला पलासी पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इससे पहले मिनी सचिवालय नादौन में ही आयोजित समीक्षा बैठक में अमलेहड़, गौना, बसारल, भदरोल, भरमोटी खुर्द, बेला, करौर, कमलाह, कोटला चिलियां, मझियार,लाहड कोटलू, भूंपल व मण पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मचारियों के साथ बीडीओ नादौन निशांत शर्मा ने समीक्षा बैठक की तथा उन्हें सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने पर बल दिया।

## सीएम हेल्पलाइन व्हाट्सऐप चैटबोट से सुलझाएं समस्याएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एडीएम राहुल चौहान ने बताया कि 1100 नंबर पर उपलब्ध मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन को और प्रभावी बनाने तथा जनसमस्याओं का त्वरित निवारण सुनिश्चित करने के लिए व्हाट्सऐप चैटबोट भी शुरू किया गया है।

उन्होंने बताया कि अब 1100 नंबर के अलावा मोबाइल नंबर 9418601100 पर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व्हाट्सऐप चैटबोट सुविधा आरंभ की गई है। इसमें शिकायतकर्ताओं की ओर से फीडबैक देने का प्रावधान और प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाने की सुविधा भी प्रदान की गई है। एडीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व्हाट्सऐप चैटबोट के माध्यम से कोई भी नागरिक अपनी समस्या का त्वरित निवारण करवा सकता है। आम लोगों को इस आधुनिक एवं त्वरित सुविधा का लाभ उठाना चाहिए।

## टौणी देवी में लगातार बारिश से दुकान में घुसा पानी

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

टौणी देवी में बन रहे नेशनल हाईवे के सड़क बनाने का काम चला हुआ है, जिसके कारण दुकानदार सुशील की दुकान में पानी घुस गया है। इस कारण उसका नुकसान हो गया।

अस्पताल चौक के पास स्थित सुशील की दुकान में नेशनल हाईवे का पानी घुस गया, जिससे उसका नुकसान हो गया। सड़क का पानी बेसमेंट तक पहुंच गया । सुशील ने बताया कि यहां दोनों सिरे पर डंगे का काम चला हुआ है लेकिन सड़क का निर्माण व नालियों का काम चला हुआ है, लेकिन कार्य कंपनी द्वारा समय पर काम पूरा नहीं किया जा रहा है।

इस कारण उसे परेशानी झेलनी पड़ रही है। मेरी दुकान के आगे करीब बीस फुट डंगा नहीं लगाया गया। इसके अलावा कंपनी की भारी मशीनरी चलने से उनके दुकान के भवन की दीवारों में भी दरारें आ गई हैं। सुशील कुमार ने निर्माण कंपनी से मांग की है कि जल्द वह नालियों का काम पूरा करवाया ताकि उसको दोबारा नुकसान न हो। (अनंत ज्ञान)

### सनातन सेवा समिति बड़सर ने लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, भोटा।** सनातन सेवा समिति के सौजन्य से सलौनी में सातवां रक्तदान शिविर का आयोजन संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस शिविर म युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हिमाचल के गायक गायक वीरेंद्र शर्मा हिमाचली संस्कृति को संजोने में हमेशा आगे रहते हैं। संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जाते हैं।

## उपासना और छवि राम ने जीती मैराथन




'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना' के तहत मुंडखर स्कूल में मैराथन का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंडखर में बालिकाओं के अस्तित्व, सुरक्षा और सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए जन जागरूकता उतपन्न करने तथा जन समर्थन जुटाने के उद्देश्य से मैराथन का आयोजन किया गया।

मैराथन की अध्यक्षता उपमण्डल अधिकारी भोरंज शशी पाल शर्मा ने की। उपमण्डल-अधिकारी भोरंज ने अपने सम्बोधन में बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना महिलाओं के लिए कल्याणकारी सेवाओं के वितरण की दक्षता में सुधार करने में मदद कर रही है। इसका मुख्य उदेश्य लिंग आधारित लिंग चयनात्मक उन्मूलन को रोकना कन्या शिशू का उत्सव मनाना बालिकाओं की उत्तर जीविता और सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करना है।

मैराथन में महिला वर्ग में कक्षा छठी की छात्रा उपासना ने प्रथम स्थान, कक्षा सातवीं की छात्रा प्रेमवती ने दूसरा स्थान तथा कक्षा 8 की छात्रा पल्लवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं पुरुष वर्ग में कक्षा आठवीं के छात्र छवि राम ने प्रथम स्थान, कक्षा सातवीं के छात्र सुनील कुमार ने दूसरा स्थान तथा कक्षा 6 के छात्र विनय कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन सभी विजेताओ को उपमंडलाधिकारी भोरंज शशी पाल शर्मा ने स्मृति चिन्ह, मेडल व प्रतिभागी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस आयोजन में बाल विकास परियोजना अधिकारी रवि दत, सांख्यिकी सहायक सुनील कुमार वृत्त पर्यवेक्षक जमली अभिषेक, पोषण समन्वयक अक्षय महाजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुंडखर के प्रधानाचार्य के धन्यवाद सहित संपन्न हुआ तथा प्रतिभागियों में फल वितरित किए गए।

## सीएम होली मेले से पहले मांगें पूरी करें, नहीं तो करेंगे प्रदर्शन: भाजपा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू होली मेले के शुभारंभ पर सुजानपुर आएंगे। उनके यहां आने पर सुजानपुर भाजपा भी स्वागत करेगी, लेकिन मेले में आकर झूठी घोषणाएं न करें, क्योंकि 2 वर्ष पहले उनके द्वारा होली में लेकर दौरान की गई घोषणाएं अभी तक पूरी नहीं हुई है। ऐसा करेंगे तो उनका विरोध होगा। यह बात सुजानपुर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं टौणी देवी भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा ने प्रेस वार्ता में कही।

प्रो. विक्रम राणा ने कहा कि 2 वर्ष बीत गए, लेकिन वे घोषणाएं आज तक पूरी नहीं हुई। न तो शहर में दोनों डिवीजन चालू हुए, न ही सिविल हॉस्पिटल 50 से 100 बेड का हुआ, न ही टौणी देवी में कॉलेज खोला गया और न ही सुजानपुर के प्राइमरी स्कूल स्थित भूमि पर बस स्टैंड का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया। इसलिए मुख्यमंत्री इस बार जब सुजानपुर में आएं तो वह इन झूठी घोषणाओं को याद रखें और इन्हें पूरा करने के बाद ही कोई और घोषणा करें।

भाजपा नेता ने कहा कि 5 मार्च को सुजानपुर शहर में पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र राणा की अगवाई में आक्रोश रैली निकाली जा रही है। यह रैली सुजानपुर में मुख्यमंत्री द्वारा झूठी घोषणा करने के संदर्भ में है। एसडीएम को एक ज्ञापन भी दिया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नेता सुधीर भटनागर, जोगिंदर ठाकुर, लेखराज ठाकुर, ज्योति प्रकाश सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसवंत ठाकुर भी उपस्थित रहे।

**आयोजन** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष पर जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

## छात्र महान वैज्ञानिकों से प्रेरणा लेकर बढ़ें आगे: शर्मा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जवाहर नवोदय विद्यालय डुंगरी हमीरपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े जोश और उत्साह के साथ शनिवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेरी हमीरपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक (पोमोलॉजी विभाग) एसके शर्मा, सीबीएसई परीक्षक धनश्याम रहे जबकि विद्यालय के प्राचार्य विक्रम कुमार, उपप्राचार्य समरजीत भाटिया और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

छात्रों और शिक्षकों ने भारत के महान वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता सर सीवी रमन के योगदान को याद किया। विशेष रूप से भौतिकी के क्षेत्र में उनके कार्यों को सराहा गया। समारोह का शुभारंभ विज्ञान प्रदर्शनी से शुरू हुआ। इस अवसर पर छात्रों ने पोस्टर प्रतियोगिता व विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया। मुख्य अतिथि छात्रों के वैज्ञानिक स्वभाव और कलात्मक प्रतिभा दोनों को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। विज्ञान प्रदर्शनी को आगे बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन किया इसके बाद मुख्य अतिथियों को बैज पहनाकर सम्मान किया।

सातवीं कक्षा के छात्रों द्वारा मधुर स्वागत गीत गाया। विद्यालय के प्राचार्य विक्रम कुमार ने मुख्य अतिथि के कार्यक्रम में आने की सराहना की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हमारे लिए विज्ञान के महत्व को समझने और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का अवसर है। विज्ञान न केवल हमारे जीवन को आसान बनता है बल्कि समाज की प्रगति में भी अहम भूमिका निभाता है।

इस के बाद अतिथि धनश्याम ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए विद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उनके शब्दों से छात्रों ने विज्ञान न केवल एक विषय के रूप में बल्कि जीने के जुनून के रूप में विज्ञान के बारे में अपनी बेहतर समझ को बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसके शर्मा ने कहा कि महान वैज्ञानिकों के कार्यों से प्रेरणा लेकर नवाचार और शोध की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने सभी छात्रों का आहवान किया कि वे विज्ञान के क्षेत्र में गहरी रुचि रखें और नवाचार और शोध कार्य में अपना भविष्य बनाएं। इसके बाद राजेश कुमार पीजीटी भौतिक विज्ञान ने विज्ञान प्रदर्शनी और क्षेत्रीय विज्ञान कांग्रेस के प्रतिभागियों और विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता में भी विभिन्न स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विज्ञान शिक्षिका रमा शर्मा, भौतिक शास्त्र प्रवक्ता राजेश कुमार, जीव विज्ञान प्रवक्ता अंजना कुमारी, रसायन विज्ञान प्रवक्ता नवीन, समाज सामाजिक विज्ञान शिक्षक अभिषेक तोमर का विशेष योगदान रहा।

**OFFICE OF THE SUB DIVISIONAL OFFICER (CIVIL) -CUM-MELA OFFICER SUJANPUR DISTIRCT HAMIRPUR (H.P)**

**Tender Notice**

Open auction is invited by **The Sub Divisional officer (Civil)-Cum-Mela Officer Sujanpur District Hamirpur HP** from registered firms, proprietor ship firms, company/ corporation/ cooperative society or any legal entity or from an individual for the **"Letting out space in Chaugan at Sujanpur for Tambola during National Level Holi Utsav-2025"**.

Prescribed open auction forms can be received from office of SDO (Civil) Sujanpur District Hamirpur HP.

Open auction will be opened on 05-03-2025 at 01:00 PM. The cost of Open auction form document (non-refundable) of Rs. 1,000/- which can be deposit in shape of DD and Cash. Earnest money deposit of Rs. 50,000/- for the "Letting out space for Tambola during National Level Holi Utsav-2025" in the **form of FDR pledged in favour** of SDO (Civil)-cum Mela Officer Sujanpur.

The SDO (Civil)-Cum-Mela Officer Sujanpur reserves right to reject any or all offers without assigning any reason.

**(Dr. Rohit Sharma, HAS)**
**Sub Divisional Officer-Cum**
**Mela Officer Sujanpur**
**District Hamirpur HP**

## न्यूज ब्रीफ

### नशे में टल्ली चपरासी ने सरकाघाट अस्पताल में मचाया हुड़दंग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट नागरिक अस्पताल में एक चपरासी ने नशा करके ड्यूटी पर पहुंचा और खूब हुड़दंग मचाता रहा और महिला व पुरुष कर्मचारियों से बहुत बदतमीजी ही नहीं की, बल्कि हिंसक भी हो गया। महिला नर्सों के साथ-साथ सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट कर गाली-गलौज करते हुए बदतमीजी करने लगा। काफी समझाने पर भी वह नहीं माना तो एसएमओ व महिला



स्टाफ की शिकायत पर पुलिस ने चपरासी प्रताप सिंह पुत्र जंथराम गांव मैंहरा कुसरी को गिरफ्तार कर नागरिक सुरक्षा सहिंता के अंतर्गत आईपीसी की धारा 126, 170 बी के तहत मामला दर्ज कर चपरासी का मैडिकल करवाकर ब्लड सैंपल लिए गए जो जांच के लिए भेज दिए गए हैं। इस मामले की पुष्टि एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे कल उपमंडल अधिकारी नागरिक की कोर्ट में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### करंट से व्यक्ति की मौत, हिमाचल परिवहन की बस भी हुई प्रभावित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग कालका-शिमला-5 पर शुक्रवार देर रात करीब डेढ़ बजे एक हादसा हुआ जब सड़क पर गिरी बिजली की तारों से चिंगारियां निकल रही थीं। इसी दौरान हरिद्वार से शिमला जा रही हिमाचल परिवहन की एक चलती बस इन तारों के संपर्क में आ गई। इससे बस के दोनों अगले टायर फट गए। इस हादसे के दौरान एक व्यक्ति को करंट लगने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर परवाणू पुलिस थाने से पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जहां एक एचआरटीसी की बस खड़ी मिली, जो हरिद्वार से शिमला जा रही थी। सड़क पर टूटी हुई बिजली की तारें पड़ी थीं और बस के सामने एक व्यक्ति अचेत अवस्था में गिरा हुआ था। गनीमत यह रही कि बस में सवार यात्रियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। पुलिस ने पाया कि सड़क पर गिरा व्यक्ति झुलसा हुआ था जो अम्बाला से परवाणू जा रहा था। पुलिस टीम ने घायल व्यक्ति को उपचार के लिए ईएसआई अस्पताल परवाणू भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान परशुराम साह निवासी वार्ड नं. 13, कुडिया रामपुरवा, जोगापटटी, जिला पश्चिमी चम्पारण, बिहार के रूप में हुई है।

### पांवटा साहिब में 102 प्रतिबंधित कैप्सूल समेत आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन)।** सिरमौर जिला के पोंटा उपमंडल में पुलिस ने 102 नशीले और प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नीटू शर्मा पुत्र तोता राम निवासी सर, जिला सिरमौर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पांवटा साहिब पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी नीटू शर्मा के पास नशीले कैप्सूल हैं। पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड के पास आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 102 नशीले कैप्सूल बरामद किए। इस मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है

# सीएम सुक्खू ने किया 'मेरे शहर के 100 रत्न' योजना का शुभारंभ

## 6800 विद्यार्थियों को मिलेगी प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग

**अनंत ज्ञान, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को 'मेरे शहर के 100 रत्न' कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसके तहत हिमाचल प्रदेश के 6800 मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। इस पहल के तहत क्रैक एकेडमी 34 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 100 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से न केवल राज्य के विद्यार्थियों को उच्चस्तरीय शिक्षा एवं मार्गदर्शन मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि क्रैक अकादमी प्रदेश में 90 से अधिक कोचिंग सेंटर स्थापित करेगी, जिससे 5000 लोगों को प्रत्यक्ष और हजारों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत निष्पक्ष चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें कक्षा 6 और उससे ऊपर के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रत्येक क्षेत्र से शीर्ष 100 विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग मिलेगी, जबकि अगले 200 विद्यार्थियों को 75 प्रतिशत और उसके बाद के 500 विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत शुल्क छूट दी जाएगी।

इस पहल को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार क्रैक अकादमी को पूरा सहयोग देगी। शिक्षा विभाग परीक्षा संचालन की निगरानी करेगा, जबकि एकेडमी टेस्ट पेपर तैयार करेगी।

### ज्वालामुखी से हुई शुरुआत अब पूरे प्रदेश में विस्तार

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि यह पहल सबसे पहले कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में प्रारंभ की गई थी, वहां 50 स्कूलों के विद्यार्थियों ने इस योजना के तहत परीक्षा दी थी, जिसके बाद चयनित 220 विद्यार्थियों को योग्यता आधारित कोचिंग दी जा रही है। अब इस कार्यक्रम का विस्तार पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को योजना के प्रति जागरूक करने के लिए एक मेगा अभियान भी शुरू किया। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रदेश के होनहार विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उत्कृष्ट कोचिंग देने के साथ-साथ राज्य की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि क्रैक अकादमी शिमला के ऐतिहासिक रिज पुस्तकालय के जीर्णोद्धार एवं रखरखाव के लिए 1.5 करोड़ रुपए का निवेश करेगी।


# ट्राइबल में नौकरी का अनुबंधकाल भी सामान्य कार्यकाल में गिना जाएगा

**पुष्पेंद्र, शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने अनुबंध काल को जनजातीय अथवा कठिन क्षेत्र में सामान्य कार्यकाल के लिए न गिने जाने पर कड़ी टिप्पणी की है। न्यायाधीश संदीप शर्मा ने कठिन अथवा जनजातीय क्षेत्र में अनुबंध काल को भी सामान्य कार्यकाल के लिए गिने की व्यवस्था दी है, ताकि उक्त स्थानों से कर्मचारी अपने पसंदीदा स्थानों पर अपना तबादला करवाने के लिए पात्र हो सके।

कोर्ट ने कठिन क्षेत्र में सेवाएं देने के बाद सामान्य क्षेत्र के लिए स्थानांतरण के आदेश की मांग वाली याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि स्थानांतरण नीति में यह नहीं कहा गया है कि कर्मचारी का केवल नियमित सेवा वाला कार्यकाल ही जनजातीय अथवा कठिन क्षेत्र में सामान्य कार्यकाल के लिए गिना जाएगा। सरकार की दलील थी कि याचिकाकर्ता की पहली नियुक्ति फरवरी 2022 में अनुबंध के तौर पर कठिन क्षेत्र में की गई थी और उसे दो साल का अनुबंध पूरा होने पर नियमित किया गया है। इसलिए उसकी नियमित नियुक्ति को ताजा नियुक्ति मानते हुए उसे तबादला नीति के तहत कठिन क्षेत्र में दो सर्दियां और तीन गर्मियां काटनी होंगी।

### प्रार्थी काट चुका है कठिन क्षेत्र में दो सर्दियां और तीन गर्मियां




प्रार्थी का कहना था कि उसने अनुबंध काल के दौरान यह शर्त पूरी कर ली है और पसंदीदा स्थान पर तबादले के लिए उसने शिक्षा विभाग के समक्ष प्रतिवेदन भी दिया है। प्रार्थी ने मांग की कि विभाग को उसके प्रतिवेदन पर निर्णय लेने के आदेश जारी किए जाएं। कोर्ट ने प्रार्थी की मांग को स्वीकारते हुए शिक्षा विभाग को आदेश दिए कि वह कोर्ट द्वारा की गई उपरोक्त व्यवस्था और तबादला नीति को ध्यान में रखते हुए प्रार्थी के प्रतिवेदन पर कोई उचित निर्णय ले। (अनंत ज्ञान)

# विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर रजनी पाटिल ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राज्य सभा सांसद एवं हिमाचल कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल शनिवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय पहुंची। उन्होंने हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से शिष्टाचार भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने कार्यालय कक्ष में शॉल व गुलदस्ता देकर पाटिल का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हुई।

गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी बनने के पश्चात रजनी पाटिल का यह प्रदेश का पहला दौर था तथा वह इस दौरे के दौरान कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं से मिल रही हैं। इस अवसर पर कुलदीप पठानिया ने आगामी बजट सत्र तथा अन्य कई महत्वपूर्ण विषय पर कांग्रेस प्रभारी के साथ संवाद किया। पठानिया ने पाटिल के साथ पीठासीन अधिकारी से सम्मेलनों तथा अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रमंडल सम्मेलनों के बारे में विस्तृत चर्चा की तथा हिमाचल प्रदेश राज्यों के परिपेक्ष्य में उसे होर लाभ के बारे में भी जानकारी साझा की।

# हिमाचल भाजपा में बगावत, पूर्व मंत्री धवाला ने खड़ा किया समानांतर संगठन

**शिव गुलेरिया, देहरा**



हिमाचल प्रदेश में भाजपा के भीतर गहराता असंतोष अब खुलकर सामने आ गया है। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता रमेश धवाला ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंकते हुए 'असली भाजपा' के नाम से समानांतर संगठन की घोषणा कर दी है।

शनिवार को देहरा में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रमेश धवाला ने पार्टी के मौजूदा नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं ने भाजपा संगठन को हाईजैक कर लिया है और समर्पित कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश के असंतुष्ट नेताओं को साथ लेकर समानांतर संगठन खड़ा किया जाएगा और आगामी चुनावों में अपने उम्मीदवार उतारे जाएंगे। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा इस संकट से कैसे निपटती है और धवाला की यह बगावत हिमाचल की राजनीति में क्या नया मोड़ लाती है।

धवाला ने ढलियारा मंडल से सुरेंद्र ठाकुर और हरिपुर मंडल से चौधरी मनी राम को 'असली भाजपा' का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला यहीं नहीं रुकेगा, बल्कि आने वाले दिनों में अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी समानांतर संगठन के पदाधिकारी बनाए जाएंगे। धवाला ने पार्टी नेतृत्व पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हम 40 सालों से भाजपा के लिए काम कर रहे असली कार्यकर्ता हैं, लेकिन अब बाहरी लोग पार्टी पर कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हिमाचल में कांग्रेस से आए नेताओं को भाजपा में प्रमुख स्थान दिया जा रहा है, जबकि पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया जा रहा है।

उन्होंने पूर्व निर्दलीय विधायक होशियार सिंह पर भी निशाना साधा, जिनकी हाल ही में भाजपा में एंट्री हुई है। उन्होंने कहा कि जो नेता पहले भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ा, उसे पार्टी में सम्मान दिया जा रहा है, जबकि हमने कभी पार्टी विरोधी गतिविधियों में भाग नहीं लिया, फिर भी हमें नजरअंदाज किया जा रहा है। धवाला के इस कदम से हिमाचल भाजपा में भारी उथल-पुथल मच गई है। कई पुराने कार्यकर्ता इस घटनाक्रम पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

# सुंदरनगर में अवैध अंग्रेजी शराब की 350 पेटियां पकड़ीं

**उमेश, सुंदरनगर**



पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने अवैध शराब के खिलाफ जारी अपने विशेष अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान ट्रक से अवैध अंग्रेजी शराब की 350 पेटियां बरामद की है।

मामले में पुलिस टीम ने शनिवार तड़के तीन बजे क्षेत्र के चमुखा के नजदीक फोरलेन पर नाके के दौरान इस कार्रवाई को अमल में लाया है। इस अवैध शराब के जखीरे को बिलासपुर की ओर से तस्करी कर मंडी व कुल्लू जिला में विभिन्न स्थानों पर सप्लाई करने को लेकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई आरंभ कर दी है और मामले में पुलिस थाना सुंदरनगर में एफआईआर दर्ज की है। बरामद शराब की कीमक करीब 30 लाख रुपए बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर शनिवार तड़के चमुखा में नाका लगा कर बिलासपुर की ओर से आ रहें एक ट्रक को जांच के लिए रोका। ट्रक की तलाशी के दौरान उसके कार्गो बेड में 350 पेटी विभिन्न अंग्रेजी ब्रांड की शराब की बरामद की गई। पुलिस ने जब चालक से शराब का परमिट व लाइसेंस मांगा गया तो वह उसे पेश करने में विफल रहा। इस पर पुलिस ने चालक सुनील कुमार (43) पुत्र राम लाल निवासी मल्थेड़ डाकघर रत्ती तहसील बल्ह को हिरासत में और शराब व ट्रक को कब्जे में लेकर खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

# तिब्बती मामलों में चीन के हस्तक्षेपों को रोकने के लिए पड़ेगी 17वें करमापा की जरूरत

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

मैक्लोडगंज सहित विश्व भर में तिब्बती नव वर्ष लोसर की शुरुआत हो चुकी है। देशभर में बौद्ध दर्म को मानने वाले लोग इसे बड़े धूमधाम के साथ मना रहे हैं। तिब्बतियों ने अपने इस त्योहार में तिब्बत में भूकंप पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाई गई।

मैक्लोडगंज में आयोजित इस समारोह में बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा अनुपस्थित रहे हैं। ऐसे में उनके अगले उत्तराधिकारी को लेकर भी चर्चाएं अब जोरों पर हैं। तिब्बती कार्यकर्ता और लेखक तेनजिन त्युंडुए के अनुसार दलाईलामा ने कहा है कि वह अपने पुनर्जन्म के बारे में लिखित संदेश छोड़ेंगे। हालांकि, जब तक अगला दलाईलामा नहीं मिल जाता, तब तक हमें चीन को हमारे धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने से रोकने के लिए 17वें करमापा जैसे आध्यात्मिक नेता की जरूरत पड़ेगी। दलाईलामा पहले भी कह चुके हैं कि उनका उत्तराधिकारी तिब्बत से बाहर पैदा होगा। वह एक महिला भी हो सकती है।

तिब्बती संसद में सांसद रह चुकी ल्हाग्यरी नामग्याल डोल्कर ने कहा कि दलाईलामा के जाने के बाद सिर्फ राजनीतिक नेतृत्व को ही इस खालीपन को भरना होगा। उन्होंने कहा कि 17वें करमापा उग्येन त्रिनले दोरजे को दलाईलामा का उत्तराधिकारी माना जाता है, हालांकि वह मई साल 2017 से विदेश में रह रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक भारत सरकार उन्हें वापस लाने के लिए इच्छुक है, लेकिन वह नहीं आ रहे हैं। तिब्बती समाज के लोग भी चाहते हैं कि करमापा भारत आए और दलाई लामा के उत्तराधिकारी बनें। (अनंत ज्ञान)

# विकसित भारत निर्माण में डिजिटल इंडिया और यूपीआई की भूमिका अहम : अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने एक निजी कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि मोदी के वर्ष 2027 तक विकसित भारत निर्माण में डिजिटल इंडिया व यूपीआई की भूमिका बहुत अहम रहने वाली है।



उन्होंने शिमला से जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वर्ष 2047 विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प रखा है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी भारतवासी अपनी क्षमता के अनुरूप सहयोग दे रहे हैं। आज तकनीकी के दौर में बहुत कम लोग होंगे जो डिजिटल इंडिया और यूपीआई से अछूते होंगे और विकसित भारत निर्माण में डिजिटल इंडिया और यूपीआई की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाली है।

डिजिटल इंडिया की शुरुआत एक जुलाई 2015 को भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलने के उद्देश्य से की गई थी। डिजिटल इंडिया सेवाओं की डिजिटल डिलीवरी, डिजिटल अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों के विस्तार के माध्यम से सभी नागरिकों के जीवन में सुधार कर रहा है। कांग्रेसी नेता एक समय यूपीआई और डिजिटल इंडिया का मजाक उड़ाते थे, आज अब वही डिजिटल इंडिया आम आदमी की ताकत बन चुकी है।

### डिजिटल क्षेत्र में अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

आज हर कोई यूपीआई से लेन-देन कर रहे हैं। कांग्रेसी भारत की जनता की क्षमता पर संदेह करते थे, उनका मजाक उड़ाते थे। प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप छोटे व्यापारी, छोटे उद्यमी, फिर लोकल कलाकार, या कारीगर हों, डिजिटल इंडिया ने सबको मंच दिया है। अनुराग ने कहा कि भारत के वित्तीय प्रौद्योगिकी परिदृश्य में हो रहे बदलावों का सामाजिक स्तर पर गहरा असर हो रहा है।

### डिजिटल प्लेटफार्म में लगातार की तरक्की

**मोदी** सरकार द्वारा वर्ष 2016 में लॉन्च किया गया यूपीआई वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा डिजिटल लेन-देन प्लेटफॉर्म बन गया है। जनवरी महीने में पहली बार यूपीआई ट्रांजेक्शन 16.99 बिलियन से अधिक हुआ और मूल्य 23.48 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया, जो किसी भी महीने में दर्ज की गई सबसे बड़ी संख्या है।

### यूपीआई पहुंचा रहा दूसरे देशों तक फायदा

**जनवरी** तक 80 से अधिक यूपीआई ऐप (बैंक ऐप और थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर) और 641 बैंक वर्तमान में यूपीआई इकोसिस्टम पर लाइव हैं। यूपीआई पूरी दुनिया के लिए वित्तीय समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बने, इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा।

# धार्मिक भावनाओं को भड़का कर राजनीति रोटियां सेंक रही भाजपा सरकार : धर्माणी

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खु द्वारा प्रदेश के बड़े मंदिरों में चढ़ने वाले चढ़ावे को सरकारी कोष में जमा करवाने के दिए निर्देश के मामले पर लगातार सियासत गरमाती जा रही है। एक ओर जहां पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंदिर के चढ़ावे के सहारे प्रदेश की कांग्रेस सरकार चलने की बात कही थी। तो वहीं, अब तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने पूर्व सीएम के बयान पर पलटवार करते हुए धार्मिक भावनाओं को भड़का कर राजनीति लाभ लेने का भाजपा नेताओं पर आरोप लगाया है।

गौरतलब है कि धर्माणी घुमारवीं स्थित खंड विकास कार्यालय पहुंचे थे, जहां उन्होंने पिछले एक माह के भीतर घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर घुमारवीं में हुए विकास कार्यों की प्रोग्रेस रिपोर्ट को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ उन्होंने बैठक की है और अगले एक माह में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी अगली बैठक में देने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।



उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं की कार्यशैली रही है कि किसी न किसी तरीके से धार्मिक मामलों को भड़का कर राजनीति लाभ लिया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान भी प्रदेश के बड़े मंदिरों के ट्रस्ट सीएम रिलीफ फंड में पैसा देते आएं है और अब वर्तमान सरकार अनाथ बच्चों के विकास के लिए मंदिर ट्रस्ट से अनुदान मांग रही है जो कि कोई सरकार की योजना नहीं है, बल्कि सुखाश्रय कोष में योगदान देने की अपील की गई है।

वहीं, धर्माणी ने कहा कि यह न तो धार्मिक मुद्दा है और न ही राजनीतिक मुद्दा है, बल्कि श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों में चढ़ाया जाने वाला चढ़ावा अगर अनाथ बच्चों के भविष्य को सुदृढ़ करने के लिए इस्तेमाल होता है तो इससे श्रद्धालु खुश होंगे, इसीलिए भाजपा नेताओं के पास कोई मुद्दा नहीं है तो वे धार्मिक भावनाओं को भड़का कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने का काम कर रही है जो कि सरासर गलत है। (अनंत ज्ञान)

# कंबोडिया-सिंगापुर शैक्षणिक दौरे पर मेधावी छात्रों को भेजने की पहल बटोर रही सुर्खियां!

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों के मेधावी छात्रों को कंबोडिया और सिंगापुर के शैक्षणिक दौरे पर भेजने की राज्य सरकार और समग्र शिक्षा हिमाचल की ऐतिहासिक पहल देशभर में सुर्खियां बटोर रही है। यह पहली बार है जब किसी राज्य ने सरकारी स्कूलों के छात्रों को अंतरराष्ट्रीय भ्रमण पर भेजकर इतिहास रचा है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इस पहल की सराहना करते हुए इस दौरे की तस्वीरें अपने अधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक और एक्स हैंडल पर साझा की हैं। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि नई शिक्षा नीति छात्रों को विदेशों में शैक्षणिक और सांस्कृतिक अनुभव देने पर जोर देती है। इसी दिशा में, हिमाचल के कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों को इस विशेष शैक्षणिक यात्रा पर भेजा गया। इसका उद्देश्य छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा, विभिन्न संस्कृतियों और वैश्विक दृष्टिकोण से जोड़ना है, जिससे वे अपने ज्ञान को और समृद्ध कर सकें। हिमाचल सरकार और समग्र शिक्षा हिमाचल ने मेधावी छात्रों को अंतरराष्ट्रीय दौरे पर भेजकर एक नया इतिहास रचा।

यात्रा के दौरान छात्रों ने वहां की प्राचीन धरोहरों और सांस्कृतिक विरासत को नजदीक से देखा और समझा और छात्रों ने शिक्षा प्रणालीके बारे में भी जानकारी प्राप्त की। (अनंत ज्ञान)

### शैक्षणिक भ्रमण की तस्वीरें साझा कर सराहना करना गौरव की बात : राजेश

**समग्र** शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने कहा है कि हिमाचल सरकार ने देश में पहली बार सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा है। इस ऐतिहासिक पहल को शिक्षा मंत्रालय ने भी सराहा है। हिमाचल के लिए यह गौरव की बात है कि शिक्षा मंत्रालय ने इन विद्यार्थियों के दौरे की तस्वीरें अपने आधिकारिक फेसबुक पेज और एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर साझा कर इसकी प्रशंसा की है।

**आश्वासन** प्रदेश सरकार राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता लाने को दे रही सर्वोच्च अधिमान : शिक्षा मंत्री

# प्रदेश में भरे जाएंगे टीजीटी के 937 और जेबीटी के 1762 पद

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज यहां बताया कि राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग से सीधी भर्ती के आधार पर टीजीटी (कला, मेडिकल और नॉन-मेडिकल) के 937 पदों को भरने के लिए आग्रह किया है। ये पद अनुबंध के आधार पर भरे जाएंगे।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने जेबीटी (जूनियर बेसिक प्रशिक्षित) अध्यापकों के 1295 पदों को सीधी भर्ती के माध्यम से अनुबंध के आधार पर भरने के लिए आग्रह किया है। इसके अलावा, आयोग को 467 पदों को भरने के लिए भी आग्रह किया गया है जो पूर्व सरकार द्वारा सृजित किए गए थे लेकिन भरे नहीं गए थे। राज्य सरकार द्वारा जेबीटी के कुल 1762 पदों को भरने का आग्रह किया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा रिक्त पदों को बैचवाइज आधार पर पहले ही भर दिया गया है। प्रदेश सरकार राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता लाने को सर्वोच्च अधिमान दे रही है। शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सभी शैक्षणिक संस्थानों में पर्याप्त संख्या में अध्यापकों की तैनाती



सुनिश्चित की जा रही है। सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप इस क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोल रही है, जहां सभी आधुनिक सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी, ताकि छात्र आत्मविश्वास के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के छात्रों में सीखने का स्तर सबसे अधिक है तथा शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक समय की मांग के अनुसार सुधार किए जा रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा हमेशा से इस पहाड़ी राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि वर्तमान में राज्य की साक्षरता दर 83 प्रतिशत से भी अधिक है, जबकि वर्ष 1971 में पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त करने के समय हमारी साक्षरता दर मात्र 7 प्रतिशत थी।

वर्तमान प्रदेश सरकार ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न सुधारात्मक कदम उठाए हैं। इन प्रयासों के उत्साहजनक परिणाम देखने को मिल रहे हैं और हाल ही में जारी राष्ट्रीय रिपोर्ट में भी इसकी पुष्टि हुई है।

# अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव-2025 मंडी



**छोटी काशी मंडी** में अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए विदेशी कलाकार।



अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव मंडी में मनमोहक प्रस्तुति देते हुए कलाकार।



**सेरी मंच** मंडी में कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए कलाकार।

मंडी में ब्यास नदी के किनारे अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में ब्यास आरती करते हुए काशी के पंडित।





छोटी काशी मंडी में महाशिवरात्रि महोत्सव में शिरकत करने पहुंचे देवी-देवता।

छोटी काशी मंडी में अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में पंक्तिबद्ध बैठे देवी-देवता, मानो स्वर्ग यहीं उतर आया हो।





अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं स्थानीय महिला कलाकार।



सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं स्कूली छात्राएं।



वाद्य यंत्रों के साथ पड्डल मैदान में भक्तों को दर्शन देते हुए एक देवता।

(सभी फोटो अनिल शर्मा, मंडी)



उझी घाटीः दुआड़ा में बर्फ से बनाई गई भोलेनाथ की प्रतिमा।

## कुल्लू



**महाशिवरात्रि**
पर्व पर मक्खन से बनी बिजली महादेव की पिंडी।



सोलन जिला मुख्यालय के नजदीक शिव ढांक एक ऐसा मंदिर है, जहां पत्थर को थपथपाने से डमरू की आवाज निकलती है। महाशिवरात्रि के मौके पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। अगले दिन यहां पर विशाल भंडारे का आयोजन होता है।

## सोलन



सोलन में महाशिवरात्रि पर भंडारे में पूड़े-चटनी का प्रसाद परोसा जाता है। इसके अलावा खास मौके पर भी सोलन में पूड़े बनाने का रिवाज है।

## शिमला



शिमला की ऐतिहासिक धरोहर बैंटनी कैसल।

## कुल्लू



कुल्लू घाटी की प्रसिद्ध झील सरयोलसर के रास्ते में जलोड़ी पास बंजार में बना एक **प्यारा सा अद्भुत आशियाना।**

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध खनन पर एक जेसीबी, दो टिप्पर जब्त

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना डमटाल के अंतर्गत एक जेसीबी तथा दो टिप्परों को अवैध खनन करने पर जब्त कर लिया गया है। जानकारी देते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि चैन सिंह निवासी मोहटली ने थाना डमटाल में एक रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी जमीन में वीकेएस स्टोन क्रशर मोहटली वाले अवैध माइनिंग कर रहे हैं। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए जब मौके पर पुलिस पहुंची तो देखा कि एक जेसीबी तथा दो टिप्परों से अवैध खनन के काम को अंजाम दिया जा रहा था। इनके पास खनन करने कोई भी कागजात मौजूद नहीं था। डीएसपी संजीव यादव ने बताया कि पुलिस जिला एसपी नूरपुर अशोक रत्न द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशानुसार पर अवैध खनन करने पर मामला दर्ज किया गया है और वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

### पटवारी एवं कानूनगो संघ की हड़ताल जारी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पटवारी एवं कानूनगो संघ फतेहपुर की कलम छोड़ो हड़ताल शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रही। तीसरे दिन फतेहपुर के पटवारी व कानूनगो संघ ने तहसील कार्यलय परिसर फतेहपुर में शांतिपूर्वक तरीके से कलम छोड़ो हड़ताल को जारी रखा। हड़ताल बारे संघ के प्रधान रछपाल सिंह ने बताया प्रदेश सरकार ने पटवारी व कानूनगो को प्रदेश कैडर में रखने के निर्देश जारी किए हैं, जिसके विरोध में अनिश्चियतकालीन कलम छोड़ो हड़ताल शुरू की गईं है। कहा इसके अतिरिक्त और भी कुछ मांगे है, जिनके पूरा न होने तक हड़ताल यथावत जारी रहेगी। इस मौके पर राजन कुमार, प्रदीप कुमार, करणवीर सिंह, रजिंद्र सिंह,जतिंदर सिंह, पंकज कुमार, रमन शर्मा, सुनील शर्मा, सुनील कुटलेहड़िया, शालिनी कौडल, अरुणा कुमारी, चंपा कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नीलेश्वर महादेव मंदिर में भंडारा 12 को

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी की हनुमान गली में स्थित नीलेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि महापर्व पर हर वर्ष की भांति इस साल 11मार्च रात को जागरण तथा 12 मार्च को 26वें विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। नीलेश्वर महादेव मंदिर कमेटी सदस्य कालीदास चौधरी ने समस्त शिव भक्तों से निवेदन किया है कि उक्त भंडारे में प्रसाद अवश्य ग्रहण करें।

### बारिश से बलाहरा स्कूल की चारदीवारी गिरी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शिक्षा खंड थुरल के अधीन आने वाले शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा की चारदीवारी तीन दिन लगाातर हुई भारी बारिश के कारण शनिवार सुबह गिर गई। गनीमत यह रही की उस समय स्कूल में प्रार्थना सभा चल रही थी। इस कारण कोई अनहोनी नही हुई। मुख्यायापक दुनी चंद ने कहा कि चारदीवारी के गिरने से लाखों का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके बारे में हमने शिक्षा खंड थुरल और शिक्षा विभाग को पत्राचार के माध्यम से सूचित कर दिया है। उन्होंने विभाग से जल्द से जल्द स्कूल में चारदीवारी लगाने के लिए धन का प्रावधान करने की भी अनुरोध किया है, ताकि बच्चे स्कूल में सुरक्षित रह सकें।

### बस चालक स्नेहा राणा को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** पंचरुखी में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों ने पंचरुखी क्षेत्र से संबंध रखने वाली जिला कांगड़ा की पहली बस चालक स्नेहा राणा का पंचरुखी चौक पर स्वागत किया व किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने शॉल व टोपी पहनाकर स्नेहा को सम्मानित किया। दर्जनों लोगों ने स्नेहा राणा को फूलमालाएं पहनाई और शगुन भी दिया। सब लोग स्नेहा के बुलंद हौसले व जज्बे की सराहना करते नजर आए। मनजीत डोगरा ने कहा कि स्नेहा राणा ने जिला कांगड़ा की पहली महिला बस चालक बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आज समस्त नारी जगत के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनी है। मंजीत डोगरा ने कहा कि महिलाओं की हर क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी से अर्थव्यवस्था के विकास का पहिया और भी तेजी से घूमेगा, इसलिए जरूरी हो जाता है कि नारी शक्ति समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़े। स्नेहा का सपना एचआरटीसी में नौकरी करने का है।



### व्यापारियों ने प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान इंदिरा गांधी स्टेडियम में मेले से दलदल बने ग्राउंड की प्रशासन द्वारा कोई भी सुध नहीं ली गई तो शुक्रवार को आखिरकार व्यापारियों के सब्र का बांध टूट गया। व्यापारियों ने एसडीएम कार्यालय प्रांगण में मेला ग्राउंड में अव्यवस्थाओं को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना है कि इंदिरा गांधी स्टेडियम में पूरा ग्राउंड भारी बारिश से दलदल बना हुआ है। उनका कहना है कि बैंकों से लोन लेकर वे मेले में दुकानें लगाने पहुंचे, मगर एक तरफ बाहरी बारिश ऊपर से किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध न होने पर यहां लोग तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से कहा कि हमारा पैसा वापस किया जाए हम वापस जाने को तैयार हैं। उनका यह भी कहना है कि प्रशासन एक बार भी हमारी दशा देखने नहीं पहुंचा। इस बारे एसडीएम जो छोटा भंगाल दौरे पर हैं, ने कहा है कि प्रशासन द्वारा नायब तहसीलदार को मौके पर भेजा है, ताकि ग्राउंड की दशा को सुधारा जाए। उधर, व्यापार मंडल के प्रधान मनोज कपूर ने प्रशासन से कहा है कि समय रहते ग्राउंड की दशा सुधारी जाए साथ में व्यापारियों को सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि बह खाली हाथ अपने घरों को न लौटें।

### डॉ. भारद्वाज 8 को ज्वालामुखी में करेंगे जनसभा

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** कांगड़ा-चंबा के सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज 8मार्च को ज्वालामुखी के रामाकृष्णा होटल में सुबह 10 बजे विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी ज्वालामुखी के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष चमन पुंडीर ने देते हुए बताया कि सांसद ज्वालामुखी में जनसभा को संबोधित करने के उपरांत 2 बजे मंडल खुंडियां में जनसभा को संबोधित करेंगे।

# चरस सहित पकड़े 3 दोषियों को 10-10 वर्ष का कारावास

## एक-एक लाख जुर्माना, एक दोषी उधमपुर व दो कुल्लू के

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (1) एवं विशेष न्यायाधीश (2 ) राजेश चौहान की अदालत ने 1 किलो 72 ग्राम चरस के साथ पकड़े तीन दोषियों को 10-10 साल कारावास व एक -एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।



जानकारी देते हुए सहायक लोक अभियोजक रविंद्र चौधरी ने बताया कि थाना पंचरुखी के अंतर्गत गांव डियोग्रां के पास 9 अक्तूबर, 2023 को जब पुलिस पार्टी ने नाका लगाया था, तब एक टाटा पंच कार नंबर जेके 14 जे 0887 को रोका गया तो तलाशी के दौरान डैशबोर्ड से 1 किलो 72 ग्राम चरस बरामद की गई। मामले में कार चालक अशोक निवासी उधमपुर, उसके साथ बैठे मुकंद लाल जिला कुल्लू व पीछे बैठे सोनू तहसील जरी, जिला कुल्लू को पकड़ा गया। मामले में सभी गवाहों के आधार पर अतिरिक्त न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश धर्मशाला की अदालत ने मुकंद लाल, सोनू व अशोक को 20,29 एनडीपीएस के तहत 10-10 साल की कैद व एक-एक लाख जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना न अदा करने पर 3 साल की अतिरिक्त सजा इन्हें भुगतनी पड़ेगी। इसके अलावा अशोक कुमार (25) मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 10 साल की कैद और 1 लाख रुपए जुर्माना की अतिरिक्त तथा सजा सुनाई गई है। इस मामले में कुल 15 गवाह कोर्ट में पेश हुए।

### 351 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़े 8 आरोपी

**पठानकोट।** पंजाब सरकार और डायरेक्टर जनरल पुलिस पंजाब के दिशा-निर्देशों के अनुसार नशे को जड़ से खत्म करने के लिए जारी किए गए निर्देशों का पालन करते हुए पठानकोट पुलिस द्वारा ड्रग तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया है। दलजिंदर सिंह ढिल्लों, पीपीएस, सीनियर कप्तान पुलिस पठानकोट ने प्रेस मीडिया से जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस विशेष अभियान के दौरान पठानकोट पुलिस ने नशे की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने 8 मुकदमे दर्ज कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर 351 ग्राम 100 मिलीग्राम हेरोइन, 22,430 रुपए ड्रग मनी, 8 मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल जब्त की है।

## सनातन को गाली देने वालों की नजर मंदिरों के चढ़ावे पर : रविंद्र धीमान

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने जारी प्रेस नोट में कहा कि मंदिरों का पैसा मांगने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण और पूरी तरह अस्वीकार्य है। एक तरफ सनातन का विरोध और मंदिरों को गालियां दी जा रही हैं। दूसरी तरफ मंदिरों के पैसे से सरकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों में मिली जीत पर इतराते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने सनातन विरोधी इरादे जाहिर कर दिए थे और देश भर में घूम-घूमकर कहा था कि हम 97 प्रतिशत हिंदुत्व वाली विचारधारा को हराकर आए हैं।



आज मुख्यमंत्री सुक्खू उन्हीं हिंदू के मंदिर में चढ़े चढ़ावे को लेने के लिए हाथ में कटोरा लेकर खड़े हैं। आज उन्हें अपनी सरकार की फ्लैगशिप स्कीमों के लिए मंदिरों में चढ़े चढ़ावे की आवश्यकता पड़ रही है। रविंद्र धीमान ने कहा कि प्रदेश में आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ कि सरकार द्वारा इस तरीके से मंदिरों की जमा पूंजी पर नजर लगाई गई हो। आपदा और आपात की परिस्थितियों के लिए प्रदेश के मंदिर हमेशा मदद करते आए हैं। लेकिन सरकार की द्वारा घोषित की गई बजट स्कीम्स के लिए मंदिरों पर दबाव बनाकर वसूली करना कभी नहीं हुआ।

रविंद्र धीमान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू अपने फ्लैगशिप स्कीम के तहत प्रचार कर रहे हैं। प्रदेशभर में सड़कों, चौराहों, पहाड़ों, नदी के किनारे-किनारे कांग्रेस सरकार की इन स्कीमों के विज्ञापनों की भरमार है। सरकार द्वारा इनके विज्ञापन पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन योजनाओं के लाभार्थियों के लिए सरकार ने कुछ भी नहीं किया है।

### हैप्पी बर्थडे



डरोह के राघव शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



हरोली के समर्थ को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### सालगिरह मुबारक



बंगाणा के राजपाल कुटलैहडिया एवं सरोज कुमारी को शादी की 30वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## आर्य महाविद्यालय नूरपुर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की धूम

**भूषण शर्मा, नूरपुर**



राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में शनिवार दिनांक 1 मार्च को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। इसमें उपमंडल अधिकारी गुरसिमर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने पहाड़ी नाटी, हरियाणवी नृत्य, देश भक्ति नाटिका, एकल गान, एकल नृत्य एवं गदियाली नृत्य की प्रस्तुतियां दी।

इसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने वार्षिक गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। वहीं, मुख्यातिथि ने गुणात्मक शिक्षा के साथ संस्कारयुक्त शिक्षा मुहैया कराने पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों का आह्वान किया कि वे लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें व प्रतिस्पर्धा के इस युग में कड़ी मेहनत करें। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय देहरी के प्राचार्य डॉक्टर सचिन कुमार, पीटीए के संयोजक तरसेम मन्हास व अध्यक्ष सुशील शर्मा, अनूप ठाकुर, ओएसए के अध्यक्ष स्वर्ण पठानिया, उपाध्यक्ष रणधीर गुलरिया व अन्य सदस्य, नगर परिषद अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, भूषण शर्मा व संजीव महाजन विशेष अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे। अंत में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. संजय जसरोटिया ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

### सीएसआईआर-आईएचबीटी ने मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर ने 28 फरवरी को अपने परिसर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को उत्साह के साथ मनाया। यह दिन सर सीवी रमन द्वारा 1928 में रमन प्रभाव की खोज करने के उपलक्ष में मनाया जाता है, जिसके लिए उन्हें वर्ष 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना' रहा। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी के डॉ. बैरी पोगसन, समारोह के मुख्यातिथि थे। उन्होंने फसल सुधार के लिए नई प्रजनन प्रौद्योगिकियों को उजागर किया। उन्होंने इनकी संभावनाओं और बाधाओं पर चर्चा की और बदलते पर्यावरण और बढ़ती जनसंख्या में प्रजनन प्रौद्योगिकियों की भूमिका पर जोर दिया। डॉ. ऋषिकेश भालेराओ, स्वीडिश अकैडमी ऑफ एग्रिकल्चर, स्वीडन, समारोह के सम्मानित अतिथि थे। उन्होंने विज्ञान में और अधिक निवेश एवं युवाओं को आकर्षित करने पर बल दिया। इससे पहले सीएसआईआर-आईएचबीटी के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने सबका स्वागत किया और राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति से वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनेगा भारत : डॉ. राजीव

**अनंत ज्ञान, जवाली**



कॉमेंट मनसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहपुर द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला कांगड़ा के कई स्कूलों ने भाग लिया। कार्यशाला का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर तथा सरस्वती वंदना द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल को सीबीएसई की ओर से संसाधन व्यक्ति के रूप में चुना गया । संसाधन व्यक्ति डॉ. राजीव सिंह निरयाल को सीबीएसई की ओर से विषय नेशनल एजुकेशन पॉलिसी पर प्रकाश डालने के लिए कहा गया।

डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल ने बताया कि नेशनल शिक्षा नीति का लक्ष्य प्री स्कूल से लेकर हाई स्कूल तक सभी को शिक्षा उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत में शिक्षा को बदलने पर ध्यान केंद्रित करती है, जो भारत को क्षमतामूलक और जीवंत ज्ञान समझने में सीधे योगदान देती है। यह शिक्षा नीति सभी को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करेगी जिससे भारत वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बन जाएगा। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी का दृष्टिकोण आगे आने वाले समय के हिसाब से तैयार किया गया है यह कोई रहस्य नहीं है कि नई शिक्षा नीति छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन उनके लिए इसका क्या मतलब क्या है यह समझना जरूरी है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी सीखने सिखाने की प्रक्रिया में बदलाव के लिए जानी जा रही है। इस एजुकेशन पॉलिसी से विद्यार्थी बेहतर परिणाम हासिल कर सकेंगे और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए तैयार होंगे। ये सारी चीजें उन्होंने गतिविधियों के जरिए समझाई। कार्यशाला के अंत में संसाधन व्यक्ति डॉ. राजीव सिंह निरयाल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### भवारना के 10 स्टूडेंट्स ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भवारना के 10 छात्र-छात्राओं ने समग्र शिक्षा के चलते अंतर जिला स्कूल ट्विनिंग कार्यक्रम के तहत 25 फरवरी से लेकर 1 मार्च तक पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डरोह का शैक्षणिक भ्रमण किया। भवारना स्कूल के वाणिज्य प्रवक्ता अवतार चंद व कला स्नातक अध्यापिका निशि ठाकुर भी चार दिन विद्यार्थियों के साथ रहे। कार्यक्रम के पहले दिन भवारना स्कूल के प्रधानाचार्य अजय भाटिया व रसायन विज्ञान प्रवक्ता अजय पटियाल भी साथ रहे। भ्रमण के दौरान बच्चों ने डरोह स्कूल में प्रार्थना सभा में भाग लिया। डरोह स्कूल के विद्यार्थियों ने भवारना स्कूल से आए विद्यार्थियों का स्वागत किया।

## फार्मेसी कॉलेज नगरोटा बगवां ने निकाली जन औषधि पदयात्रा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



राजकीय फार्मेसी कॉलेज नगरोटा बगवां में शनिवार को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत जन औषधि दिवस मनाया गया। गौरतलब है कि पहली मार्च से लेकर 7 मार्च तक जन औषधि सप्ताह मनाया जा रहा है। पहले दिन कॉलेज के विद्यार्थियों ने जन औषधि दवाइयों के प्रति जागरूकता लाने के लिए पदयात्रा निकाली, जिसमें 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर विनय ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को जन औषधि के बारे में जानकारी दी। हिमाचल प्रदेश के नोडल अधिकारी रोहित शर्मा ने बताया कि इस परियोजना का मकसद लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध करवाना है। परियोजना के अंतर्गत जन औषधि केंद्रों पर 2000 से ज्यादा दवाइयां उपलब्ध हैं। ये दवाइयां बाजार मूल्य से 50-80 प्रतिशत सस्ती हैं। पूरे प्रदेश में 1500 से अधिक जन औषधि केंद्र खुल चुके हैं। उन्होंने समारोह में शिरकत करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

### शिव मंदिर सुधेड़ में भंडारे का आयोजन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** कृपालेश्वरी महिला मंडल सुधेड़ द्वारा शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर शिव मंदिर सुधेड़ लोहारकडी में महिला मंडल प्रधान ममता धीमान के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे सैकड़ों भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की समाप्ति के बाद महिलाओं ने भजन-कीर्तन सहित नाच गाना भी किया।

### गगल में शिव भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**अनंत ज्ञान, गगल।** शिवरात्रि की उपलक्ष्य में गगल में पूर्व पंचायत प्रधान एवं 85 वर्षीय सबसे वृद्ध व्यापारी भगत सिंह कोहली के दिशा निर्देशन में धर्मशाला रोड पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं गगल के प्राचीन शिव मंदिर महादेव मंदिरा कमेटी के सदस्य राजीव कुमार, अरजिंदर कुमार और विजय कुमार आदि ने बताया कि 28 फरवरी को लगने वाला भंडारा जो बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया था, वह अब 2 मार्च को लगाया जाएगा।

### जलशक्ति विभाग थुरल ने लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** जल शक्ति विभाग मंडल थुरल में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिवरात्रि के पावन पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय लोगों जल शक्ति विभाग मंडल थुरल के अधिशाषी अभियंता सरवन कुमार ने बताया कि भंडारा जल शक्ति विभाग मंडल थुरल के सभी कर्मचारियों के द्वारा अपने निजी सहयोग से किया जाता है।

### रेडिसन ब्लू में राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** चंडीगढ़ प्रशासन के सामाजिक कल्याण विभाग और राज्य स्तरीय समन्वय एजेंसी (एसएलसीए) के सहयोग से नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) पर हितधारकों का राज्य सम्मेलन 28 फरवरी 2024 को होटल रेडिसन ब्लू, धर्मशाला में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य नशामुक्ति के प्रयासों की प्रगति, चुनौतियों और भविष्य की रणनीति पर चर्चा करना था।सम्मेलन का उद्घाटन अनुराधा चगती, सचिव, सामाजिक कल्याण, चंडीगढ़ प्रशासन ने किया। एसएलसीए निदेशक संदीप परमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए एनएमबीए के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद पलिका अरोड़ा, पीसीएस, निदेशक, सामाजिक कल्याण, चंडीगढ़ प्रशासन ने चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा एनएमबीए के तहत की गई उत्कृष्ट पहलों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

### भीड़ और भगदड़ प्रबंधन के गुर सीखे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कांगड़ा एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में धर्मशाला में आयोजित तीन दिवसीय भीड़ प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज धर्मशाला में उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने समापन किया। उपायुक्त ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंदिरों, शक्तिपीठों में होने वाली भीड़, भगदड़, मेले व सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा क्रिकेट स्टेडियम में भगदड़ संबंधी प्रबंधन को लेकर विभिन्न जिलों से आए हुए प्रतिक्रिया बलों, मंदिर प्रशासन क्रिकेट प्रशासन, व स्थानीय गैर सरकारी संगठनों को प्रशिक्षित किया गया।

## 'लाडा' के तहत सार्वजनिक उपयोग के निर्माण कार्यों को दें प्राथमिकता: डीसी

### विभिन्न विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ 90 लाख किए स्वीकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में स्थानीय क्षेत्र विकास निधि -लाडा- के तहत पंचायत प्रतिनिधि सार्वजनिक उपयोग के निर्माण कार्यों पर फोकस करें, ताकि पंचायत का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। शनिवार को स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला के बैजनाथ, धर्मशाला तथा पालमपुर के लिए स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण के तहत दो करोड़ 36 लाख के 120 कार्य स्वीकृत किए थे।

उन्होंने सभी पंचायत प्रधानों को अपने-अपने क्षेत्रों में लाडा के तहत लंबित विकास कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के पूर्ण होने पर अनापत्ति रिपोर्ट भी प्रेषित करने के लिए कहा गया है, ताकि नए विकास कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत की जा सके। इस वर्ष के लिए 2 करोड़ 90 लाख विभिन्न विकास कार्यों का अनुमोदन भी किया गया। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने सभी विकास खंड अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल विद्युत प्रोजेक्ट लगने से प्रभावित हुए परिवारों की सूची भी तैयार करें ताकि प्रभावित परिवारों को लाभांवित किया जा सके। कांगड़ा जिला में 28 के करीब जल विद्युत प्रोजेक्ट संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन जल विद्युत प्रोजेक्ट्स प्रबंधन ने लीज डीड अभी तक नहीं करवाई है वे एक माह के भीतर लीज डीड की प्रक्रिया को पूर्ण करें अन्यथा आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## विद्युत विभाग ने मटौर कॉलेज में दिए बिजली बचाने के टिप्स



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

राजकीय महाविद्यालय मटौर में कांगड़ा बिजली विभाग से आए अधिकारियों द्वारा बिजली बचाने संबंधी जानकारी बांटी गई। इसमें पब्लिक रिलेशन ऑफिसर अनुराग पराशर, एसडीओ पुलकित दीक्षित व जेई रमन कुमार उपस्थित रहे। अनुराग पराशर ने प्राध्यापकों को बिजली के बिलों में कटौती करने, घर बनाते समय वायरिंग करवाने, बिजली के कनेक्शन लेते समय ध्यान रखने वाली बातें, कागजी कार्रवाई, सोलर एनर्जी का इस्तेमाल करने, सोलर लाइट लगवाने संबंधी जानकारी साझा की। उन्होंने इस जानकारी को विद्यार्थियों और आस पड़ोस में देने का आह्वान किया, ताकि हिमाचल प्रदेश बिजली बनाने और बचाने में नंबर वन प्रदेश बन सके। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा व समस्त शिक्षक व कार्यालय कर्मचारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### सीयू भवन निर्माण को 30 करोड़ का इंतजार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय भवन निर्माण को लेकर समाज सेवी अतुल भारद्वाज ने प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर को एक पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि क्षेत्र की प्रबुद्ध जनता लगभग 16 वर्ष से सीयू धर्मशाला की स्थापना के लिए आवाज बुलंद करती आई है। जनता पिछले 2 वर्ष से 30 करोड़ जमा करवाने का इंतजार कर रही है, जिसके लिए अनेक बार मौखिक व लिखित रूप से सरकार से गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन संबंधित अधिकारियों की लापरवाही, गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के कारण अभी तक उक्त राशि जमा नहीं हो पाई है।

## बिजली पर सेस लगाकर सरकार ने जनता पर डाला बोझ: काजल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार द्वारा बिजली सब्सिडी समाप्त करने का मामला गरमा गया है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और विधायक पवन काजल ने सरकार पर जनता से वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। काजल ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आने के दो साल बाद न केवल यह वादा पूरा नहीं किया, बल्कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा दी जा रही 120 यूनिट की मुफ्त बिजली भी बंद कर दी। साथ ही बिजली बिलों पर विभिन्न सेस लगाकर उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। भाजपा बिधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस सरकार को झूठे वादे करने के आरोप में घेरेगी। शनिवार को दौलतपुर पंचायत में 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम में काजल ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपए देने का वादा भी अधूरा है। बेरोजगारी बढ़ रही है और महंगाई चरम पर है। राशन डिपो से सब्सिडी वाला राशन भी गायब हो गया है।

**हड़ताल** स्टेट कैडर के विरोध में पटवार-कानूनगो संघ की हड़ताल चौथे दिन में प्रवेश

## सरकार के आगे झुकने को तैयार नहीं पटवारी-कानूनगो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

स्टेट कैडर के विरोध में पटवारी एवं कानूनगो की सामूहिक हड़ताल शनिवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गई। सरकार के अड़ियल रवैया का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। पिछले दो दिन हुई भारी बारिश के दौरान आपदा संबंधी कार्यों में पटवारी एवं कानूनगो की अग्रणी भूमिका रही। सेवानिवृत्त पटवारी एवं कानूनगो वर्ग ने भी दोबारा सेवाएं देने से इनकार कर दिया है। ऐसे में आम जनता सरकार के अड़ियल रवैया के कारण परेशानी झेल रही है। गौरतलब है कि पटवार एवं कानूनगो महासंघ के आह्वान पर जिला भर में पटवारियों एवं कानूनगो ने 25 व 27 फरवरी को सामूहिक अवकाश के बाद 28 फरवरी से पेन डाउन स्ट्राइक शुरू कर दी है। प्रदेश भर में पटवारियों की इस हड़ताल का शनिवार को दूसरे दिन भी पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा समर्थन जारी रहा। हड़ताल पर बैठे पटवार एवं कानूनगो महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जब उनकी नियुक्तियां जिला स्तर पर हुई हैं तो जबरदस्ती स्टेट कैडर क्यों थोपा जा रहा है। सुविधाओं के नाम पर पटवार घरों की दयनीय हालत का तो सुधार करने में सरकार नाकाम रही है और आनन-फानन में फैसले लेने पर उतारू है। संघ के मुताबिक पटवारी अपने निजी मोबाइल से आनलाइन काम करके सरकार की नीतियों को अमलीजामा पहनाकर कार्य कर रहे हैं, जबकि सरकार धरातल पर होने भी समस्याओं को नजरंदाज कर रही है। पदाधिकारियों का कहना है कि पटवारियों से काम टेक्निकल लिया जा रहा है, लेकिन सरकार टेक्निकल स्केल के योग्य नहीं मान रही। साथ ही उनका कहना है यदि सरकार ने स्टेट कैडर करना ही चाहती है तो आगामी भर्तियां से इसे लागू करे। शनिवार को भी बहुत से लोग केवाईसी तथा अन्य जरूरी प्रमाणपत्र नहीं बनवाने से वंचित रहे। पटवारी एवं कानूनगो वर्ग का कहना है कि स्टेट कैडर करने का विरोध करने के पीछे प्रदेश के राजस्व रिकार्ड में भी एकरूपता का नहीं होना भी शामिल है। सरकार आनन फानन में फैसले ले रही है जो प्रदेश हित में नहीं है।

### बैजनाथ शिवरात्रि में पहाड़ी नाटियों पर झूमे लोग



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में मनाए जा रहे राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव में दो दिनों से मौसम की बेरुखी के चलते झूमने-नाचने से महरूम दर्शकों ने आज नाचने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। प्रशासन द्वारा बुलाए गए हिमाचली कलाकार इशांत भारद्वाज और नाटी किंग कुलदीप शर्मा की पहाड़ी नाटियों ने पंडाल में मौजूद हर किसी को नाचने पर मजबूर कर दिया। इससे पहले प्रदेश के हर कोने से आई हुई उभरती प्रतिभावाओ ने भी दर्शकों का ध्यान अपनी और खींचने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। बेखुबी से मंच संचालन कर रहे असीम शर्मा ने जैसे ही इशांत भारद्वाज को मंच पर बुलाने के लिए उद्घोष किया। लोगों की फरमाइश का दौर भी आरंभ हो गया। उन्होंने लगिया चढ़ाया शिवार केलाशा, चली कुडमेट हो कुडमा ते डेरे हो जैसे एक से एक बढ़िया गीत गाकर पंडाल में मौजूद सभी को नाचने के साथ-साथ गाने पर भी मजबूर कर दिया। अब बारी शिवरात्रि महोत्सव 2025 के अंतिम स्टार कलाकार कुलदीप शर्मा की बारी आई। उन्होंने तो सबसे पहले शिव वंदना से अपने कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद उन्होंने प्रदेश की हर कोने की नाटी गाकर तो मानों जैसे प्रदेश की समूची संस्कृति का इस शिवरात्रि महोत्सव में संगम करके रख दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### टालैंड से बेसहारा बुजुर्ग को रेस्क्यू करने की मांग

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शहर के टालैंड स्थित बस स्टॉप पर रेन शेल्टर में भीषण ठंड में एक मनोरोगी बुजुर्ग बेसहारा हालत में रात गुजार रहा है। उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. अजय श्रीवास्तव ने शिमला के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर मांग की है कि उसे मेंटल हेल्थ केयर एक्ट 2017 के अंतर्गत रेस्क्यू किया जाए। ऐसा न करने पर बुजुर्ग की जान खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि यह मनोरोगी बुजुर्ग स्वयं को पानीपत का रहने वाला बताता है। वह कहता है कि किसी काम से यहां आया है। कुछ और पूछने पर बार-बार कहता है कि मुझे भूख लगी है कुछ खाने को दे दो। कुछ लोगों ने उसे कंबल दिए हैं। प्रो. अजय श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक से कानून के मुताबिक तुरंत रेस्क्यू करने की मांग की है। उनके अनुसार पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने कानून के मुताबिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### मॉडल प्रतियोगिता में राजेश की टीम प्रथम



**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर डिग्री कॉलेज नेरवा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित की गईं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ. रोहित द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. रोहित के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने विज्ञान दिवस के महत्व को रेखांकित किया। इसके उपरांत प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में वैज्ञानिक प्रगति और नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में राजेश एवं टीम ने (पास्कल का सिद्धांत) प्रथम, रुद्री एवं टीम (गैस विकास अभिक्रिया), नेहा एवं टीम (कचरा प्रबंधन) द्वितीय तथा ऋचिका एवं टीम (हीमोडायलिसिस), कृतिक्ष एवं टीम (जलविद्युत ऊर्जा) ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### चियोग स्कूल में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में राष्ट्रीय विज्ञानं दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें क्विज प्रतियोगिता, सांइस मॉडल,पोस्टर मेकिंग और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने की। उन्होंने बच्चों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विजेता व उपविजेता को पुरस्कार दिए।

### 20 मार्च को विधानसभा कूच करेगी किसान सभा

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** गरीब किसानों की भूमि को बचाने के लिए हिमाचल किसान सभा आगामी 20 मार्च को प्रदेश भर में जिला व खंड स्तर से हजारों की तादाद में सरकार के समक्ष रखने के लिए विधानसभा के लिए कूच करेंगे। हिप्र किसान सभा के राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप ने कहा कि विशाल रैली में हिमाचल में जमीन से जुड़े मुद्दे विशेष रूप से शामलात, खुदरा-ओ-दरखतान, मलकियत सरकार, चकोतेदार, नौतोड़ के नियमितीकरण, जनजातीय क्षेत्रों में वन अधिकार कानून का सही ढंग से लागू न होना, विस्थापिता गद्दी, गुजरों इत्यादि सहित मुद्दे भी उठाए जाएंगे। हिमाचल सरकार से इस मामले में उचित कार्रवाई करने तथा इस विधानसभा सत्र में प्रस्ताव पारित करके केंद्रीय सरकार एवं सर्वोच्च न्यायलय के साथ इन मुद्दों को उठाकर इनका कोई स्थायी समाधान निकाला जाए।

### सुन्नी में 'स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर' कार्यक्रम में विक्रमादित्य बोले-

# सुन्नी को सुंदर बनाने में नगर परिषद का योगदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



विक्रमादित्य का स्वागत करते हुए स्थानिय लोग।

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सुन्नी में नगर परिषद सुन्नी द्वारा आयोजित 'स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर' कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल में स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा शिमला से 10 फरवरी को किया था। यह अभियान 10 फरवरी से 9 मार्च, 2025 तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुन्नी नगर परिषद क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाने तथा विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए परिषद ने अपना सहयोग एवं योगदान दिया।

उन्होंने कहा कि वाराणसी घाट की तर्ज पर सुन्नी में भी सतलुज के किनारे बड़े स्तर का घाट बनाया जाएगा, जिस पर हर साल सतलुज आरती का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों नगर पंचायत सुन्नी को नगर पालिका का दर्जा देने के लिए अधिसूचना जारी की गई थी, जिसमें सुन्नी शहर के साथ आसपास का कुछ क्षेत्र भी परिषद में जोड़ा गया था। लोगों की आपत्ति को देखते हुए शीघ्र ही अधिसूचना को रद्द किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार के निर्णयानुसार आगामी दस दिनों के भीतर सुन्नी में स्थायी रूप से उपमंडलाधिकारी कार्यालय खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुन्नी में शीघ्र ही मिनी सचिवालय का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए आगामी बजट सत्र में बजट का प्रावधान किया जाएगा ताकि सारे सरकारी कार्यालय एक ही छत के नीचे लाए जा सके और लोगों को एक ही छत के नीचे सारी सुविधाएं मिल सके।

सुन्नी अस्पताल के दर्जे को बढ़कर 100 बेड का अस्पताल स्तरोन्नत कर दिया गया है इस अस्पताल में डॉक्टरों तथा पैरामेडिकल स्टाफ के पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने के लिए स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा की जाएगी। सुन्नी में वाहन पार्किंग की समस्या को देखते हुए शीघ्र ही एक बड़ी वाहन पार्किंग का निर्माण किया जाएगा।

## कर्मचारियों को बताया अंगदान का महत्व

**अनंत ज्ञान, शिमला।** इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) में शनिवार को स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) हिमाचल प्रदेश की ओर से अंगदान जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आईसी कंसलटेंट रामेश्वरी और ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर नरेश कुमार ने कर्मचारियों को अंगदान व नेत्रदान का महत्व समझाया और पंपलेट बांटे।

विशेषज्ञों ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जीवित रहते या मृत्यु के बाद अंगदान कर सकता है। ब्रेन डेड व्यक्ति अपने आठ अंग दान कर कई लोगों की जान बचा सकता है, जबकि नेत्रदान से किसी की दुनिया रोशन हो सकती है।

उन्होंने कहा कि सही जानकारी के अभाव में लोग अंगदान से हिचकिचाते हैं, इसलिए जागरूकता बेहद जरूरी है।

उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति कानूनी प्रक्रिया के तहत स्वेच्छा से अपने करीबी रिश्तेदारों को अंगदान कर सकता है। सोटो हिमाचल की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति घर बैठे अंगदान के लिए शपथ पत्र भर सकता है।

# एचआरटीसी चालक-परिचालक संघ ने दी चक्का जाम की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी) के चालक-परिचालकों ने लंबित वित्तीय भत्तों की अदायगी न होने पर सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

**6 मार्च के बाद आगामी रणनीति तय की जाएगी**

शनिवार को यूनियन ने निगम मुख्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार को चेतावनी दी कि यदि 6 मार्च तक ओवरटाइम और अन्य वित्तीय लाभ नहीं दिए गए तो प्रदेशभर में चक्का जाम किया जाएगा।

यूनियन ने प्रदेशभर में जन जागरण अभियान छेड़ रखा है, जिसमें कर्मचारियों को उनकी लंबित मांगों के बारे में जानकारी दी जा रही है। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि सरकार समय रहते उनकी मांगों को पूरा नहीं करती तो 6 मार्च के बाद आगामी रणनीति तय की जाएगी और बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

### 65 माह से नहीं हुआ रात्रि ओवरटाइम भुगतान

**एचआरटीसी** ड्राइवर यूनियन के कोषाध्यक्ष पदम सिंह ठाकुर ने बताया कि निगम के चालकों और परिचालकों को बीते 65 महीनों से रात्रि ओवरटाइम का भुगतान नहीं किया गया है। इस मुद्दे को लेकर कई बार सरकार से गुहार लगाई गई, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने 12 अक्टूबर को पीटरहॉफ से घोषणा की थी कि 50 करोड़ रुपए ओवरटाइम और 9 करोड़ रुपये मेडिकल भत्तों के लिए जारी किए जाएंगे और यह राशि 31 दिसंबर से पहले कर्मचारियों को मिल जाएगी। इसके बाद यूनियन प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से ओक ओवर में मुलाकात भी की थी, जिसमें उन्होंने जल्द ही 15 करोड़ रुपये जारी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक यह धनराशि जारी नहीं हुई है।

## रोहड़ू के शिकड़ी पुल का होगा नवीनीकरण

**दशमी रावत, रोहड़ू**

एसडीएम रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत की अध्यक्षता में शिकड़ी पुल के नवीनीकरण कार्य और आगामी राज्य स्तरीय रोहड़ू मेले की तैयारियों को लेकर बाजार का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर नगर परिषद, लोक निर्माण विभाग, परिवहन निगम, व पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान निर्णय लिया गया कि शिकड़ी पुल का नवीनीकरण किया जाएगा। पुल को एलईडी स्ट्रिप लाइट्स से सजाया जाएगा। इस कार्य के लिए नगर परिषद रोहड़ू के कार्यकारी अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं। पुल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी क्षतिग्रस्त जालियों की मरम्मत करने का भी निर्णय लिया गया, ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। पैदल चलने की सुविधा के लिए पुल के एक ओर फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा, जिससे आवागमन में सुविधा होगी और ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी।

पुल के नवीनीकरण कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा नगर परिषद रोहड़ू को आवश्यक अनापति प्रमाणपत्र प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, ताकि सभी कार्य विना किसी बाधा के समय पर पूरा हो सके। राज्य स्तरीय रोहड़ू मेले के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नगर परिषद क्षेत्र की मुख्य सड़कों और गलियों की समयबद्ध मरम्मत करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत ने कहा कि सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। (अनंत ज्ञान)

## होटल में आग लगने से पर्यटक युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला की कच्ची घाटी में एक होटल के कमरे में आग लगने से महाराष्ट्र के 24 वर्षीय पर्यटक की मौत हो गई। होटल के कमरे में आग लगने से युवक जिंदा जल गया और उसके दो दोस्त बाल-बाल बच गए। मृतक की पहचान सांगली जिले के गोरेगांव निवासी रितेश पुजाले के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात करीब 11 बजे जब तीनों सो रहे थे, तभी कमरे में अचानक आग लग गई। आशीष और अवधूत किसी तरह भागने में सफल रहे, लेकिन रितेश बाहर नहीं निकल पाया और आग की चपेट में आ गया। होटल प्रबंधन ने दमकल विभाग को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई।

# नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन ने ऊर्जा उत्पादन का बनाया रिकॉर्ड

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**



नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन ने 7200 मिलियन यूनिट्स (2024-25) के अपने एमओयू एनर्जी लक्ष्य को पार करते हुए दूसरा सबसे तीव्रता से ऊर्जा उत्पादन करके एक नई उपलब्धि हासिल की है। इस परियोजना ने 28 फरवरी, 2025 को एमओयू एनर्जी लक्षय 7200 मियू का दूसरा सबसे तीव्र ऊर्जा उत्पादन का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है।

एनजेएचपीएस सतलुज नदी पर स्थित है और सतत्त ऊर्जा उत्पादन में एक प्रमुख योगदानकर्ता है। इस परियोजना ने अत्याधुनिक तकनीकों और कुशल जल प्रबंधन के माध्यम से यह लक्ष्य हासिल किया है।

एनजेएचपीएस को देश का पहला हाइड्रो पावर स्टेशन होने का गौरव प्राप्त है, जहां सेंट्रल रोबोटिक हार्ड कोटिंग सुविधा स्थापित किया गया है, जो बिजली उत्पादन के उपकरणों के कोटिंग एवं रखरखाव में मदद करती है। इसके अतिरिक्त, एनजेएचपीएस को भारत की पहली बहुउद्देशीय हरित हाइड्रोजन पायलट परियोजना स्थापित करने का गौरव भी प्राप्त है। मुख्य महाप्रबंधक/परियोजना प्रमुख, एनजेएचपीएस आशुतोष बहुगुणा ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, निदेशक मंडल का धन्यवाद किया।

अंत में उन्होंने कहा कि ऐसे कीर्तिमान हम सभी के उत्तरदायित्व को और भी बढ़ाते हैं। हमें इसी समर्पण व कार्यशीलता के साथ आगे भी निरंतर नए रिकॉर्ड बनाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# लंबित सेटलमेंट मामलों को जल्द निपटाएं

### नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री ने राजस्व विभाग को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



घुमारवीं विकास खंड कार्यालय में उपमंडल स्तरीय विकासात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। मंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाएं और जनहित की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। बैठक में राजस्व, खनन, जल शक्ति, लोक निर्माण, परिवहन, वन, खाद्य आपूर्ति, शिक्षा, कृषि, बागवानी, पंचायत एवं नगर परिषद, पुलिस और आयुर्वेद विभाग की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

बैठक में राजस्व विभाग को लंबित सेटलमेंट मामलों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए गए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। तहसीलदार घुमारवीं ने बताया कि पार्टीशन के 159 मामलों में से 4 का निपटारा, निशानदेही के 396 मामलों में से 8 का निपटारा, तथा इंतकाल के 159 मामलों में से 120 का निपटारा किया गया है। वहीं, नायब तहसीलदार भराड़ी ने बताया कि इंतकाल के 122 मामलों में से 79 का निपटारा, तकसीम के 191 मामलों में से 5 मामलों का निपटारा, तथा निशानदेही के 246 मामलों में से 15 मामलों का निपटारा किया गया है। वन विभाग को एफआरए मामलों के समाधान और दधोल में चिलिंग प्लांट के साथ सोलर प्लांट लगाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए। खनन विभाग को खनन का विस्तृत डाटा तैयार करने और जल शक्ति विभाग को पेयजल योजनाओं की प्रगति तेज करने तथा घुमारवीं में सीवरेज योजना की समीक्षा के आदेश दिए गए।

लोक निर्माण विभाग को एफडीआर तकनीक से सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाने और एचआरटीसी को त्यून खास-मैहरन-नैन मार्ग पर बस सेवा शुरू करने के निर्देश दिए गए। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा एक नया राशन डिपो तथा दो सब-डिपो खोलने की योजना बनाई गई, जिससे स्थानीय लोगों को सस्ते राशन की सुविधा उनके घर के पास ही मिल सके। शिक्षा विभाग को सरकारी कॉलेजों में बीबीए विद्यार्थियों को को-ऑपरेटिव सोसाइटी की भूमिका पर जागरूक करने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत सुख आश्रय योजना का लाभ अनाथ बच्चों को देने और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से ऐसे बच्चों की पहचान कर सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

कृषि विभाग को भिंडी क्लस्टर विकसित करने और स्थानीय भिंडी बीज के संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए, जबकि बागवानी विभाग द्वारा मौसमी के क्लस्टरों की समीक्षा की गई। युवाओं के कौशल विकास के लिए निगम के माध्यम से 46 कौशल विकास शिविर आयोजित किए गए हैं।

# मंदिरों के चढ़ावे को विभागीय खाते में जमा करवाना सही नहीं: जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



विभिन्न मद्दों एवं विभागों के पैसे को राजस्व विभाग के खाते में जमा करवाने का प्रदेश कांग्रेस सरकार का फैसला हिमाचल की आर्थिक स्थिति की दर्शाता है। चिंता की बात यह है कि इससे कई विकास परियोजनाओं का कार्य रुक जाएगा। सरकार के इस फैसले का सबसे ज्यादा प्रभाव भानुपल्ली-बिलासपुर लेह रेलवे निर्माण किया पर होगा। बिलासपुर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने पत्रकार वार्ता में कहा कि रेलवे परियोजना के भूमि अधिग्रहण के लिए केंद्र सरकार ने हिमाचल के बैंकों में 900 करोड़ से अधिक की राशि भेजी थी। इसमें 500 करोड़ के आसपास लाभार्थियों को दे दिए हैं, जबकि 475 करोड़ रुपए बिलासपुर के लाभार्थियों को दिए जाने थे। यह पैसा न्यायालय में लटके मामलों वाले लोगों या अन्यों को दिए जाने थे। 14 फरवरी सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के बाद भू अर्जन अधिकारी ने उक्त 475 करोड़ रुपए राजस्व विभाग के खाते में डाल दिए, जोकि केंद्र की ओर से आए हुए थे। रेलवे परियोजना के पैसे विभिन्न बैंकों से विभागीय खाते में डाले गए हैं। चिंता की बात यह है कि गत माह बिलासपुर भू अर्जन अधिकारी ने जकातखाना, खैरियां व अस्पताल क्षेत्रों के लोगों को अवार्ड जारी करने की बात करते हुए अंतिम औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। ऐसे में अब इन लोगों को भूमि अधिग्रहण का राशि एवं अवार्ड कैसे जारी होगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ट्रेजरी इन सीट हेड नंबर 1052 यह मिसलेनियस का हिमाचल प्रदेश ट्रेजरी का अकाउंट जिस अकाउंट में उने ट्रांसफर करने के लिए कहा गया और बैंकों पर दबाव बनाकर एक ही दिन में बैंकों से पास स्नांतरण करवाया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार योजनाबद्ध तरीके से रेलवे परियोजना का काम रोकना चाहती है। उन्होंने कहा कि मंदिरों का पैसा विभागीय खाते में जमा करवाना उचित नहीं है। मंदिर का पैसा मंदिर परिसर के विकास या संबंधित क्षेत्र में विकास पर खर्च किया जाना चाहिए। अन्य स्थानों पर खर्च करने का कोई औचित्य नहीं है।

## महिलाएं सीख रहीं अचार, जैम, चटनी बनाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मानव विकास संस्थान कलोल द्वारा नाबार्ड और अडानी फाउंडेशन के आर्थिक सहयोग से संचालित धौंन कोठी पंजगाईं जलागम विकास परियोजना के अंतर्गत गांव रोपा में फूड एंड फ्रूट प्रोसेसिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को विभिन्न प्रकार के अचार, जैम, चटनी आदि बनाने की विधियां सिखाई जा रही हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को अतिरिक्त आय के साधन उपलब्ध कराना है, जिससे वे आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन सकें।

## घुमारवीं कॉलेज में मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह के मुख्यातिथि नगर नियोजन, आवास और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राकेश राणा ने की। मुख्यातिथि ने मेधावी छात्र-छात्राओं और वर्षभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## पटवारी-कानूनगो की हड़ताल से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता में पटवारी और कानूनगो संघ की अनिश्चितकालीन पेन डाउन हड़ताल जारी रही, जिससे राजस्व सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई हैं। राज्य सरकार द्वारा पटवारी और कानूनगो पदों को जिला कैडर से हटाकर स्टेट कैडर में शामिल करने के फैसले के खिलाफ यह हड़ताल 28 फरवरी से शुरू हुई थी। हड़ताल के चलते क्षेत्र में हिमाचली प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, कृषक प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रियां, इंतकाल, ऋण व ई-केवाईसी जैसी 39 प्रकार की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, जिससे लोग परेशान हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नखलेहड़ा**
**विकास खंड झण्डूता, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

पंचायत बैठक में अध्यक्ष ने प्रस्ताव रखा कि वित्तीय वर्ष 2025-2026 हेतु विभिन्न मदों के अंतर्गत विकासात्मक कार्यो के निष्पादन हेतु निविदाएँ समाचार पत्र के माध्यम से आमंत्रित की जाये। मटेरियल विक्रेताओं से अनुरोध है कि जिस के पास पैन कार्ड, जीएसटी सर्टिफिकेट है वे निविदा कुटेशन प्रत्येक कार्य दिवस को 10:00 बजे से 4:00 बजे शाम तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में डाक / स्वयं दिनांक 09/03/2025 तक जमा करवा सकते हैं। निविदा दिनांक 10/.03.2025 को 1:00 बजे दोपहर खोली जायेगी। निविदा आमंत्रित करने हेतु सामग्री विवरण निम्न प्रकार से है:-

| क्रं.सं. | सामग्री का नाम | मूल्य प्रति इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेता क्रेशर (घुला, रेता) | Per.cum |
| 2 | बजरी क्रेशर 10,20,40,60, 80 एमएम | Per.cum |
| 3. | वोल्डर पत्थर | Per.cum |
| 4. | कट स्टोन (पत्थर) (90,60एमएम) | Per.cum |
| 5. | पत्थर चक्का | Per.cum |
| 6. | ईंटे (2nd class) | Per. Brick |
| 7. | स्टील (सरिया)/ टीन, एंगल, पत्ती roof durashine /White Include other | मार्किट रेट पर मान्य होगा |
| 8. | फॉर्म वर्क/सेटरिंग (लकड़ी स्टील) (Vertical/Flat) | Per Sq.m/mt |
| 9. | सीमेंट ढुलान सिविल सप्लाई झन्डूता से कार्य स्थल पंचायत क्षेत्र (including Loading,unloading) | Per Bag |
| 10. | बोर्ड निर्माण लिखाई | प्रतिफुटस्कवेयर |
| 11. | JCB | प्रतिघंटा |
| 12. | दरवाजे खिड़कियां लकड़ी | sq.ft/sq.mt |
| 13. | Door, window, shutter, Grill steel / aluminium/ wood with Labour& Carriage | Per Kg |
| 14. | पानी टैंकर (भरा हुआ) | Per टैंक |
| 15. | मिक्सचर | Per Work Day |
| 16. | PVC (60,90,110,140,160,180,200,225mm) with socut, alvo | Per Pipe |
| 17. | टेंट कुर्सी, साउंड सिस्टम | Per item Per day |
| 18. | चाय पान | Per item |

**अनिवार्य शर्ते :-** 1. निविदा कर्ता के अपना PAN कार्ड, आधार कार्ड बैंक खाता, बिल नमूना व Gst No. (चालू) निविदा के साथ लगाए 2. सामग्री निविदादाता द्वारा कार्य स्थल अथवा जहाँ तक ट्रेक्टर जाए उपलब्ध करवानी होगी। 3. कुटेशन की दर रायल्टी Gst कार्य स्थल तक माल ढुलाई सहित मानी जाये। 4. स्वीकृत बैंडर की सप्लाई आदेश मिलने के सात दिनों के भीतर सामग्री उपलब्ध करवानी होगी अन्यथा निविदा बिना नोटिस किये ही रद्द मानी जायेगी। 5. कुटेशन रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। 6. निविदा दाता अनुपस्थित होने पर स्वयं जिम्मेवार होगा। 7. M- फॉर्म सामग्री बिल के साथ निविदादाता को पंचायत में जमा करवाना होगा। 8. स्वीकृत निविदादाता द्वाता को 50000 /- (पचास हजार रु.) की धरोहर राशी ग्राम पंचायत नखलेहड़ा के नाम बंधित (pledge) करा कर शपथ पत्र सहित जमा करवाएं अन्यथा आपकी निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार पंचायत का होगा। 9. सामग्री अदायगी TA/JE द्वारा कार्य असेसमेंट/मूल्यांकन के अनुसार की जायेगी।

**सचिव, ग्राम पंचायत नखलेहड़ा विकास खंड झण्डूता, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)**

# कांग्रेस सरकार ने श्रद्धालुओं की आस्था को पहुंचाई ठेस: चंदेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण पाल चंदेल ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने जिस प्रकार से प्रदेश के जिलाधीशों के माध्यम से अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए मंदिरों के खजाने से पैसा लेने के आदेश दिए हैं, वं सीधे-सीधे मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था से खिलवाड़ है। दूर-दूर से श्रद्धालु जब देवी देवताओं के दर पर नतमस्तक होते हैं, दान चढ़ाते हैं उनके भाव एक ही होता है कि मंदिर में और विकास हो और वहां आने वाले श्रद्धालुओं को और व्यवस्थाएं मंदिर प्रशासन दे पाए, परंतु जिस प्रकार प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने नाम से चल रही योजनाओं को पूरा करने के लिए मंदिरों से धन लेने के बारे में पत्र निकाला है वह इन श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्थाओं के ऊपर सीधा-सीधा आघात है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मंदिर पहले भी कल्याणकारी कार्य करते रहे हैं परंतु सरकार प्रत्यक्ष रूप से चलाई जा रही योजनाओं के लिए मंदिरों से धन निकाले ऐसा कभी नहीं हुआ। प्रदेश में अनाथ आश्रम वृद्धाश्रम चाहिए,परंतु मंदिर प्रत्यक्ष रूप से भी ऐसे प्रकल्पों का संचालन कर सकते हैं और ऐसी स्थितियों में प्रदेश के मंदिरों में आने वाले श्रद्धालु प्रत्यक्ष रूप से भी देवी देवताओं के नाम से चलने वाले इन प्रकल्पों में सेवा कार्य कर सकते हैं, केवल अपना नाम चमकाने के लिए सुखु बिना बजट के घोषणाएं कर रहे हैं वह निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस निर्णय से हिमाचल प्रदेश में आने वाले श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है।

**परेशानी** | स्टेट कैडर के खिलाफ कानूनगो एवं पटवारियों की अनिश्चितकालीन पेन डाउन हड़ताल जारी

# अनिश्चितकालीन हड़ताल से राजस्व कार्य अटके

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग के तहत कार्यरत पटवारी एवं कानूनगो को जिला से स्टेट कैडर किए जाने के प्रदेश सरकार के निर्णय के खिलाफ कानूनगो एवं पटवारियों का अनिश्चितकालीन पेन डाउन हड़ताल लगातार जारी है। वहीं हड़ताल के चलते बिलासपुर जिला के चारों उपमंडलों की तहसील कार्यालय में कई सेवाएं बाधित रही व पेन डाउन हड़ताल के कारण तहसील परिसर खाली नजर आए। गौरतलब है की संयुक्त पटवारी-कानूनगो महासंघ ने स्टेट कैडर के विरोध में पहले चरण में 25 और 27 फरवरी को सामूहिक हड़ताल किया था जिसके बाद दूसरे चरण में 28 फरवरी से अनिश्चितकालीन पेन डाउन हड़ताल पर चले गए थे। पटवारी व कानूनगो संघ की पेन डाउन हड़ताल का आज दूसरा दिन है, जिसके कारण तहसील कार्यालयों में कामकाज प्रभावित हुआ है व आम जनमानस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है।

बता दें कि हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा पटवारी व कानूनगो को जिला से स्टेट कैडर में तब्दील करने की अधिसूचना जारी की गई थी। इस फैसले के मुताबिक पटवारी और कानूनगो को जिला से बाहर राज्य में कहीं भी स्थानांतरित किया जा सकता है, जिसे देखते हुए प्रदेश के पटवारी व क़ानूनगो जिनकी नियुक्ति जिला कैडर के आधार पर हुई थी उनमे काफी रोष देखने को मिल रहा है. इस बात की जानकारी देते हुए संयुक्त पटवारी कानूनगो महासंघ बिलासपुर के प्रधान सुनील दत्त जोशी ने कहा कि जिला कैडर से स्टेट कैडर की अधिसूचना जारी होने से जहां पटवारियों व कानूनगों की पदोन्नति पर खासा देखें को मिलेगा और कई पटवारी व कानूनगो बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त हो जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों को स्वीकार नहीं करती और वार्ता के लिए नहीं बुलाती, तब तक पेन डाउन हड़ताल जारी रहेगी। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पटवारियों और कानूनगो को बिना विश्वास में लिए जिला से स्टेट कैडर में शामिल करने का निर्णय स्वीकार योग्य नहीं है और अगर जल्द ही सरकार महासंघ के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए नहीं बुलाती और उनकी मांगो को पूरा नहीं करती तो पेन डाउन हड़ताल के बाद उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। वहीं पटवारी व कानूनगो को स्टेट कैडर किए जाने के सरकार के निर्णय का समर्थन करते हुए प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा की सरकार का यह निर्णय जाहित में लिए गया फैसला है और उन्होंने प्रदेश के पटवारियों व कानूनगो से इस निर्णय के खिलाफ हड़ताल करने के बजाए सहयोग करने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### बार एसोसिएशन पधर ने एक्ट के विरोध में की हड़ताल

**कविता, पधर।** मंडी जिले के पधर में बार एसोसिएशन ने एडवोकेट अमेंडमेंट एक्ट के विरोध में हड़ताल कर न्यायिक कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया। अधिवक्ताओं का कहना है कि यह अधिनियम उनकी स्वतंत्रता और कार्यक्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। बार एसोसिएशन पधर के वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र सिंह भंगालिया ने बताया कि इस हड़ताल का उद्देश्य अधिवक्ताओं के अधिकारों और हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि राज्य बार काउंसील के निर्देशानुसार जो भी निर्णय लिया जाएगा, वह सभी अधिवक्ताओं को मान्य होगा। बार एसोसिएशन पधर ने सरकार से अपील की कि वह एडवोकेट अमेंडमेंट एक्ट पर पुनर्विचार करे और अधिवक्ताओं की चिंताओं को गंभीरता से सुने। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विपत राम मंगलाना, उपाध्यक्ष आई डी त्यागी, सचिव महेंद्र सिंह, वीना भाटिया तथा सुनीता ठाकुर भी उपस्थित रही।

### ससुराल के श्मशानघाट पर किया व्यक्ति का अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान, बरोट।** गत शुक्रवार की सुबह चौहार घाटी के लंबाडग कस्बे के समीप छोटाभंगाल घाटी की लोआई पंचायत के अंतर्गत आने वाले नपहौता गांव के निजी वाहन चालक 51 वर्षीय शेर सिंह सपुत्र गोरखिया राम की अचानक हुई मौत की सूचना मिलने पर टिक्कन पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम करवाने के बाद शुक्रवार देर रात को शेर सिंह के शव को उसके परिजन को सौंप दिया है। शुक्रवार को रात भर परिजनों ने शव की पूरी तरह निगरानी करने के बाद शनिवार को सुबह यहां हुई भारी बारिश से अवरुद्ध हुए मुल्थान-लोहारडी सड़क मार्ग के कारण मृतक के शव को अंतिम संस्कार के लिए उसके गांव में स्थित उनके श्मशानघाट में ले जाने की बजाय उसके ससुराल में स्थित लंबाडग श्मशानघाट में उसका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान छोटाभंगाल, चौहार घाटी के लोगों सहित अन्य ने भाग लिया।

### ट्रांसफार्मर खराब होने से कई इलाकों में बिजली संकट

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विद्युत पावर हाउस बस्सी में लगे 16 एमवीए, 132/33 केवीए ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने से जोगिंद्रनगर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली संकट गहरा गया है। खराबी के चलते बैजनाथ, धर्मपुर, बिजनी समेत कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। बिजली विभाग के मुताबिक, आपूर्ति बहाल करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। दिन के समय अधिकांश क्षेत्रों में बिजली दी जा रही है, लेकिन रात में अधिक मांग होने के कारण आपूर्ति प्रभावित हो रही है। विभाग का कहना है कि ट्रांसफार्मर की मरम्मत तेजी से की जा रही है, लेकिन इसे पूरी तरह दुरुस्त करने में दो से तीन दिन का समय लग सकता है। बिजली संकट से आम उपभोक्ता परेशान हैं, वहीं व्यापारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### कलाकारों ने क्षय रोग पर फैलाई जागरूकता

**अनंत ज्ञान, मंडी।** शिव गौरी कला मंच के कलाकारों द्वारा एनएचएम शिमला द्वारा क्षय रोग पर आधारित नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में लोगों को जागरूक किया। मंच के प्रधान कमल गर्ग द्वारा क्षय रोग से बचाव के बारे में कहा कि तीन हफ्ते से ज्यादा खांसी व ज्यादा बुखार हो तो अस्पताल में जांच अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का बेहतर तरीका है।

### स्टेट कैडर का 'लॉकडाउन', पटवारी-कानूनगो ऑन स्ट्राइक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर शनिवार को संयुक्त पटवारी कानूनगो संघ इकाई जोगिंद्रनगर के सदस्यों द्वारा गांधी वाटिका में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर पटवारी एवं कानूनगो महासंघ इकाई जोगिंद्रनगर के प्रधान रणजीत सिंह ने जानकारी दे हुए कहा कि महासंघ के सदस्य तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे जब तक सरकार द्वारा उनकी मांगे नहीं मानी जाएंगी। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य विरोध सरकार द्वारा पटवारी और कानूनगो के जिला कैडर को स्टेट कैडर में बदलने के निर्णय को लेकर है। रणजीत सिंह ने बताया कि सरकार से उनकी मांग थी कि जब तक पटवारी और कानूनगो को मूलभूत सुविधाएं नहीं दी जाती, तब तक स्टेट कैडर का निर्णय स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# पटवारियों और कानूनगो ने डीसी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन



मांगों को लेकर प्रदर्शन करने के दौरान मौजूद पटवारी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा स्टेट कैडर अधिसूचना लागू करने और बलवान चंद कमेटी की सिफारिशों को न मानने के विरोध में चंबा जिले के सभी पटवारी एवं कानूनगो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। उपायुक्त कार्यालय परिसर के बाहर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे पटवारियों ने सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि सरकार की ओर से किए गए वादे लगातार अनसुने किए जा रहे हैं, जिससे पटवारी समुदाय में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सरकार द्वारा स्टेट कैडर की अधिसूचना जारी करने से न केवल पटवारी संवर्ग में असंतोष फैला है, बल्कि यह प्रशासनिक व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बन सकता है।

प्रदर्शनकारी पटवारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन को लिखित सूचना भेजकर स्पष्ट कर दिया है कि वे अपने-अपने तहसील मुख्यालय और उपायुक्त कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर रहेंगे।

पटवारी संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि सरकार जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाती, तो यह आंदोलन और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

## डलहौजी में भी हड़ताल पर डटे रहे पटवारी और कानूनगो

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

विधानसभा क्षेत्र डलहौजी के अंतर्गत पटवारी एवं कानूनगो संघ द्वारा राज्य कैडर बनाए जाने के विरोध में डलहौजी तहसील कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया।

डलहौजी उप मंडल से 14 पटवारी व 2 कानूनगो पिछले कल सर्वसम्मति से उनके स्टेट कैडर किए जाने की विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया था, जो आज भी जारी है जो अब यह ज्ञापन देने हेतु उप मंडलाधिकारी (नागरिक) डलहौजी के कार्यालय में गए इस बारे जानकारी देते हुए डलहौजी पटवारी एवं कानूनगो संघ के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि आपातकालीन स्थिति तथा अकस्मात हुई दुर्घटना हेतु संघ अपनी सेवाएं जरूर देगा परंतु हड़ताल जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)




# दबाला मंदिर ककीरा में करवाया धार्मिक कार्यक्रम



भंडारे में लंगर ग्रहण करते हुए स्थानीय लोग।

**बबलू पठानिया, भाटियात/चुवाड़ी**

शिवरात्रि का महापर्व खत्म हुआ आज 3 दिन हो चुके हैं परंतु लोगों की श्रद्धा देखने लायक है। यू कहे तो भगवान के प्रति श्रद्धा दिन प्रति दिन लोगो में बढ़ता ही जा रहा है। आज ककीरा बाजार के प्राचीन शिव दबाला मंदिर में ककीरा के दुकानदारों और स्थानीय लोगों के द्वारा शिवरात्रि के इस पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।

सुबह मंदिर परिसर में भगवान शिव के आगे पंडित राजकुमार शर्मा के अगुवाई में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। जिस में ककीरा बाजार के लोगो ने हवन और पूजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

स्थानीय महिलाओं के द्वारा

### शिवरात्रि के अवसर पर विशाल भंडारे का किया आयोजन

भजन कीर्तन किया गया उसके ठीक 12 बजे से 1बजे तक विशाल भंडारे काआयोजन किया गया ।गौर हो कि हर वर्ष शिवरात्रि के दो दिन बाद भंडारे का आयोजन किया जाता रहा है।

इस भंडारे में पहले से ही पुड़ी छोले,कद्दू की खट्टी मीठी सब्जी, आलूतरी और गोपी के अलावा अन्य व्यंजन परोसे जाते हैं प्रसाद के रूप में सूजी का हलवा दिये जाते हैं। जिसे लोग बहुत ही चाव के साथ खाते है। इस भंडारे में ककीरा क्षेत्र के सैकड़ों गांव के लोगों ने इस भंडारे का आनंद लिया।( अनंत ज्ञान)

# विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों की करवाई प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान, चंबा**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चनेड़ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विविध शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विद्यालय के ईको क्लब प्रभारी मधुवाला ने छात्रों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व से अवगत करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्य संजीव ठाकुर ने की। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को विज्ञान के प्रति जागरूक करने और उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का संदेश दिया गया।

# ग्लैंडर्स बीमारी घोड़ों में गंभीर संक्रामक रोग : डॉ. मुंशी

**आरके सहगल, चंबा**

पशुपालन विभाग चंबा के उपनिदेशक डॉ. मुंशी कपूर ने बताया कि मंडी जिले में एक घोड़े में ग्लैंडर्स बीमारी के लक्षण मिलने के बाद चंबा से भी 50 घोड़ों के रक्त नमूने जांच के लिए भोपाल भेजे गए हैं। विभाग पूरी सतर्कता से स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

ग्लैंडर्स बीमारी घोड़ों, खच्चरों और गधों में एक गंभीर संक्रामक रोग है, जो बैक्टीरिया के कारण फैलता है। यह बीमारी न केवल घोड़ों के लिए घातक हो सकती है, बल्कि अन्य जानवरों और दुर्लभ मामलों में इंसानों के लिए भी खतरनाक हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

## बीमारी का अभी तक उपलब्ध नहीं है कोई इलाज

**डॉ.** मुंशी कपूर ने बताया कि इस बीमारी का अभी तक कोई प्रभावी इलाज उपलब्ध नहीं है। इसके प्रसार को रोकने के लिए पीड़ित पशु की तुरंत पहचान कर उसे स्वस्थ जानवरों से अलग करना अत्यंत आवश्यक है। संक्रमित क्षेत्र में निगरानी और सुरक्षा उपायों को बढ़ाया गया है ताकि बीमारी के प्रसार को नियंत्रित किया जा सके।

### संक्रमण से बचाव के लिए जरूरी कदम

- बीमार घोड़ों की पहचान कर उन्हें अलग रखना जरूरी है।
- जानवरों की नियमित जांच करवाना।
- चिकित्सकीय निर्देशों के अनुसार घोड़ों की देखभाल सुनिश्चित करना।
- पशुपालकों को और बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक करना।

### पशुपालकों को आवश्यक मार्गदर्शन

**पशुपालन** विभाग की टीम लगातार स्थिति की निगरानी कर रही है और पशुपालकों को आवश्यक मार्गदर्शन दे रही है। पशुपालकों से अनुरोध किया गया है कि अगर उनके घोड़ों में किसी भी प्रकार के असामान्य लक्षण दिखें तो वे तुरंत पशुपालन विभाग से संपर्क करें।

# बारिश में भी डटे रहे विद्युत बोर्ड के कर्मी



**आरके सहगल, चंबा।** 72 घंटे से अधिक समय तक बारिश होती रही और कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, तब दो जांबाज कर्मचारी बिजली के खंभे पर चढ़कर उसे ठीक करने में जुटे रहे, ताकि लोगों के घरों में अंधेरा न हो। तेज बारिश और खतरनाक परिस्थितियों के बावजूद, इन कर्मचारियों ने जान की परवाह किए बिना खंभे पर चढ़कर बिजली आपूर्ति को बहाल किया।

# अर्पिता, मेहुल, ग्रीक, विद्वत राज्यस्तरीय शूटिंग में प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



राज्य स्तरीय शिवरात्रि शूटिंग प्रतियोगिता के विजेता मुख्य मेहमानों के साथ।

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव मंडी के दौरान करवाई गई तीन दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता के महिला वर्ग में अर्पिता कुमारी को पहला स्थान हासिल हुआ है। राजकुमारी दूसरे व मोनिका तीसरे स्थान पर रही है। पुरुष वर्ग में मेहुल लखनपाल ने प्रथम, अरमान ने द्वितीय व जसप्रीत तृतीय स्थान पर रहे। अंडर 12 में ग्रीक दिवास, चार्विक पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 16 वर्ग में पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर आने वालों में विद्रित, आयान गुप्ता, सुमित रहे जबकि अंडर 19 में अनिकेत महाजन, आदविक व सुमित ने खिताब हासिल किए।

ओपन वर्ग में सार्थक लखनपाल, तेज सिंह, आकाश ठाकुर क्रमवार पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग के अंडर 12 में रिदांसा, अंबिका शर्मा व राधिका पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर आई। अंडर 16 में आरना दुबे, आलिसा गुप्ता, मोनिका और राइफल अंडर 16 में आकांक्षी, असिता, तेजस्वनी पहले दूसरे व तीसरे नंबर पर आई। अंडर 21 में गारगी, अंकिता चौहान, गौरिसा ने खिताब जीते। ओपन में कसीरू शर्मा, आकांक्षा, मोनिका व राइफल पुरुष वर्ग में घनश्याम, तरूरी व ग्रीस कुमार पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को नकद इनाम व मेडल प्रदान किए गए। मंडी के भियूली स्थित लखनपाल शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी में संपन्न हुई इस राज्य स्तरीय शिवरात्रि शूटिंग प्रतियोगिता में प्रदेश भर से विभिन्न आयु वर्ग के 180 महिला पुरुष शूटरों ने भाग लिया।

इसका शुभारंभ आईपीएस अधिकारी सचिव ने किया जबकि डीएसपी संजीव सूद ने इसका समापन किया व विजेताओं को इनाम व मेडल प्रदान किए। अकादमी के संचालक अजय लखनपाल ने बताया कि जिला मंडी में यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता दूसरी बार आयोजित की गई।

# भुनाड़ गांव में मूर्तियों से तोड़फोड़ करने पर भड़का बजरंग दल चंबा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

पुलिस थाना खैरी के अंतर्गत गांव भुनाड़ में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा राम सीता लक्ष्मण की मूर्तियों को तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। बता दें कि यह सारा मामला बीते 26 फरवरी का है जब गांव के उप प्रधान मनोज कुमार को उनके गांव के युवक द्वारा सुबह करीब 10 बजे सूचना दी गई की रामलीला क्लब भुनाड़ द्वारा निर्मित मंदिर में रखी मूर्तियों को तोड़ दिया है।

इस बात की सूचना मिलते ही उप प्रधान मनोज कुमार मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत मंदिर पहुंचा तथा इस बात की सूचना स्थानीय पुलिस को भी थी। मंदिर में प्रभु श्री राम की मूर्ति को बाहर क्षत-विक्षत कर मंदिर के बाहर फेंका गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने बताया कि पुलिस इस मामले को कतई भी हल्के में नहीं ले रही है इसलिए हर पहलू को अच्छे से कंगाल जाएगा और दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा। वहीं बजरंग दल के जिला संयोजक रवि भारद्वाज ने पुलिस प्रशासन तथा जिला प्रशासन एवं सरकार पर निशाना साधते हुए कि इस मामले को चार दिन से ज्यादा का समय हो चुका है और अभी तक पुलिस द्वारा कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है।

# विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र के लिए किया प्रेरित



प्रतियोगिता के दौरान मौजूद छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

भविष्य के लिए छात्रों को सशक्त बनाना 21वीं साड़ी के कौशल के तहत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत में डिजिटल साक्षरता गतिविधियों के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया इसके बाद 22 फरवरी को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को 24 फरवरी को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

आज विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के प्राचार्य कर्मजीत कौर द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य कर्मजीत कौर ने विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में रुचि विकसित करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें 21वीं साड़ी के कौशल को अपनाने के महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा की ये सारी गतिविधियां छात्रों को डिजिटल साक्षरता अपने और बदलती दुनिया के लिए खुद को तैयार करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई हैं।

### सूडोकु नवताल- 7357 (✱✱✱✱ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7356 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

# लोकनृत्य प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान शनिवार को पड्डुल मैदान में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम ड्रेस अप और लोक नृत्य आयोजित किए गए, जिसमें जिला मंडी के माध्यमिक विद्यालयों में 8 पाठशाला ने भाग लिया।

ड्रेसअप छात्रा वर्ग में आराध्या एसबीएम स्कूल महाजन बाजार मंडी प्रथम, संवि असंस मंडी दूसरे स्थान पर और इनायत स्वामी विवेकानंद मंडी तीसरे स्थान पर रहा। ड्रेस अप छात्र वर्ग में आयुष एसबीएम स्कूल महाजन बाजार प्रथम, पीयूष डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडी दूसरे स्थान पर और वैभव ठाकुर गर्ल्स गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडी तीसरे स्थान पर रहा।

लोक नृत्य में सरस्वती विद्या मंदिर महाजन बाजार प्रथम स्थान पर रहा। यह जानकारी शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी चंचल सिंह ठाकुर ने दी।

# कल डलहौजी के कई इलाकों में बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

डलहौजी मंडल के तहत डलहौजी 33/11 केवी सबस्टेशन के रखरखाव और ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग हेतु 3 मार्च को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक समस्त डलहौजी शहर डलहौजी ,बस अड्डा, सदर बाजार, सुभाष चौक, गांधी चौक, बकरोटा, पंचपुला, लोहाली खोलपुखर, जिंद्रींघाट, करेलणू, माइक्रोवेव डलहौजी छावनी, भडैटा, लकड़ मंडी बनीखेत बाजार ,पद्दर बाजार, पुखरी, कंड़ा, वैकुंठ नगर, ढलौग, बगढार देवी ,बाथरी देवी देहरा देहरा, गोली, शेरपुर, चकरा, तलाई औसल, पदरौटू ,कोठा, चौहड़ा गंढ़ियार, शेरपुर, नगाली,संजप एवं खैरी वह इसके आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सेवा पूर्ण रूप से बाधित रहेगी वह यह शटडाउन पूर्णता मौसम पर निर्भर रहेगा।

इस कार्य के लिए सहायक अभियंता इंद्रजीत सिंह ने समस्त क्षेत्र वासियों से विद्युत विभाग के लिए सहयोग की अपील की है।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

2 मार्च, 2025, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** फाल्गुन, **तिथि** तृतीया (09:04): **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपद (09:00), **पक्ष :** शुक्ल, **योग :** शुभ (12:38) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:10-12:56), **राहुकाल** (04:54-06:21)।

### विशेष दिन

- 3 मार्च : विश्व वन्यजीव दिवस कल।
- 3 मार्च 2025 : विनायक चतुर्थी दिवस कल।

**मेष:** आज आपका दिन शुभ रहेगा। किसी जरूरी काम में आपको सफलता मिलेगी। सकारात्मक सोच आपके जीवन में बड़ा बदलाव लाएगी।

**वृषभ:** आपके लिए आज का दिन काफी बढ़िया रहने वाला है। आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपको हर काम में सफलता मिलेगी।

**मिथुन:** दिन अच्छा रहेगा। आपकी रचनात्मकता काफी अच्छी रह सकती है। नए व्यापारिक सौदे हो सकते हैं। इंवेस्टमेंट करने से पहले सोच लें।

**कर्क:** आज आपके इनकम में वृद्धि होने से मन प्रसन्न होगा। कामों में अच्छा धन लाभ होगा। दांपत्य जीवन में दिन सामान्य रहेगा।

**सिंह :** आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। कोई अधूरा काम जल्द ही पूरा हो जायेगा। कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी के लिए आपको नये मौके मिलेंगे।

**कन्या :** आज का दिन सकारात्मक परिणाम देने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आप अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ेंगे।

**तुला:** दिन सामान्य रहेगा। आपका दिन पहले से थोड़ा बेहतर होगा। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं को आप तलाशेंगे। बच्चों से काम में मदद मिलेगी।

**वृश्चिक:** दिन उत्तम रहेगा। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। किसी काम की नए सिरे से शुरुआत कर सकते हैं। मन में नए विचार आयेंगे।

**धनु:** रचनात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। इसे उचित दिशा में अवश्य लगाएं। उन्नति के प्रयास सपल रहेंगे। कोई पुराना कारोबार लाभ देगा।

**मकर :** आज आपका दिन सामान्य बना रहेगा। आज का दिन किसी यात्रा पर जाने के लिए बेहतर रहेगा। आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी।

**कुंभ :** दिन शानदार रहेगा। आज आप जो काम करेंगे उसमें सफलता मिलेगी। आज का दिन कार्य क्षेत्र में जबरदस्त सफलता लेकर आएगा।

**मीन :** आर्थिक लाभ के संकेत। बिजनेस में नई परियोजनाओं को लागू करने से फायदा होगा। कई लोगों से मिलने का मौका मिल सकता है।

## अनदेखी — संधोल नगर परिषद बनने के बाद भी बेबस हैं इलाके के हजारों लोग

# 6 साल में एक भी बस मिलना तो दूर, दर्जनों रूट कर दिए बंद

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

बेशक चाहे प्रदेश सरकार ने संधोल का पंचायत का दर्जा बढ़ा कर नगर पंचायत कर दिया हो परंतु सुविधाएं आज भी गांव की तरह ही मिल रही है एक दर्जन पंचायतों का यह क्षेत्र आज भी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहा है ।

सबसे ज्यादा बुरा हाल परिवहन सुविधाओं का है जहां पर आज भी रोजाना हजारों लोग बेबस होकर निजी वाहनों में यात्रा कर रहे हैं, हालांकि पूर्व सरकार के समय में यहां पर पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर के अथक प्रयासों से करोड़ों खर्च कर बस अड्डा तो बना दिया गया और तत्कालीन परिवहन मंत्री ने यहां के लोगों को राहत देने के लिए संधोल को सब डिपो का दर्जा भी फरवरी 2019 में प्रदान कर दिया था लेकिन तब से यहां चलने वाली आधा दर्जन बस सेवाएं भी बंद हो गई। वर्षों पुराने चल रहा पठानकोट-पालमपुर -संधोल, मनाली - मंडी-संधोल, चंबा-टांडा संधोल, शिमला-हमीरपुर संधोल, बद्दी-सरकाघाट-संधोल, धर्मपुर संधोल धर्मशाला जैसे कई रुट बंद हैं। लोगों को प्रदेश के तीन बड़े चिकित्सा संस्थानों मेडिकल कॉलेज टांडा कांगड़ा, एम्स बिलासपुर और मेडिकल कालेज नेरचौक मंडी पहुंचने के लिए सीधी बस सेवा नहीं है।( अनंत ज्ञान)

### पुराने बस रूट हों बहाल

**संधोल** पंचायत के प्रधान कुलदीप, दत्तवाड पंचायत प्रधान बीर चंद, घनाला पंचायत प्रधान कश्मीर, गवेल्ला पंचायत प्रधान, कोठवां की प्रधान आशा ठाकुर, नेरी पंचायत प्रधान पंकज आदि ने मंडल प्रबंधक धर्मशाला व मंडी सहित परिवहन मंत्री से गुहार लगाई है कि पुराने बस रुट को बहाल किए जाए ।

### टिकट बुकिंग काउंटर तक नहीं

**परिवहन** के सब डिपो संधोल में अभी तक टिकट बुकिंग काउंटर तक नहीं खुल पाया है। जबकि यहां हमीरपुर डिपो की एकमात्र दिल्ली संधोल बस सेवा को छोड़कर ऑनलाइन बुकिंग नहीं है।

### सांढापतन और हारसीपतन पुल बने सफेद हाथी

**दो** माह पहले सांढा पतन पुल से होकर दो नई बसों को चलाने की घोषणा अभी तक सिरे नही चढ़ पाई है जिसमें मात्र एक बस बैजनाथ डिपो की एक बस ही संधोल पहुंच रही है। इधर डेढ़ दशक पहले बने हारसी पतन पुल बनने के बाद उम्मीद थी कि कथला आने वाले रुट भी संधोल जुड़ेंगे लेकिन इक्का दुक्का बस सेवाएं ही चली। वहीं बैजनाथ भडोल की तरफ से चंडीगढ़ वाया संधोल हमीरपुर फोरलेन होकर करीब एक सौ किलोमीटर की दूरी कम है, अगर इस रुट से होकर डिपो बस शुरू करता है तो सवारियों की समय के साथ साथ पैसे की भी बचत होगी।

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

> संधोल सब डिपो में बुकिंग काउंटर खोला जाएगा, जबकि बंद पड़े रूट पर सवारियां न होने के कारण बसें बंद की गई है।
> —विनोद कुमार, डिविजनल मैनेजर, परिवहन निगम मंडी।

> बस हारसी-पतन में ही क्यों खड़ी हो रही है इसका संज्ञान लेंगे और बस को नियमित चलाया जाएगा।
> —राजकुमार पाठक, डिविजनल मैनेजर हमीरपुर।

'जो बात सिद्धांत में गलत है, वह बात व्यवहार में भी सही नहीं है।
-डॉ. राजेंद्र प्रसाद

## संपादकीय

# दान पर सियासत

गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रही हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार अब मंदिर के धन का उपयोग कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च करने को लेकर विवाद में फंसती नजर आ रही है। मंदिरों का पैसा सरकार की योजनाओं पर खर्च करने पर प्रदेश की सियासत आजकल खूब गर्माई हुई है। प्रदेश में इस मसले को लेकर नया राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। भाजपा ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन और सामाजिक कल्याण की गारंटी को पूरा करने के लिए मंदिर के धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। सुक्खू सरकार ने भाजपा पर पलटवार करते हुए धार्मिक संस्थानों के धन का उपयोग कल्याणकारी योजनाओं के लिए करने के सरकार के फैसले का जोरदार बचाव किया है। कांग्रेस कह रही है कि भाजपा के पास हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व करने का एकमात्र अधिकार नहीं है। हमारा धर्म हमें समाज के सबसे कमजोर वर्गों की देखभाल करना सिखाता है।

कांग्रेस यह तर्क देती है कि यह पहली मर्तबा नहीं होने जा रहा, बल्कि पूर्व की भाजपा सरकारों ने भी जब वह वित्तीय संकट से जूझ रही थी तो उन्होंने भी मंदिरों का पैसा इसी तरह से खर्च किया था। दरअसल, हाल ही में सुक्खू सरकार की तरफ से राज्य सरकार के अधीन आने वाले सभी मंदिरों और उनको संभाल रहे उपायुक्तों को एक चिट्ठी लिखी गई थी, जिसमें मंदिरों में दान के माध्यम हुए एकत्र हुए पैसे को सरकारी योजना में देने का आग्रह किया गया था। ये दो योजनाएं हैं मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना और मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना। अब सवाल उठता है कि क्या वाकई कल्याणकारी योजना के तहत मंदिर ट्रस्ट दान कर सकते हैं।

भाजपा का दावा है मंदिरों के पैसों से ही सरकार की दो योजनाओं को चलाने के लिए अधिकारियों से लेकर मंदिर ट्रस्ट तक पर हिमाचल प्रदेश में सरकारी दबाव बनाया जा रहा है। यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या मुफ्त की योजनाओं को पूरा करने में अगर सरकारी खजाना खाली हो जाएगा तो फिर सरकार भगवान भरोसे चलेगी? मंदिर में लोग अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार मंदिर की दान पेटी में अपनी तरफ से पैसा या फिर जो इच्छा हो अर्पित करते हैं। किसी की आर्थिक स्थिति खराब हो तो वह मंदिर में प्रार्थना करता है कि मदद करें, लेकिन यहां तो आर्थिक संकट से जूझती सरकार अपनी दो योजनाओं के लिए मंदिरों से ही सहायता मांग रही है। कभी मुख्यमंत्री अपनी सैलरी की कुर्बानी देकर दिखाते हैं कि राज्य के खाली खजाने के बीच कैसे वह सरकार चला ले रहे हैं।

कभी अपनी गारंटियों को पूरा करने के लिए सरकार को कहना पड़ता है बिजली सब्सिडी की जरूरत न हो तो मत लो। क्या सरकारी योजना चलाने का पैसा भी हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार मंदिरों की दान पेटी से लेना चाहती है? क्या 95 हजार करोड़ से ज्यादा के कर्ज में डूबी हिमाचल प्रदेश की सरकार अब मंदिर के दान से चलेगी? ये ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब सरकार को देना होगा। हालांकि, सरकार के मंत्री और बड़े नेता भाजपा के आरोपों को नकार रहे हैं, लेकिन भाजपा इस मसले को बड़ा मसला बनाकर विधानसभा के आगामी बजट सत्र में सरकार को खूब घेराना चााहती है। यानी इस बार का बजट सत्र इस मसले को लेकर खूब तपेगा।

हिमाचल में सरकारी अधिग्रहण के तहत 35 मंदिरों की देखरेख जिला प्रशासन करता है। ये मंदिर मुख्यमंत्री राहत कोष में सरकार के लिए मदद का हाथ बढ़ाते आए हैं। हिमाचल के मंदिरों में कहां किसके पास कितनी संपत्ति है, को देखा देखा जाए तो दो वर्ष पहले विधानसभा में दी गई जानकारी से स्पष्ट होता है कि देवभूमि का सबसे अमीर मंदिर ऊना जिले में स्थित मां चिंतपूर्णी मंदिर है। इस मंदिर के खजाने में 100 करोड़ रुपए की बैंक एफडी है और 100 किलो सोना तथा 7200 किलो चांदी है। बिलासपुर जिले में स्थित शक्तिपीठ नयना देवी मंदिर के खजाने में 11 करोड़ से अधिक कैश और 58 करोड़ से अधिक एफडी तथा एक क्विंटल 80 किलो सोना है और 72 क्विंटल से ज्यादा चांदी है। ज्वालामुखी मंदिर के पास 23 किलो सोना है नौ क्विंटल चांदी के अलावा साढ़े तीन करोड़ रुपए कैश है।

चामुंडा मंदिर के खजाने में 18 किलो सोना है तो वहीं, सिरमौर के त्रिलोकपुर में मौजूद मां बाला सुंदरी मंदिर के पास 15 किलो सोना और 23 क्विंटल से ज्यादा चांदी है। अब कांग्रेस दावा करती है हिमाचल के मंदिर पहले भी सरकार के मुश्किल वक्त में मदद करते रहे हैं, लिहाजा मंदिरों के पैसे का सदुपयोग होगा। मंदिर के दान का सार्वजनिक कल्याण के लिए उपयोग करने का उद्देश्य ठीक हो तो इस पैसे को खर्चने में कोई बुराई नहीं है। बहरहाल, देखना यह है कि यह मसला कहां तक खिंचता है और कितने समय बाद शांत होता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ

**मनोरंजन** साहू बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय के पूर्व प्रमुख, शल्य चिकित्सा विभाग के पूर्व अध्यक्ष और क्षारसूत्र चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ हैं। प्रो. मनोरंजन साहू को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में पद्म श्री, 2023 से सम्मानित किया है। प्रो. मनोरंजन साहू शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में यह सम्मान पाने वाले पहले प्रोफेसर हैं। प्रोफेसर साहू का जन्म पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले में हुआ था। सन 1977 में उन्होंने स्टेट आयुर्वेदिक कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उसके बाद एमडी और पीएचडी की उपाधि काशी हिंदू विश्वविद्यालय से 1982 व 1986 में प्राप्त की। इसके बाद बीएचयू में उन्होंने बतौर शिक्षक 34 वर्षों तक कार्य किया। प्रो. मनोरंजन साहू बीएचयू आयुर्वेद संकाय के डीन रहे। उन्होंने अपने कार्यकाल में बीएचयू में वर्ष 2013 में देश का पहला क्षार सूत्र केंद्र बनवाया था। वह सामाजिक संस्थाओं में भी बवासीर का मुफ्त इलाज किया करते थे। मूल रूप से पश्चिम बंगाल के मिदनापुर निवासी प्रो. मनोरंजन साहू ने कोलकाता के जेबी रॉय स्टेट आयुर्वेदिक कॉलेज से वर्ष 1977 में स्नातक किया। सन 1982 और 1986 में बीएचयू में आयुर्वेद में एमडी और शोध करने के बाद काठमांडू चिकित्सा संस्थान में लेक्चरर नियुक्त हुए। ■



मनोरंजन साहू
जन्म : 2 मार्च, 1953

## कविता



### कल खो दिया हमने आज के लिए

*रवींद्र कुमार शर्मा, घुमारवीं, बिलासपुर*

*कल खो दिया हमने आज के लिए, आज खो दिया हमने कल के लिए।*
*आज की खुशी भी गंवा दी हमने,*
*चैन फिर भी नहीं मिला एक पल के लिए।*
*और अच्छे के लालच में, जो पास था वह भी गंवा दिया।*
*दूसरों को अपना बनाने की चाह में,*
*अपनों को भी दूर पहुंचा दिया।*
*आज ही अपना यह जानते हुए भी, कल के लिए बुनते रहे सपने।*
*पहुंच गए थे मंजिल के बहुत करीब, खींच कर ले गए वही दूर जो थे अपने।*
*दुनियां में बहुत हैं जिनके पास कुछ नहीं, उसी में खुश है जो किस्मत से है मिला।*
*जो भी मिला है वही काफी है, फिर किसी से क्या शिकवा कैसा गिला।*
*कल आज के चक्कर में सब कुछ गंवा दिया, जो मिला था वह भी नहीं रहा याद।*
*जिंदगी बीत गई इसी कशमकश में।*
*जो पल मिले थे खुशियों के वह भी कर दिए बर्बाद।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# परीक्षा: सफलता की ओर एक कदम, न कि असफलता का मापदंड

मार्च का महीना विद्यार्थियों के लिए विशेष होता है, क्योंकि यह वर्षभर की मेहनत को परखने का समय होता है। पूरे साल की गई पढ़ाई का परिणाम परीक्षा के रूप में सामने आता है।

अब जब परीक्षाएं दस्तक दे चुकी हैं, तो यह समय है अपनी सीखी हुई बातों को दोहराने और प्रभावी रूप से परीक्षा की तैयारी करने का। हालांकि, अक्सर देखा जाता है कि परीक्षा के दिनों में छात्र तनाव ग्रस्त हो जाते हैं, जिससे उनके प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। परीक्षा को लेकर घबराहट और तनाव एक सामान्य अनुभव है, लेकिन इसे सही तरीके से प्रबंधित करना आवश्यक है ताकि विद्यार्थी अपनी पूरी क्षमता के साथ प्रदर्शन कर सकें। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों में दो प्रकार के तनाव देखे जा सकते हैं-सौम्य और उच्च। मनोवैज्ञानिक शोधों के अनुसार, थोड़ा तनाव परीक्षा की अच्छी तैयारी के लिए प्रेरित करता है, लेकिन अत्यधिक तनाव चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं उत्पन्न कर सकता है।



लेखक : रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी (हमीरपुर)

विद्यार्थी जब परीक्षा के कारण अत्यधिक दबाव महसूस करने लगते हैं, तो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उनकी मुस्कान, जो उनकी पहचान होती है, धीरे-धीरे तनाव के कारण फीकी पड़ने लगती है। कुछ सामान्य लक्षण जो परीक्षा तनाव के कारण विद्यार्थियों में देखे जा सकते हैं। निरंतर चिंता और भय, दिल की धड़कनों का तेज होना, उदासी और निराशा, सिरदर्द और थकावट, आत्मविश्वास में कमी और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई इत्यादि इन सभी लक्षणों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। अभिभावकों को इस दौरान अपने



बच्चों के व्यवहार पर ध्यान देना चाहिए और शिक्षकों से समन्वय स्थापित कर उनकी पढ़ाई में सहायक बनना चाहिए। कई बार अभिभावक अपने बच्चों पर अत्यधिक दबाव डालते हैं, जिससे परीक्षा का तनाव और बढ़ जाता है। अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर थोपना उचित नहीं है।

जब माता-पिता अपने बच्चों की तुलना दूसरों से करने लगते हैं या उनसे असाधारण प्रदर्शन की अपेक्षा करते हैं, तो यह बच्चों में मानसिक तनाव को बढ़ा सकता है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करें, लेकिन उन पर अनावश्यक दबाव न डालें। उन्हें यह समझाना आवश्यक है कि परीक्षा केवल ज्ञान को परखने का माध्यम है, न कि सफलता या असफलता का अंतिम मापदंड। इसके अलावा, बच्चों को समय प्रबंधन और प्रभावी अध्ययन तकनीकों के बारे में सिखाना भी अभिभावकों की जिम्मेदारी है।

विद्यार्थियों को तनाव कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय करने चाहिए जैसे कि परीक्षा की तैयारी समय से पहले शुरू करें और एक प्रभावी अध्ययन योजना बनाएं, विषयों को छोटे-छोटे भागों में बांटकर पढ़ें और नियमित रूप से पुनरावलोकन करें, एक उचित समयसारिणी बनाकर पढ़ाई करें ताकि सभी विषयों को समान रूप से समय दिया जा सके, अध्ययन के बीच छोटे-छोटे ब्रेक लेना न भूलें, परीक्षा के दौरान संतुलित आहार लें और अधिक पानी पिएं, उचित नींद लें, क्योंकि अच्छी नींद से मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ती है, परीक्षा के दौरान भी हल्का व्यायाम या योग करें,आत्मविश्वास बनाए रखें और खुद पर भरोसा करें।

परीक्षा को लेकर अनावश्यक भय और नकारात्मक विचारों से बचें, एक शांत और सकारात्मक माहौल में अध्ययन करें, ध्यान केंद्रित करने के लिए ध्यान (मेडिटेशन) और गहरी सांस लेने के अभ्यास करें, परीक्षा के दिनों में कुछ बातों का ध्यान रखें जैसे कि परीक्षा के एक दिन पहले तनाव न लें, बल्कि हल्का अध्ययन करें, परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचें ताकि जल्दबाजी में कोई गलती न हो, उत्तर लिखते समय संतुलित भाषा और स्पष्टता का ध्यान रखें, परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उत्तर देने के लिए सही रणनीति अपनाएं, कठिन प्रश्नों पर अधिक समय बर्बाद करने की बजाय, पहले सरल प्रश्न हल करें। परीक्षा केवल ज्ञान को परखने का एक माध्यम है, न कि सफलता या असफलता का अंतिम पैमाना।

यह याद रखना आवश्यक है कि सफलता केवल परीक्षा के अंकों से तय नहीं होती, बल्कि विद्यार्थी के संपूर्ण विकास से जुड़ी होती है। आत्मविश्वास, मेहनत, और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है। इसलिए विद्यार्थियों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देनी चाहिए। अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका भी इसमें महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से ही छात्र अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं। हमेशा याद रखें, 'परीक्षा सिर्फ एक पड़ाव है, मंजिल नहीं।' इसे एक अवसर की तरह देखें, जिससे आप सीख सकते हैं, अपने ज्ञान का मूल्यांकन कर सकते हैं और आत्मविकास की ओर बढ़ सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# व्यवस्था परिवर्तन, से सुधरेगी राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली

प्रशासनिक व्यवस्था से तात्पर्य शासन व्यवस्था द्वारा आम नागरिकों के हित में निर्मित सरकारी नीतियों व कार्यक्रमों को व्यवस्थित रूप से क्रियान्वयन करने से है। इसी संदर्भ में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश की राजनीतिक, प्रशासनिक व्यवस्था में व्याप्त, अनेक विषमताओं, अव्यवस्थाओं को संतुलित करने हेत प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से सार्थक प्रयास एवं पहल, प्रदेशवासियों को पारदर्शी प्रशासन उपलब्ध करवाने की दिशा में गतिमान हैं। इन प्रयासों का व्यवहारिक एवं प्रशासनिक निहितार्थ, प्रदेश की शासन व प्रशासनिक व्यवस्था में विभिन्न स्तर पर दूरगामी सुधार करना है।



लेखक : किशन बुशैहरी,
नेरचौक मंडी (हि.प्र.)

प्रदेश के मुख्यमन्त्री द्वारा राज्य की वर्तमान प्रशासनिक, राजनीतिक परिस्थितियों के दृष्टि गत, इन व्याप्त विषमताओं का प्रदेश के आमजनमानस के मध्य जाकर आंकलन करने का प्रयास किया है। तदोपरांत विभिन्न स्तर पर सुधारात्मक अनुप्रयोगों के माध्यम से प्रदेश की असंतुलित प्रशासनिक व्यवस्था को व्यवस्थित या संतुलित करने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री के अनुसार, व्यवस्था परिवर्तन से हिमाचल प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

इसके लिए राज्य सरकार शिक्षा, राजस्व, स्वास्थ्य, विद्युत एवं अन्य प्रशासनिक क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दे रही । वर्तमान प्रदेश सरकार का प्रमुख ध्येय प्रदेश में कार्यालय स्तर पर प्रशासनिक हस्तक्षेप पर अंकुश लगाकर, प्रदेश के नागरिकों को पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासन प्रदान करना है जो कि प्रदेशवासियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन को लक्षित करता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय का अकर्मन्य प्रशासन के प्रति कठोर व आक्रमक दृष्टिकोण, भविष्य में प्रदेश की राजनीतिक, प्रशासनिक एवं सामाजिक परिस्थितियों में दूरगामी प्रभाव को रेखांकित करता है, परंतु इसके विपरीत प्रदेश के जनहितार्थ राजस्व विभाग की व्यवस्था व कार्यप्रणाली में मूलभूत सुधार प्रदेशवासियों के हित में अतिआवश्यक है, क्योंकि राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का राजस्व संबंधित कार्यों के निस्तारण में पक्षपाती एवं भ्रष्टाचार युक्त व्यवहार या दृष्टिकोण इन राजस्व कार्यों को अधिक जटिल एवं विवादित कर देता है।



इसका प्रत्यक्ष प्रमाण कुल्लू जिला के भुंतर तहसील के अंतर्गत पटवार वृत्त रोट-2 के पटवारी द्वारा निशानदेही के दौरान अभद्रता एवं गुंडागर्दी पूर्ण व्यवहार, विभागीय कर्मचारियों की निरंकुशता का प्रतीक है। प्रदेश राजस्व विभाग में विभिन्न प्रकार की राजस्व प्रक्रिया के अत्यधिक कार्य जैसे भूमि सीमांकन, दुरुस्ती, तकसीम, अवैध अतिक्रमण आदि लंबित हैं।

इनका दक्षता एवं सटीकता के साथ निष्पादन करना, राजस्व विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों हेतु एक जटिल कार्य है। विगत वर्ष 2023-24 में प्रदेश मुख्यमंत्री महोदय के आधिकारिक वक्तव्य में प्रदेश में विशेष राजस्व लोक अदालतों के आयोजन के माध्यम से लगभग 187565 राजस्व संबंधित मामलों का निष्पादन करना, एक सराहनीय व सार्थक प्रयास हैं। इस विशेष अभियान के अंतर्गत मंडी जिला में विगत जनवरी माह की 30 व 31 जनवरी को आयोजित राजस्व लोकअदालत में जिला प्रशासन के आधिकारिक आंकड़ों में 1422 इंतकाल, 77 तकसीम, 92 निशानदेही व राजस्व प्रवीष्टियों में सुधार के 33 मामलों का निस्तारण सम्मलित हैं, जो कि जनहित में प्रशासनिक तत्परता का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। बल्ह तहसील की युवा नायब तहसीलदार द्वारा जनवरी माह में लगभग 102 इंतकाल के मामलों का तत्परता के साथ निष्पादन करना, उक्त युवा राजस्व अधिकारी का अपने कार्य के प्रति समर्पण का संकेत है। वर्तमान परिपेक्ष्य में भूमि संबंधित राजस्व विवादों एवं समस्याओं के उचित व पारदर्शी समाधान में राजस्व विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को महत्वपूर्ण एवं सार्थक भूमिका का निर्वहन करना होगा। जिस से प्रदेश में व्याप्त भूमि संबंधित विवादों का समयबद्ध निराकरण हो सके व स्थानीय स्तर पर इस प्रकार के विवादित प्रकरणों की पुनरावृत्ति न हो सके हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**चिट्टा** वर्तमान समय में यंग नौजवानों की नस-नस में घुसता जा रहा है। वर्तमान में हर माता-पिता इस बात को लेकर चिंतित है कि कहीं उनके दिल का टुकड़ा भी इस लत में न फंस जाए। आखिर यह चिट्टा है क्या? एक ऐसा नशा जिसका अंत सिर्फ मौत है। एक बार किसी को चिट्टे की लत लग गई और वह उसे समय पर नहीं छोड़ पाया तो समझो जल्द ही उसका अंत निश्चित है। परंतु समस्या सिर्फ इतनी नहीं है, समस्या असली यह है कि चिट्टा सिर्फ एक जिंदगी का नाश नहीं कर रहा। इसके चंगुल में फंस रहे हैं गांव के गांव। पूरा समाज इसकी चपेट में आ रहा है। बस हिमाचल प्रदेश में यही हो रहा है। बड़े कारोबारी इसमें मौका तलाश रहे हैं। वो चिट्टे के जहर का व्यापार कर रहे हैं। जिसे इसकी लत लग गई, वो इस जहर को खरीदने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार बैठा है। कारण यही है कि हिमाचल में अपराध बड़ी संख्या में बढ़ने लगे पड़े। **राजेश, शाहपुर**

# 'तरड़ी' मंडी शिवरात्रि में उपवास का पौष्टिक और पारंपरिक व्यंजन

मंडी, जिसे हिमाचल प्रदेश की 'छोटी काशी' कहा जाता है, अपनी भव्य शिवरात्रि उत्सव के लिए प्रसिद्ध है। इस पवित्र पर्व के दौरान श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा के साथ-साथ पारंपरिक उपवास भी रखते हैं। उपवास के दौरान खाए जाने वाले अनेक उपवास व्यंजनों में, जंगली यम, जिसे मंडी में स्थानीय रूप से तरड़ी कहा जाता है, शिवरात्रि के इस पावन पर्व पर एक विशेष स्थान रखता है। यह स्वाद में तो अद्वितीय है ही, तथा मंडी की सांस्कृतिक और पाक परंपराओं से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। तरड़ी वनस्पति परिवार डायोस्कोरिएसी से संबंध रखती है तथा अपने वैज्ञानिक नाम डायोस्कोरिया बेलोफाइला से जानी जाती है।



लेखिका : प्रो. तारा देवी सेन
बॉटनी विभागाध्यक्ष, मंडी कॉलेज

**पारंपरिक उपवास भोजन :** तरड़ी, हिमाचल प्रदेश के मध्य हिमालयी जंगलों में 1500 मीटर की ऊंचाई तक उगती हुई मिलती है। तरड़ी कंद प्रदेश के घने जंगलों में तरडोलुओं जो की तरडी के बुल्बिल या बिज होते हैं से झाड़ियों और पेड़ों पर बेल के रूप में उगती है। इसे स्थानीय समुदायों द्वारा सदियों में एक स्वादिष्ट व्यंजन या फलाहार के रूप में उपयोग किया जाता रहा है। तरड़ी कंद कार्बोहाइड्रेट, फाइबर और आवश्यक खनिजों का समृद्ध स्रोत है, जिससे यह उपवास के दौरान आदर्श आहार बन जाता है। यह विशेष रूप से शिवरात्रि के उपवास के दौरान निकाली जाती है,

**तरड़ी की पारंपरिक रेसिपी :** शिवरात्रि के अवसर पर तरड़ी को कई पारंपरिक तरीकों से तैयार किया जाता है। सबसे आम विधि है इसे काटकर देशी घी में उपवास के मसालों के साथ पकाना। पारंपरिक रूप से इसे खुली आग में भूनकर या उबालकर पकाया जाता है, फिर इसे सेंधा नमक और देसी घी के साथ खाया जाता है। इसके अलावा, इसे काटकर मसालों के साथ तलने से भी इसका स्वाद और अधिक बढ़ जाता है। कुछ स्थानों पर इसको भल्ले बना कर खाया जाता है।

**औषधीय महत्व :** तरडी न केवल भोजन के रूप में महत्वपूर्ण है, बल्कि इसके औषधीय गुण भी इसे विशेष बनाते हैं। आयुर्वेद और



पारंपरिक चिकित्सा में यह पाचन में सहायक, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली और जोड़ों के दर्द में राहत देने वाली मानी गई है। उच्च फाइबर होने के कारण यह आंतों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में भी सहायक होती है। तरड़ी की तरह पारंपरिक आहार न केवल हमारी संस्कृति को जीवंत बनाए रखते हैं, बल्कि जैव विविधता के संरक्षण को भी बढ़ावा देने में मददगार होते हैं। कठिनाईपूर्ण और पारंपरिक खुदाई तकनीक शिवरात्रि से पहले ग्रामीण समुदाय जंगलों में जाकर इस पोषक कंद को एकत्रित करते हैं। हालांकि तरड़ी की खुदाई एक श्रमसाध्य और समय लेने वाली प्रक्रिया है, क्योंकि कंद मिट्टी के बहुत अंदर तक जाते हैं। यदि इसे सही तरीके से न निकाला जाए, तो यह मिट्टी के कटाव का कारण बन सकता है, लेकिन, अनुभवी ग्रामीण लोग इसे पारंपरिक और सतत तरीके से निकालते हैं।

**वाणिज्यिक मूल्य और सतत संरक्षण:** तरड़ी के ताजे कंद स्थानीय बाजारों में ₹200 से ₹300 प्रति किलोग्राम तक बिकते हैं, जिससे यह व्यापारियों के लिए एक महत्वपूर्ण मौसमी उत्पाद बन जाता है। हालांकि, उपवास एवं ऑर्गनिक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के कारण इसके सतत दोहन की आवश्यकता है तथा निरंतर आपूर्ति के लिए व्यापारियों और ग्रामीणों को एक संगठित आपूर्ति श्रृंखला बनाने की जरूरत है। यदि अधिक मात्रा में कटाई की गई, तो इसके प्राकृतिक स्रोत समाप्त हो सकते हैं, जिससे पर्यावरण और आजीविका दोनों प्रभावित होंगे।

**खेती और नवाचार :** अब कुछ लोग एक दूसरी प्रजाति (शायद डायोस्कोरिया अलाटा) की खेती कर रहे हैं, जिसकी खासियत यह है कि इसके जड़ और हवाई कंद दोनों खाने योग्य होते हैं। यह किस्म अधिक उपजाऊ होती है और इसकी कटाई भी आसान होती है। इसको उगाने के लिए मिट्टी के गमले, प्लास्टिक कंटेनर और कंक्रीट संरचनाओं का उपयोग किया जा रहा है।

**मूल्यवर्धित उत्पाद और नई संभावनाएं :** तरड़ी को आचार या, बड़ियां बनाकर साल भर के लिए संरक्षित किया जा सकता है 'तरड़ी बड़ी' में स्थानीय जड़ी बूटियों को मिला कर कई मूल्यवर्धित खाद्य नवाचार किए जा सकते हैं । मूंग या माह की दाल में तरड़ी एवं पोषक तत्वों से भरपूर जड़ी-बूटियों जैसे कि छूछ, पडयाला फाफरा और मोरिंगा के साथ मिलाकर मूल्यवर्धित बड़ियों को तैयार किया जा सकता है। इस शिवरात्रि, जब मंडी एक बार फिर भव्य उत्सव का गवाह बनेगा, तरड़ी का महत्व बना रहेगा। इसे संजोकर रखना हमारे पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रकट करने और एक स्वस्थ, पर्यावरण-अनुकूल भविष्य की ओर बढ़ने का एक कदम है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# भारतीय समाज के एक साधनहीन वर्ग को आर्थिक संकट

केंद्र सरकार हो या प्रदेश सरकार समाज के एक वर्ग से हमेशा अन्याय होता रहा है, जबकि दूसरे वर्ग को दोहरी सुविधाएं मिलती है। इसलिए यह उपेक्षित वर्ग अपना रोष तो व्यक्त करता है, लेकिन उसकी ऊपर तक कोई सुनवाई नहीं होती।

अपने वोट बैंक को बढ़ाने के लिए राजनीतिक दल मुफ्त की सुविधाएं देने की घोषणा करती है। सत्तासीन होने वाली सरकार उसका भी कोई ऐसा मापदंड तय नहीं करती जिससे कमजोर वर्ग को अन्य वर्ग से कुछ अधिक सुविधाएं मिल जाए, लेकिन ऐसा नहीं किया जाता। यह जमीनी सच्चाई है कि समाज का साधन-संपन्न वर्ग वह है जो सरकारी नौकरी पर है। उस वर्ग को महीने के बाद हजारों रुपए वेतन मिलता है। सेवानिवृत्ति के बाद नई पेंशन मिले या पुरानी पेंशन।



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

उन्हें आर्थिक संकट से नहीं जूझना पड़ता है। उस परिवार के पास जीवन जीने की सुविधाएं होती है। यह सही बात है कि सरकार सभी को सरकारी नौकरी दे। ऐसा भी नहीं है कि जिन पढ़े-लिखे लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिली है। वे बिलकुल अयोग्य है। योग्यता होने



के बावजूद कई कारण रहे होंगे। उनकी ऊपर तक पहुंच नहीं रही होगी, इसलिए वे सरकारी नौकरी से वंचित हो गए होंगे।

इस तरह बड़े व्यपारियों को भी व्यापार में अच्छा लाभ मिल जाता है। कई व्यापारी ऐसे हैं जिन्होंने कई-कई नौकर रखे हुए हैं। उनका जीवन स्तर ही बताता है कि उन्हें सरकार की छोटी-छोटी सुविधओं की जरूरत ही नहीं होती। फिर भी यदि सरकार कोई सुविधा देती है तो हर कोई 'बहती गंगा में हाथ' धोने से गुरेज नहीं करता। यदि सरकार कहे कि अपेक्षित वर्ग को बहुत सी सुविधाएं दी जा रही है। तो यह कुछ हद तक तर्कसंगत नहीं है। पूर्व सरकार ने सभी के लिए 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने की सुविधा दी। उसमें भी कोई मापदंड तय नहीं क्या गया था। मौजूदा सुक्खू सरकार बुजुर्गों को मान-सम्मान देने की बात कर रही तो दूसरी ओर पूर्व सरकारों की ओर से दी जा रही सुविधाओं से भी छेड़छाड़ कर रही है।

पिछले साल तक राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने के लिए सम्मान कार्ड बनाने की फीस 50 रुपए निर्धारित की गई थी। इस वर्ष यह फीस बढ़ा कर एक सौ रुपए कर दी है। सरकार ने यह सुविधा 60 वर्ष की आयु पार कर चुके बुजुर्गों को दी है। यही नहीं सरकार ने अपने दो वर्षों के शासनकाल में सामाजिक सुरक्षा पेंशन भी नहीं बढ़ाई। जिन बुजुर्गों के बेटे सरकारी नौकरी पर नहीं है तथा आय के भी नाममात्र साधन है। ऐसे बुजुर्ग कैसे अपना जीवन यापन कर रहे हैं, यह चिंतनीय है।

भाजपा की पूर्व जयराम सरकार ने महिलाओं को राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में आधे किराए की सुविधा प्रदान की थी। उसमें कोई मापदंड तय नहीं किया गया था। इस सुविधा का 80 प्रतिशत से अधिक लाभ उन महिलाओं को मिल रहा है जो सरकारी नौकरी करती है तथा घर से 50 किलोमीटर तक का रोजाना सफर करती है। उन्हें अच्छा-खासा वेतन मिल रहा है तथा किराए में फिर 50 प्रतिशत की छूट मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्र की आम महिलाओं को अपने घर के काम से ही फुर्सत नहीं मिल पाती। वे कभी कभार ही निगम की बसों में सफर करती हैं। अर्थात आम महिलाओं को भी वही सुविधा है, जो सरकारी नौकरी करने वाली महिलाओं को मिल रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पड्डल में उतरा देवलोक, श्रद्धालुओं ने निहारे अपने आराध्य

अनिल शर्मा, मंडी

छोटी काशी मंडी में दो दिन बारिश के उपरांत श्रद्धालुओं ने सूर्यदेव के साथ सैकड़ों देवी-देवताओं के दर्शन किए। इस दौरान ऐसा लग रहा था मानो एक वर्ष बाद देवलोक पड्डल मैदान में उतर आया हो। गौर हो कि अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देने आए देवी-देवता पड्डल में डेरा डाले हुए हैं।

सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु देवी-देवताओं से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। मंडी नगर के चप्पे-चप्पे पर वाद्य यंत्रों की देव ध्वनियां, देवताओं के परस्पर मिलन और देवलुओं के जयकारों ने पड्डल मैदान को स्वर्ग में बदल दिया है। हर तरफ देवी-देवताओं के मनमोहक रथ और गाजे बाजे ही दिखते हैं। अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में लोगों के हुजूम अपने आराध्य देवों के दर्शनों को उमड़े हुए हैं। सोने-चांदी के रथों पर सवार देवों के साथ दर्जनों देवलू मंडी नगर में आए हुए हैं और श्रद्धालुओं के आतिथ्य को स्वीकार कर उन्हें अनुगृहीत कर रहे हैं। सुकेत और मंडी रियासत से आए देवी-देवताओं के साथ सैकड़ों, हजारों नहीं लाखों देवलु आए हुए हैं। हवा में लहराती तलवारें और नृत्य करते देवलु देवता संग खूब झूम रहे हैं। पड्डल में कतारबद्ध बैठे देवताओं की शोभा अन्नायास ही अपनी ओर आकर्षित कर रही है।( अनंत ज्ञान)


ऐतिहासिक पीपल के पेड़ के नीचे बैठे देवी-देवता।

## झोली में रख लेते हैं देवताओं की आशीष

श्रद्धालु सभी देवी देवताओं से चावल स्वरूप आशीष एक झोली में प्राप्त कर रहे हैं। गौर हो कि इस आशीष का लोग वर्ष भर के लिए अपने पास रखते हैं और जब उन्हें मानसिक अवसाद या अन्य कोई परेशानी नजर आती है, तो वह इसे देवी देवता का आशीर्वाद मान कर उपयोग में लाते हैं। इसी बीच लोग अपने अपने आराध्य से सुरक्षा स्वरूप पाने लेकर देवता की मनमोहक छवि आंखों में बसा कर विदा हो रहे हैं।

**दो दिन बारिश के बाद खिली धूप, उमड़ा जन सैलाब**

## श्रीदेव पेखरा गहरी के हुरंग गांव में प्रवेश करने पर ही अन्न ग्रहण करते हैं लोग

चौहार घाटी के श्रीदेव पेखरा गहरी 5 वर्ष बाद अपनी हारी में घूमते हैं और एक माह हारी फेरा पूर्ण कर अपने मंदिर में विराजमान हो जाते हैं। राजतंत्र के समय से श्रीदेव पेखरा गहरी अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में शिरकत करते आ रहे हैं। बैशाख संक्रांति में देवता विशु मेला में शिरकत करते हैं और पांच वर्ष बाद होने वाले काहिका उत्सव में जब श्रीदेव पेखरा गहरी हुरंग गांव में प्रवेश करते हैं, तभी गांव वाले अन्न ग्रहण करते हैं इससे पूर्व अन्न ग्रहण नहीं करते हैं। चौहार घाटी के हस्तपुर में घने देवदार के पेड़ों के बीच देवता का सुंदर मंदिर स्थापित है और देवता का एक मंदिर और है। फसल के समय बारिश न होने पर श्रीदेव पेखरा गहरी का गुर परिवर्तित हो जाता है, देव हुरंग नारायण से आशीष आती है और नए गुर को दी जाती है। क्षेत्र के लोग सभी कार्य देवता को पूछ कर ही करते हैं। सोमवार और वीरवार को बड़ी पूजा आयोजित होती है और अन्य दिनों में देवता का गुर धूप देता है। गुर राजूराम, पुजारी सुनील कुमार, भंडारी प्रेम सिंह ने बताया कि कोई भी व्यक्ति देवता के पास बीड़ी सिगरेट लेकर नहीं आ सकता है। देवता के आसपास के क्षेत्रों में धूम्रपान पूर्ण रूप से निषेध है।

## कबड्डी में राजपुरा विजेता जोगिंद्रनगर उपविजेता

अंतराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आयोजित लड़कियों की कबड्डी प्रतियोगिता में खेलो इंडिया राजपुरा सेंटर की टीम जोगिंद्रनगर की टीम को 16 के मुकाबले 28 अंकों से हराकर विजेता बनी।

उन्हें 21,000 की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया किया, जबकि उपविजेता रही जोगिंद्रनगर की टीम को 15,000 रुपए की राशि प्रदान की गई। सेमीफाइनल मुकाबला खेलो इंडिया राजपुरा तथा कोचिंग सेंटर शिरडा के मध्य खेला गया। जिसमें खेलो इंडिया राजपुरा सेंटर की टीम ने 58-37 से शिरडा की टीम को हराकर मुकाबला अपने नाम किया।

जोगिंद्रनगर की टीम ने सोलन की टीम के न आने से सीधे फाइनल में प्रवेश किया। कबड्डी प्रतियोगिता में कुल्लू, जोगिंद्रनगर, कृष्णा एकेडमी बिलासपुर, कोचिंग सेंटर शिरडा और खेलो इंडिया राजपुरा की टीमों ने भाग लिया।

## महाशिवरात्रि में देव कृपा


श्री देव पेखरा गहरी, हस्तपुर चौहार घाटी।


श्रीदेवी कोयला भगवती, राजगढ़ बल्ह।


देव श्री बाला कामेश्वर चच्योट गोहर।


महेणी माता, बदार मंडी।


काल भैरव, सप्रेई बदार।


बनौली महादेव, बदार।

# अंतरराष्ट्रीय कल्चरल परेड में शामिल हुए विदेशी कलाकार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मंडी में 27 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित किए जा रहे छोटी काशी अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के तीसरे दिन मंडी में अंतरराष्ट्रीय कल्चरल परेड का आयोजन किया गया। नगर एवं ग्राम नियोजन, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने हरी झंडी दिखाकर परेड को रवाना किया।

कल्चरल परेड उपायुक्त कार्यालय के प्रवेश द्वार से शुरू होकर सेरी मंच होते हुए इंदिरा मार्केट परिसर का चक्कर काटकर वापस वहीं पर संपन्न हुई, जिसमें विदेशों से आए कलाकारों ने प्रमुख रूप से भाग लिया और अपने-अपने देश की संस्कृति का प्रदर्शन किया। इसके अलावा भारत के उत्तरी राज्यों से आए कलाकार भी कल्चर परेड में शामिल हुए।

इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने कहा कि इस तरह के आयोजन विभिन्न देशों के मध्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान के सशक्त माध्यम होते हैं। छोटी काशी अंतर्राष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव आयोजन समिति की इस पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि कल्चरल परेड के जरिए हमें देश-विदेश की संस्कृति को नजदीक से देखने का अवसर मिला है। इसके आयोजन से सांस्कृतिक आदान-प्रदान होगा और यहां की देव संस्कृति की महक पूरे भारत सहित विदेशों में भी फैलेगी।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते धर्माणी व अन्य।

कल्चरल परेड में विदेश से आए यूक्रेन, थाईलैंड, श्रीलंका, मलेशिया और कजाकिस्तान के कलाकारों ने, उत्तर भारत के जम्मू और कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कलाकारों और हिमाचल के चंबा के पांगी और भरमौर, शिमला, लाहौल-स्पीति, कुल्लू, सिरमौर के कलाकारों ने भाग लिया। मंडी जिला के मांडव्य कला मंच, संगीत सदन, अमर युवक मंडल, संकल्प युवक मंडल के कलाकार भी इस सांस्कृतिक परेड में शामिल हुए। उत्तर भारत और हिमाचल के 20 सांस्कृतिक दलों ने अपने-अपने क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक झलक पेश की।

इस दौरान विभिन्न देशों के कलाकारों ने विभिन्न प्रकार के करतब करके दिखाए और पारंपरिक परिधानों में अपने-अपने देश का नृत्य किया। इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर और कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, जीवन ठाकुर भी उपस्थित थे।



## शिवरात्रि महोत्सव में लोक वाद्य यंत्र प्रतियोगिता शुरू

छोटी काशी अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में पड्डल मैदान में महोत्सव के तीसरे दिन देवलुओं की लोक वाद्य यंत्र प्रतियोगिता आरंभ हो गई। लोक वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में देवलुओं ने करनाल, रणसींघा, शहनाई, ढोल, नगाड़ा, बाम, काहुल, भाणा बजाकर प्रतियोगिता में भाग लिया। इन ध्वनियों से पूरा पड्डल मैदान देव ध्वनियों से गूंज उठा।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 4 मार्च को होगा। वाद्य यंत्र प्रतियोगिता के लिए 96 देवताओं के साथ आए देवताओं के साथ आए देवलुओं ने पंजीकरण करवाया, जिसमें से पहले दिन वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में 59 देवताओं के साथ आए देवलुओं ने भाग लिया। इस दौरान एक देवता के साथ आए दल ने 42 वाद्य यंत्र बजाए, जिसमें से 20 करनाल और 9 चांदी के रणसिंघे थे।

माहूंनाग रिवालसर देवता के साथ आए 6 साल के बजंतरी करण ने भी इस प्रतियोगिता भाग लिया।

# अभिलाषी कॉलेज में मनाया शून्य भेदभाव दिवस

विनोद, नेरचौक

शून्य भेदभाव दिवस के अवसर पर अभिलाषी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एक भाषण एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समानता और समावेशन को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में का उपप्राचार्य सपना गोयल, एचओडी पदम देव, समन्वयक देवेंद्र कुमार, डीएल एड के सभी संकाय सदस्य एवं छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत शून्य भेदभाव दिवस के महत्व पर एक प्रेरणादायक भाषण के साथ हुई, जिसमें समाज में समावेशी बढ़ाने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। शिक्षकों एवं छात्रों ने इस विषय पर, विचार साझा किए और शिक्षा तथा समाज में पूर्वाग्रहों को समाप्त करने की प्रतिबद्धता दोहराई। (अनंत ज्ञान)


अभिलाषी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक शपथ लेते हुए चित्र में।

**कार्यक्रम में करवाया भाषण व शपथ ग्रहण समारोह**

## मंदिरों की जमापूंजी नहीं छीनने देगी भाजपा : अजय

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एव अधिवक्ता अजय चौहान ने कहा कि मंदिरों से सरकार को पैसा देने की बात कही गई है और प्रशासन द्वारा जिस तरीके से मंदिर समितियों पर दबाव बनाया जा रहा है वह शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि देवताओं का अपमान करने वाले आज मंदिरों का सहारा ले रहे हैं। भाजपा मंदिरों की जमापूंजी छीनने नहीं देगी।



# सांस्कृतिक संध्या में वीर नारियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी की दूसरी सांस्कृतिक संध्या एक शाम शहीदों के नाम पर आयोजित की गई दूसरी सांस्कृतिक संध्या में धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनकी धर्मपत्नी कविता शेखर भी मौजूद रही। उपायुक्त ने मुख्यातिथि को मांडव हिम इरा के हस्त निर्मित उत्पाद भेंट कर सम्मानित किया।

उपायुक्त एवं अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि कमेटी के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने वीर नारियों पुष्पा देवी पत्नी शाहिद नायक धर्म सिंह, नेहा देवी पत्नी शहीद सिपाही संदीप कुमार व्यासा देवी पत्नी शहीद हवलदार प्रकाश चंद, सुनीता देवी पत्नी शहीद सिपाही शेषराम उर्मिला देवी पत्नी शहीद नायक इंद्र सिंह, सत्या देवी पत्नी शहीद नायव सूबेदार खेमराज, लता देवी पत्नी शहीद सिपाही तेज सिंह, नीतू देवी पत्नी शहीद सिपाही भूपेंद्र कुमार, इंदिरा देवी पत्नी शहीद सिपाही इंद्र सिंह, भानुप्रिया पत्नी शहीद नायव सूबेदार राकेश कुमार, कांस्टेबल पुलिस श्वेता देवी पत्नी शहीद हवलदार नवल किशोर, चिंता देवी पत्नी शहीद सिपाही किशन चंद, निर्मला देवी माता शहीद सिपाही हीरा सिंह को सम्मानित किया।



## तीन युवाओं से 176 ग्राम चरस बरामद

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सरकाघाट पुलिस ने तीन युवाओं को चरस सहित हिरासत में लिया है।

जानकारी अनुसार पुलिस टीम ने तीन युवक जिनमें आशीष कुमार पुत्र पुरषोत्तम चंद गांव तरकवाड़ी तहसील भोरंज, विजय कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी गांव मंगलेहड सरकाघाट और आशीष कुमार पुत्र भूप सिंह गांव कोठी सरकाघाट के पास से 176 ग्राम चरस बरामद की। इस पर पुलिस थाना सरकाघाट में केस दर्ज किया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए रजनीश ठाकुर ने बताया कि जांच जारी है।

## किसानों ने मांगा बिल का भुगतान

अनंत ज्ञान, मंडी। हिमाचल किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीताराम वर्मा की अध्यक्षता में कृषि सचिव सी. पालरासु से सुंदर नगर में मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने मंडी जिला के प्रगतिशील कृषकों के धान के प्रोक्योरमेंट के बिल जिला कोषागार मंडी में 10,61,000 रुपए के बिलों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि उनकी इस मांग को जल्द पूरा किया जाए। जिला सचिव धोनी चंद शर्मा तथा कोषाध्यक्ष को खूब राम ने बताया कि सचिव की ओर से आश्वासन दिया गया कि इस पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

# रीतिका मिस फेयरवेल और भूपेंद्र बने मिस्टर फेयरवेल



अनंत ज्ञान, पंडोह

बालक राम पांडवा पब्लिक हाई स्कूल पंडोह में आठवीं और नौवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल प्रबंधक बीआर सकलानी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। पांडवा पब्लिक हाई स्कूल के मुख्याध्यापक उमेश कुमार ने छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी।

समारोह में मिस फेयरवेल रीतिका वर्मा, मिस्टर फेयरवेल भूपेंद्र सिंह को चुना गया। ललित ठाकुर को मिस्टर हैंडसम, कशिश राणा को मिस चार्मिंग तथा पंकज राणा को स्टूडेंट ऑफ द ईयर चुना गया।

## चरस और अफीम तस्करी के आरोपी पांच दिन के रिमांड पर

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर पुलिस ने गुगली खड्ड से 3 किलो 11 ग्राम चरस और 310 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

गिरफ्तार आरोपियों में गंगाराम (42) और शेर सिंह (52) निवासी सिंघधार तथा मनीराम (45) निवासी भमचवान, सब डिवीजन पधर शामिल हैं। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि ये नशा कहां से लाया गया था और इसे आगे कहां सप्लाई किया जाना था।


**विडंबना** लोक निर्माण विभाग का दो साल बाद भी काम अधूरा

# मच्छयाल में पुल का निर्माण कार्य अधर में लटका

अभिषेक, जोगिंद्रनगर

मच्छयाल में दो मंदिरों को जोड़ने वाले पुल का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। लोक निर्माण विभाग ने इसे एक साल में पूरा करने का वादा किया था, लेकिन अब दो साल बीतने के बावजूद काम आधा-अधूरा पड़ा है।

शनि मंदिर कमेटी के सदस्य रेवत चौधरी ने बताया कि इस पुल के निर्माण के लिए पूर्व सांसद स्व. रामस्वरूप शर्मा ने सांसद निधि से धन स्वीकृत करवाया था, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण पुल का निर्माण कार्य तक पूरा नहीं हो पाया है। (अनंत ज्ञान)



## ठेकेदार के दावों और हकीकत में बड़ा अंतर

कुछ दिनों पहले ठेकेदार ने समाचार पत्र में बयान दिया था कि पुल का 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि 50 प्रतिशत काम भी पूरा नहीं हुआ है। रेवत चौधरी ने आरोप लगाया कि ठेकेदार के मजदूर एक दिन काम करने आते हैं और तीन दिन छुट्टी पर चले जाते हैं। इससे निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है और स्थानीय लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## अधिशाषी अभियंता से जल्द काम पूरा करने की अपील

शनि मंदिर कमेटी और स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता जय प्रकाश नायक से अनुरोध किया है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और पुल का कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाएं। स्थानीय श्रद्धालु और ग्रामीणों का कहना है कि पुल बनने से उन्हें दोनों मंदिरों तक पहुंचने में आसानी होगी। ऐसे में विभाग को जल्द से जल्द इस दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

MUNICIPAL CORPORATION MANDI (HIMACHAL PRADESH)
Phone 01905-222146, 223054, 221980
email:- mcorp.mandi@gmail.com







अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव 2025 स्वर्णिम अवसर पर नगर निगम मंडी की तरफ से समस्त प्रदेश वासियों को बधाई

## न्यूज ब्रीफ

### विज्ञान अध्यापक संघ उपनिदेशक से मिला



**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ जिला ऊना का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा की अध्यक्षता में जिला शिक्षा उपनिदेशक सेकेंडरी अनिल कुमार से एक शिष्टाचार भेंट के दौरान अपनी मांगों को लेकर मिला। संघ के अध्यक्ष रमेश मेहरा एवं अन्य पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम अनिल कुमार को सम्मानित किया और उनको ऊना जिला में शिक्षा उपनिदेशक सेकेंडरी का पदभार ग्रहण करने की भी बधाई दी। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने शिक्षा उपनिदेशक के समक्ष ट्रांसफर के लिए 30 किलोमीटर की से दूरी घटाकर 15 किलोमीटर करने, कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को सितंबर और मार्च में रेगुलर करने सहित अन्य मांगें रखीं। इस दौरान जिला शिक्षा उपनिदेशक ने संघ को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगों को सरकार को भेजा जाएगा। इस मौके पर विज्ञान अध्यापक संघ के अध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा, सीनियर वाइस प्रधान बलबीर सिंह मनकोटिया, कुलदीप राज चंदेल, तजिंदर सिंह, जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजन शर्मा, पूर्व जिला विज्ञान पर्यवेक्षक संजीव कुमार लट्ठ, अश्विनी सैनी, सोमनाथ, विनय कटोच, हरनेक सिंह, अजय कंवर, संजीव कुमार, सतीश कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विधायक आज करेंगे विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा रविवार को क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उनका दिनभर का कार्यक्रम जनकल्याण और सामाजिक गतिविधियों से भरा रहेगा। विधायक विवेक शर्मा सुबह 10 बजे ऊना में आयोजित हिमोत्कर्ष साहित्य एवं जन कल्याण के कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। हिमोत्कर्ष ऊना क्षेत्र में सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण आयोजन है। इसके बाद, दोपहर 12 बजे विधायक धतोल में पंचायत भवन के शिलान्यास समारोह में शामिल होंगे। इसके साथ ही, विधायक विवेक शर्मा दोपहर 2 बजे डूमखर में क्रिकेट मैच में मुख्यतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह मुकाबला प्रेस 11 और प्रशासन 11 के बीच खेला जाएगा। विधायक न केवल इस खेल आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे, बल्कि विजेता टीम को सम्मानित भी करेंगे।

### बड़ोआ के उपभोक्ताओं को मिला नया ट्रांसफार्मर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के तहत पड़ते फीडर तलमेहड़ा के बड़ोआ गांव के लगभग 350 के करीब उपभोक्ताओं को पिछले लंबे समय से बिजली की आंख-मिचौली से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, क्योंकि इस स्थान पर लगा ट्रांसफार्मर बहुत पुराना हो गया था। इसकी वजह से हर दिन उपभोक्ताओं को बिजली की आंख मिचौली का सामना करना पड़ रहा था। वहीं, लोगों की समस्या का समाधान हल करवाने के लिए सहायक अभियंता ई. उदित सिंह ने एक नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवा कर लोगों की समस्या का समाधान हल करवाया। वहीं पर समस्या का समाधान हल होने पर उपभोक्ताओं में विजय शर्मा, सारांश शर्मा,रामजी दास शर्मा, रवि शर्मा, राज कुमार, जगदीश चंद शर्मा, सतपाल शर्मा, सुखदेव शर्मा, मनोहर लाल शर्मा सहित अन्य उपभोक्ताओं ने विभाग के कर्मचारियों तथा उच्चाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### पनोह स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गवर्नमेंट हाई स्कूल छठी से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने प्री वोकेशनल शिक्षा को लेकर प्री वोकेशनल शिक्षा भ्रमण शोभित आईटीआई चलोला जिला ऊना क भ्रमण किया । छात्र-छात्रों ने बारीकी से तकनीकी शिक्षा की जानकारी प्राप्त की तथा इलेक्ट्रीशियन, फिटर, प्लंबर, मोटर मैकेनिक, व्हीकल, डीजल मैकेनिक व कंप्यूटर लैब तथा ऑनलाइन परीक्षा केंद्र का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर जीएचएस स्कूल के अध्यापक तिलक राज टीजीटी आर्ट्स तथा तरुणा देवी, शास्त्री अध्यापक मीनाक्षी पीईटी भी साथ रहे। आईटीआई के अनुदेशकों क्रमश अक्षय कुमार इलेक्ट्रीशियन, सरबजीत संधू फिटर, प्रवीण शर्मा प्लंबर तथा रोबिन कुमार एमएमवी, राहुल चंडेल डीजल मैकेनिक, आईटी लैब की मानसी देवी तथा संस्थान के अध्यक्ष देशराज गौतम ने छात्र-छात्राओं को बारीकी से प्री वोकेशनल शिक्षा के बारे में बताया ताकि छात्र अपना लक्ष्य भविष्य में निर्धारित कर सकें।

## पशुओं में बांझपन विकारों को लेकर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** दुधारू पशुओं में आने वाले बांझपन व प्रजनन विकारों को लेकर शनिवार को विकास खंड गगरेट के खुठेड़ी जसवालां गांव में पशुपालन विभाग द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए पशुपालन विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. दिनेश परमार, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. राकेश शर्मा व पशु चिकित्सक डॉ. शुभम ठाकुर ने दुधारू पशुओं में आने वाले बांझपन विकारों को लेकर पशुपालकों को जागरूक किया और कई पशुओं की जांच कर उन्हें उपचार उपलब्ध करवाया।

पशुपालन विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. दिनेश परमार ने कहा कि भारत में डेयरी फार्मिंग और डेयरी उद्योग में बड़े नुकसान के लिए पशुओं का बांझपन जिम्मेवार है। बांझ पशु को पालना पशुपालक के लिए आर्थिक नुकसान का कारण होता है। पशुओं में दूध देने के दस से तीस प्रतिशत मामले बांझपन और प्रजनन विकारों से प्रभावित हो सकते हैं। यह भी एक कारण है कि पशुपालक ऐसे पशुओं को चोरी से आवारा छोड़ रहे हैं जिससे आवारा पशुओं की समस्या भी गंभीर रूप धारण कर रही है।

### अपहरण मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को किया अदालत में पेश, नाबालिग लड़की को भेजा बाल सुधार गृह

# फोरेंसिक टीम ने नहर में ढूंढे सबूत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



ऊना से अपहरण किए गए युवक हरदीप उर्फ जिया के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी युवक और एक लड़की को अदालत में पेश किया है। माहौल तनावपूर्ण होने के कारण पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच इनको कोर्ट में पेश किया गया है। नाबालिग होने के कारण लड़की को बाल सुधार गृह भेजा गया है। इस बीच उनका मेडिकल चेकअप भी कराया गया है।

अभी कहानी में कई ट्विस्ट आ रहे हैं। युवती के अगर लापता युवक के साथ प्रेम संबंध थे तो क्या युवती भी किडनैप की गई थी। नाबालिग होने के कारण उसका अपहरण कर्ताओं ने बहला-फुसला कर गलत इस्तेमाल किया है। जांच में कई एंगल सामने आएंगे। फिलहाल यह भी पता चला है कि लापता युवक के साथ युवती के पुराने संबंधों के कारण मामला पंचायतों और पुलिस तक भी पहुंचा था। जिया अपहरण मामले में पिछले कल इस मामले में पुलिस अपहरण किए गए युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई थी। पुलिस इस बीच छानबीन के लिए नंगल नहर में भी तलाशी अभियान चला रही है। जिया के स्वजन भी साथ में इस जांच में सहयोग कर रहे हैं।

एफएसएल की टीम और पुलिस की टीम ने नंगल से श्री आनंदपुर साहिब नहर में सर्च ऑपरेशन जारी था। पुलिस ने अभी तक पूछताछ के आधार पर यह अभियान छेड़ा है। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि जिया को नहर में फेंका गया था। इसमें मुख्य मास्टर माइंड वंश भी पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है। प्रेम प्रसंग और एक युवती के लिए यह पूरा षड्यंत्र रचा गया प्रतीत हुआ है।

अपहरण के मामले में पुलिस ने तीन युवकों सहित एक लड़की को भी अरेस्ट किया है। पुलिस द्वारा पिछले कल इस मामले में दो युवकों को कोर्ट में पेश किया था, जबकि इस मामले में एक अन्य युवक काबू और नाबालिग लड़की को अपनी निगरानी में लिया गया था। देर रात ली थी, जिनका देर रात जिला अस्पताल में मेडिकल करवाए जाने के बाद आज पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच इन दोनों को ऊना कोर्ट में पेश किया गया है। ऊना पुलिस स्टेशन के बाहर जिया के स्वजनों और ग्रामीणों ने रोष प्रकट किया था।

नाबालिग युवती को बाल सुधार जेल भेजा गया है, जबकि युवक कोर्ट ने चार तारीख तक पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच पकड़े गए दोनों अभियुक्तों को पेश किया गया। आपको बता दें कि पिछले कल एसपी ऊना राकेश सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अपहरण किए गए युवक की हत्या किए जाने की आशंका प्रकट की थी। इसके चलते आज पुलिस की टीम और फॉरेंसिक की टीम द्वारा नंगल से आनंदपुर साहिब जाने वाली नहर में जाकर सबूत इकट्ठा किय गए हैं। इस दौरान पुलिस की टीम भी साथ में मौजूद रही। आपको बता दें कि आरोपियों द्वारा अपहरण किए युवक हरदीप का वीडियो बनाकर व्हाट्सऐप पर डाला गया था।

वीडियो में हरदीप के साथ मारपीट की गई थी। इसके बाद पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज किए जाने के बाद इस मामले में चारों अभियुक्तों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। दोनों मुख्य अभियुक्तों का कोर्ट ने रिमांड दिया है। रिमांड के बाद अब इस मामले में अहम खुलासे होने की उम्मीद जगी है, फिलहाल पुलिस मामले में किसी भी समय प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले से पर्दा उठा सकती है ।

## चिंतपूर्णी पार्किंग के लिए 29 आवेदन मंजूर

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी में नया बस स्टैंड बैरियर से होटलों की पार्किंग तक जाने के लिए 36 आवेदनों में से 29 आवेदनों को मंजूरी दी गई है। यह मंजूरी एसडीएम कार्यालय अंब द्वारा शर्तों के तहत दी गई है, जिसमें मुख्य रूप से बैरियर से क्रॉस करने वाल फोर व्हीलर सिर्फ होटल की पार्किंग तक ही जा सकेंगे, मंदिर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, रोड पर पार्किंग नहीं करनी होगी और स्पीड लिमिट भी 10 किलोमीटर प्रति घंटा तय की गई है। यह परमिशन 1 फरवरी से लेकर 30 अप्रैल तक की दी गई है। अगली परमिशन के लिए परमिशन खत्म होने से 7 दिन पहले अप्लाई करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले होटल की परमिशन को कभी भी कैंसिल किया जा सकता है। इसके अलावा, होटल के लिए गई हुई गाड़ी होटल की पार्किंग में खड़ी रहे, मंदिर की ओर न जाए, यह जिम्मेदारी भी होटल मालिक की होगी।

चिंतपूर्णी में यह व्यवस्था एसडीएम सचिन शर्मा ने मंदिर रोड पर स्कॉर्पियो गाड़ी से टक्कर होने के बाद तरन-तारण की महिला श्रद्धालु की मौत का संज्ञान लिया था इसके बाद मंदिर रोड पर गाड़ियों की आवाजाही पर सुबह 10 बजे से लेकर रात 10 बजे तक वैन लगाया गया था। इस अवधि में होटल मालिकों को कुछ राहत दी गई है इस व्यवस्था से होटलों की पार्किंग तक जाने वाले वाहनों की सुरक्षा और सुविधा में वृद्धि

## महिलाओं का आत्मनिर्भर होना बेहद जरूरी : मनोज

**अनंत ज्ञान, ऊना**



केवीके में कृषि प्रसार कार्यक्रम आयोजित।

पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय हमीरपुर के माध्यम से कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) रामपुर में क्षेत्रीय प्रबंधक आंचल कार्यालय शिमला मनोज कुमार की अध्यक्षता में कृषि प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि प्रसार कार्यक्रम में ऊना जिले के 60 स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया और महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि इस एग्री एक्सपो का मुख्य उद्देश्य किसानों और ग्रामीण महिलाओं तक पहुंच सुनिश्चित करके बैंक की विभिन्न स्कीमों की जानकारी प्रदान करना है।

एग्री एक्सपो के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को समूहों के गठन, वित्तीय सहायता और रोजगार की शुरुआत करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की उन्नति में महिलाओं का आत्मनिर्भर होना बेहद जरूरी है। यदि प्रत्येक घर की महिला आर्थिक रूप से सशक्त होगी तो उसका घर संचालन के साथ-साथ देश तरक्की में भी योगदान बढ़ेगा। इस एग्री एक्सपों में पीएनबी के अधिकारियों द्वारा स्वयं सहायता समूहों और किसानों को कृषि क्षेत्र में संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान और महिलाएं लाभान्वित होकर अपनी आर्थिकी को मजबूत बना सकें।

क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार श्रीवास्तव ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की आष्टमा ड्यूटी, इंसिडेंटल शुल्क, सिबिल शुल्क सहित अन्य समस्याओं को सुना और उच्च अधिकारियों के समक्ष बात रखने का आश्वासन दिया ताकि महिलाओं को संबंधित समस्याओं से राहत मिल सके। इस दौरान आरसेटी और कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं बारे भी जानकारी दी गई। साथ ही, कृषि विभाग द्वारा मशीनी उपकरणों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूहों को प्रशस्ति पत्र और एक पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपनिदेशक कृषि कुलभूषण धीमान, उपमहाप्रबंधक रजनीश वासुदेवा, आंचल कार्यालय शिमला से राजेंद्र पॉल, मंडल कार्यालय हमीरपुर से अरविंद कुमार, एलडीएम लहरी मल, मुख्य प्रबंधक पीएनबी ऊना पीयूष कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## सुपर फास्ट एक्सप्रेस के बढ़ेंगे डिब्बे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गत दिनों ऊना जिले के युवा भाजपा नेता अरुण कौशल द्वारा रेलवे पोर्टल पर ऊना के अंब अंदौरा से महाराष्ट्र के हजूर साहिब नांदेड़ के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 22709/22710 अंब अंदौरा-हजूर साहिब नांदेड़ सासाहिक सुपर फास्ट एक्सप्रेस के डिब्बे बढ़ाने और इसे द्वि-सासाहिक चलाने के साथ इस रेलगाड़ी का सिकंदराबाद तक विस्तार करने की मांग उठाई थी।

इस पर अब दक्षिण मध्य रेलवे के अधिकारियों ने जवाब देते हुए कहा है कि नांदेड़ रेलवे स्टेशन पर पिट लाइन के विस्तार का कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य समास होते ही रेलवे मंडल नांदेड़ इस रेलगाड़ी के डिब्बों की संख्या बढ़ा देगा। वहीं, आधिकारिक तौर पर इस रेलगाड़ी के सिकंदराबाद तक विस्तार की जांच प्रक्रिया शुरू की जाएगी, लेकिन रेलवे मार्ग प्रतिबंधिता के कारण इस रेलगाड़ी को द्वि सासाहिक नहीं चलाया जा सकता है।

## गांवों में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार गंभीर : कालिया



**अनंत ज्ञान, गगरेट**

ग्रामीण परिवेश के युवाओं को खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार गंभीर है। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार ग्रामीण परिवेश में भी खेल का आधारभूत ढांचा विकसित करने के प्रयास कर रही है। यह बात विधायक राकेश कालिया ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मवा कहोलां में सत्रह लाख छब्बीस हजार रुप, की लागत से नवनिर्मित बस्डमिंटन कोर्ट व वॉलीबाल कोर्ट का विधिवत उद्घाटन करते हुए कही।

इसके साथ ही उन्होंने दो लाख तेतीस हजार रुपए के कबड्डी मैट भी स्कूल को उपलब्ध करवाए। विधायक राकेश कालिया ने कहा कि हाल ही के दिनों में युवा वर्ग का रुझान तेजी से खेलों की ओर बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए भी अथाह मेहनत की जरूरत है लेकिन खिलाड़ी मेहनत तभी करेगा यदि उसे मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि वह झूठी वाहवाही लूटने के लिए जनता को गुमराह करने में विश्वास नहीं रखते। उनका एकमात्र उद्देश्य विधानसभा क्षेत्र गगरेट का संपूर्ण विकास है।

## शिविर में 50 रोगियों की आंखें जांचीं

**अनंत ज्ञान, ऊना**



स्व. कंवर हरि सिंह की स्मृति में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

हिमोत्कर्ष परिषद द्वारा परिषद के संस्थापक स्व. कंवर हरि सिंह की स्मृति में स्थानीय एमसी पार्क वरिष्ठ नागरिक फॉर्म भवन में रोटरी आई अस्पताल एवं वरिष्ठ नागरिक फॉर्म के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र जांच व उपचार ओपीडी का आयोजन किया गया। इसमें रोटरी आई अस्पताल धुसाड़ा से डॉ. अनिल काकड़े, रिफ्रेक्शनिस्ट अतुल व धर्मेंद्र ने 50 के करीब रोगियों की नेत्र जांच व उपचार किया।

वहीं, इस अवसर पर जरूरतमंद रोगियों को दवाइयां भी फ्री दी गईं। शिविर में 3 रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सलाह दी गई, जबकि दो दर्जन से अधिक रोगियों को आंखों का चश्मा लगाने के लिए सलाह दी गई। हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर ने कहा कि हिमोत्कर्ष परिषद द्वारा सीनियर सिटिन फॉर्म व रोटरी आई अस्पताल के सहयोग से एमसी पार्क वरिष्ठ नागरिक भवन में हर माह के पहले शनिवार को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक नेत्र जांच ओपीडी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व गरीब रोगियों को दवाई व ऐनक की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर हिमोत्कर्ष परिषद के मुख्य सलाहकार सतपाल शर्मा, महासचिव नरेश सैनी, जिला अध्यक्ष करणपाल सिंह मनकोटिया, अशोक कालिया, हिमोत्कर्ष सदस्य सुधीर कुमार, मणि कुमार, अशोक कुमार, राम स्वरूप शर्मा, राम गोपाल शर्मा, अजमेर सिंह चंदेल, कृष्ण शर्मा, सतपाल शर्मा, शक्ति चंद, एमएस चंदेल, केवी सूद, मदन लाल, ओम प्रकाश धीमान, जीआर वर्मा, हरमेश सिंह राणा, बैनी चंद राणा, बलदेव सिंह, प्रमोद वर्मा, प्रेम शर्मा, केके गुप्ता, शमशेर सिंह, अशोक कुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## अब मंदिरों के पैसों से चलेगी सुक्खू सरकार, इसका क्या होगा : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार की वित्तीय स्थिति को लेकर सियासत गरमा गई है। कुटलैहड़ के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अब प्रदेश सरकार मंदिरों के चढ़ावे से अपना खर्च चलाने की योजना बना रही है, जो कि पूरी तरह दिवालियापन का संकेत है।

उन्होंने सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि कर्मचारियों को बीते तीन महीने से वेतन नहीं मिल रहा, पटवारियों और कानूनगो की मांगों को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन हो रहे हैं, लेकिन राज्य की सुक्खू सरकार अपनी नाकामी का ठीकरा केंद्र पर थोपने में लगी हुई है। भुट्टो ने कहा कि प्रदेश में लगातार बिगड़ती आर्थिक स्थिति के कारण सरकारी कर्मचारियों का वेतन रुका हुआ है।

शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी, पुलिस और अन्य सरकारी विभागों के कर्मचारी अपने वेतन के लिए सरकार से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस हल नहीं निकल रहा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, सूरम सिंह, सुदर्शन शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



## महिलाओं ने स्वच्छता की जलाई अलख

### नगर पंचायत अंब में स्वच्छता अभियान और समाधान शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, अंब**



स्वच्छ शहर समृद्ध शहर कार्यक्रम के तहत रैली निकालते स्थानीय लोग।

नगर पंचायत अंब मे चल रहे 'स्वच्छ शहर समृद्ध शहर' कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत अंब के वार्ड 7 मे स्वच्छता अभियान एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत के अधिकारियों व कर्मचारियों व संबंधित पार्षद अशोक कुमार द्वारा स्थानीय लोगों के साथ मीटिंग की और उन्हें स्वच्छता अभियान के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर वार्ड नंबर 7 में नाले को साफ किया गया और आसपास के क्षेत्र को साफ किया गया और शौचालयों को विशेष रूप से साफ करने के लिए मुहिम चलाई गई । नगर पंचायत द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि गीला व सूखा कूड़ा सफाई मित्रों को अलग-अलग दें। नागरिकों को सिटीजन सेवा पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने बारे जानकारी दी गई।

नागरिक 'सिटीजन सेवा पोर्टल' पर स्ट्रीट लाइट खराब होने बारे, कूड़ा न उठाने बारे, संपत्ति कर निर्धारण, रास्तों व नालियों की सफाई, जन शौचालय की सुविधा, मृत पशुओं का निपटान, खुले में शौच इत्यादी शिकायतें दर्ज करवा सकेंगे। इस दौरान नागरिकों को शिकायत निवारण फार्म वितरित किए गए और नागरिकों की कुछ समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया गया। सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

## डूमखर मैदान बंगाणा में आज होगा प्रशासन और प्रेस के बीच मुकाबला

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के डूमखर खेल मैदान में आज दोपहर 2 बजे प्रशासन 11 और प्रेस 11 के बीच एक रोमांचक क्रिकेट मैच खेला जाएगा। इस विशेष क्रिकेट मैच का आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें खेलों की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। समाज में बढ़ती नशाखोरी और युवाओं में इसकी लत को रोकने के लिए प्रशासन और मीडिया की यह संयुक्त पहल सराहनीय मानी जा रही है।



मैच के आयोजक ने बताया कि यह मुकाबला न केवल खेल प्रेमियों के लिए रोमांचक होगा, बल्कि इससे लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास किया जाएगा। प्रशासन 11 की टीम में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगे, जबकि प्रेस 11 की टीम में पत्रकार और मीडिया कर्मी खेलते नजर आएंगे। इस मैच को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में दर्शकों के आने की उम्मीद है, जो दोनों टीमों का हौसला बढ़ाएंगे। आयोजकों ने सभी खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे इस आयोजन में शामिल होकर नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें।

प्रशासन-11 की टीम में एसडीएम सोनू गोयल कैप्टन, अमित कुमार, सुशील कुमार, रोहित चौधरी, जीवन कुमार, पंकज कुमार, संजीव कुमार, शिव कुमार, संजीव कुमार, मनोहर लाल दत्ता, दिनेश कुमार, रजनीश कुमार शामिल हैं।

वहीं, प्रेस-11 की टीम में विपिन साजन, जोगेंद्र देव आर्य, अनिल ठाकुर, जितेंद्र शर्मा, राजेश ठाकुर, दलजीत शर्मा, भारत भूषण धीमान, मनोज कुमार शर्मा, कृष्ण पाल शर्मा, अभिषेक कुमार, राम सिंह, अजय शर्मा, रणधीर सिंह, विनोद शर्मा, रिंकू भारद्वाज शामिल हैं।

**समर्थन** पटवारी और कानूनगो की हड़ताल के समर्थन में उतरे पंचायत प्रतिनिधि, बोले-

# प्रदेश सरकार स्टेट कैडर को अविलंब ले वापस

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



राजस्व विभाग के पटवारी एवं कानूनगो का प्रदेश सरकार द्वारा किए गए स्टेट कैडर का राजस्व कर्मियों द्वारा किए जा रहे विरोध के बावजूद जहां प्रदेश सरकार अपने इस कदम को पीछे खींचने के मूड में नहीं लग रही तो वहीं राजस्व कर्मी भी आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में लग रहे हैं।

शनिवार को लगातार दूसरे दिन भी राजस्व कर्मी स्टेट कैडर के विरोध में पेनडाउन स्ट्राइक पर रहे। यही नहीं बल्कि राजस्व कर्मियों की हड़ताल को उप वक्त और बल मिल गया, जब हिमाचल प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ के साथ पंचायत प्रतिनिधियों ने भी राजस्व कर्मियों की हड़ताल का खुला समर्थन कर दिया। उपमंडल गगरेट के अधीन आने वाले पटवारी एवं कानूनगो सर्किल शनिवार को भी बंद रहे। इसके चलते अपने जमीन संबंधी कार्यों के साथ कई प्रकार के प्रमाण-पत्र हासिल करने के लिए पटवारी की रिपोर्ट करवाने आए लोगों को निराश वापस लौटना पड़ा।। एक तरफ प्रदेश सरकार की दो टूक है कि स्टेट कैडर के निर्णय को वापस नहीं लिया जाएगा तो दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश पटवारी एवं कानूनगो महासंघ ने भी ऐलान किया है कि जब तक सरकार स्टेट कैडर को निरस्त कर इस वर्ग की जायज मांगों का निराकरण नहीं करती, तब तक पटवारी एवं कानूनगो संघर्ष का रास्ता अख्तियार किए रहेंगे।

हिमाचल प्रदेश पटावरी एवं कानूनगो महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सतीश चौधरी का कहना है कि जिस समय मौजूदा पटवारियों की भर्ती हुई, उस समय प्रदेश सरकार ने इस वर्ग को जिला कैडर के आधार पर नियुक्त किया था। अब सरकार कैसे जिला कैडर के लिए नियुक्त कर्मचारियों का स्टेट कैडर कर सकती है।

उन्होंने कहा कि इससे पहले भी जब पटवारी व कानूनगो संघर्ष की राह पर चले थे तो उनकी मांगेंपूरी करने के लिए प्रदेश सरकार ने बलवान कमेटी का गठन किया था, लेकिन प्रदेश सरकार ने बलवान कमेटी की सिफारिशों को भी लागू नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार कई जिलों में भूमि की पैमाइश अलग तरीके से होती है तो कई जिलों में अलग तरीके से होती है। कई जिलों में भूमि को मापने का पैमाना मरले व कनाल में है तो कई जिलों में बिस्वा व बीघा में है। ऐसी कई मुश्किलें पटवारियों के समक्ष आ सकती हैं, जिससे उन्हें मानसिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए प्रदेश सरकार अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे।

पटवारी व कानूनगो की हड़ताल के समर्थन में शनिवार को महासंघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष गुरमीत सिंह ढेसी भी उतरे और उन्होंने इस वर्ग की हड़ताल को जायज ठहराया। यहीं नहीं बल्कि विकास खंड गगरेट के अधीन आने वाली तमाम पंचायतों के प्रधानों ने भी पटवारी एवं कानूनगो की हड़ताल का समर्थन करते हुए प्रदेश सरकार से स्टेट कैडर को अविलंब वापस लेने की मांग की है।

## सुक्खू सरकार के फैसलों से हर वर्ग खफा पटवार-कानूनगो का रहे जिला कैडर : कृष्ण

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल में सुक्खू सरकार के विवादित निर्णयों से आम जनता, कर्मचारी संगठनों और जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश है। राज्य में पटवारियों और कानूनगो को स्टेट कैडर में डालने के फैसले को लेकर विरोध बढ़ता जा रहा है। जिला पार्षद उपाध्यक्ष एवं जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पॉल शर्मा ने इस निर्णय को जनविरोधी करार देते हुए कहा कि इससे आम जनता को भारी असुविधा होगी।

कृष्ण पॉल शर्मा ने कहा कि जब पटवारी और कानूनगो जिला स्तर पर नियुक्त होते थे, तब वे स्थानीय लोगों की जरूरतों और समस्याओं को बेहतर ढंग से समझते थे और त्वरित समाधान प्रदान करते थे। जिला कैडर व्यवस्था के चलते जनता को अपने घर-द्वार पर ही राजस्व से जुड़ी सुविधाएं मिलती थीं, लेकिन अब स्टेट कैडर के चलते अधिकारियों की पोस्टिंग दूर-दराज के इलाकों में की जा सकती है, जिससे स्थानीय प्रशासनिक कार्यों में देरी और असुविधा होगी। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार की गलत नीतियों के कारण हिमाचल प्रदेश लगातार पिछड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब से यह सरकार सत्ता में आई है, तब से राज्य आर्थिक संकट से जूझ रहा है।

हालात इतने खराब हो चुके हैं कि सरकार को खुद को दिवालिया घोषित करना पड़ा। विकास कार्य ठप पड़े हैं, सड़कों की हालत खराब है, बिजली और पानी की समस्या बनी हुई है, लेकिन सरकार अनावश्यक फैसले लेकर जनता की परेशानियां और बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से राजस्व विभाग के कर्मचारी भी नाराज हैं।

पटवारी और कानूनगो भी इसे अपने अधिकारों का हनन मान रहे हैं और विरोध-प्रदर्शन पर बैठे हैं। वहीं, किसानों, व्यापारियों और आम जनता को भी इस बदलाव से नुकसान होगा। अगर सरकार अपने फैसले वापस नहीं लेती है तो जल्द ही राज्यभर में बड़े आंदोलन की शुरुआत हो सकती है। सरकार को जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि ऐसे फैसले लेने चाहिए जो प्रशासनिक व्यवस्था को और जटिल बना दें।

# बारिश-बर्फबारी थमी, मुश्किलें बरकरार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग**

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में तीन दिनों तक लगातार हुई बारिश व बर्फबारी से जहां पर्यटकों और किसान बागवानों के चेहरे खिल गए हैं।

वहीं भारी बारिश के चलते लोगों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी ने, जबकि निचले इलाकों में भी बारिश ने खूब कहर मचाया है। आलम यह है कि बारिश-बर्फबारी तो थम गई, लेकिन लोगों की मुश्किलें अभी बरकरार हैं। जनजीवन को पटरी पर लौटने में अभी समय लगेगा। बारिश ने कुल्लू जिले में खूब कहर बरपाया है। जगह-जगह भू-स्खलन से जहां सड़क मार्ग अवरुद्ध हैं। वहीं, कुल्लू, भुंतर, सैंज सहित अन्य स्थानों पर नालों का जलस्तर बढ़ने से भी काफी नुकसान हुआ है। कहीं लोगों के घरों में पानी घुस गया। तो कहीं, रात को नालों में पानी बढ़ जाने से लोग रात रातभर सो ही नहीं पाए। कुल्लू के शास्त्रीनगर व खोखन में रात को नालों का जलस्तर इतना बढ़ गया कि लोग रातभर खौफ के कारण सो नहीं पाए। वहीं, मनाली-कुल्लू सड़क मार्ग लेफ्ट व राइट बैंक दोनों तरफ से बंद रहने के कारण भी पर्यटकों व आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ा। उधर, लगघाटी में नाले में बाढ़ आने के कारण सड़क अवरुद्ध होने से घाटी का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया। शनिवार को स्थानीय लोगों सहित कर्मचारियों ने कुल्लू से लगघाटी के लिए पैदल सफर किया। (अनंत ज्ञान)





### 92 सड़कें अभी भी बंद

**जिला** कुल्लू की 92 से अधिक सड़कें अभी भी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। वहीं, शनिवार मौसम साफ होते ही विभाग की मशीनरी युद्धस्तर पर बहाली के लिए जुट गई और कई स्थानों पर सड़क मार्ग बहाल किए।

### सड़क बहाली का कार्य रहा जारी

गांधीनगर के समीप भू-स्खलन का मलबा सड़क पर आने से कुल्लू-भुंतर मुख्य सड़क में सुबह से वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। मलबा हटाने के लिए सुबह 9 बजे के बाद जेसीबी मशीन मौके पर पहुंची। टिकराबावड़ी से लेकर कुल्लू शहर तक दोनों ओर लोग सड़क बहाल होने का इंतजार करते रहे।

**भारी** बारिश के चलते जिले भर में जो भी सड़कें अवरुद्ध हुई हैं, उन्हें बहाल करने के लिए कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बिजली व्यवस्था को भी बेहतर बनाया जा रहा है। जिला प्रशासन पर्यटकों सहित जिले के लोगों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। **तोरुल एस रवीश, डीसी कुल्लू।**

### कई गांवों में अभी तक छाया है अंधेरा

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति सहित कुल्लू जिले के कई गांवों में अभी तक बिजली आपूर्ति बाधित होने से अंधेरा छाया हुआ है। वहीं, पेयजल सहित सिंचाई व सीवरेज की कई योजनाएं प्रभावित हुई हैं। कुल्लू में जलशक्ति विभाग की 114 पेयजल, सिंचाई सहित सीवरेज की स्कीमें बारिश के कारण प्रभावित हुई हैं, जिस कारण कई जगह पानी की समस्या भी चरमराने लगी है। कुल्लू में अभी तक 940 एटीआर बंद हैं, जिससे लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है।

**भारी** बारिश के चलते नगर परिषद की संपत्ति को खासा नुकसान हुआ है। नालियां मलबे से बंद हो गई हैं। कई जगहों पर पेड़ टूट गए हैं। नगर परिषद कुल्लू ने वार्डों में सफाई का काम शुरू कर दिया है और लोगों को राहत दी जा रही है। **गोपाल कृष्ण महंत, अध्यक्ष नप कुल्लू।**

# भू-स्खलन से अवरुद्ध मनाली नेशनल हाईवे दूसरे दिन यातायात के लिए बहाल

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

भू-स्खलन के कारण अवरुद्ध हुए कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार को वाहनों के लिए बहाल कर दिया गया है।

घाटी में लगातार तीन दिन बारिश के कारण कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे रायसन के पास एक पहाड़ी दरकने से पूरी तरह बंद हो गया था। इलाके में पर्यटकों के रहने के लिए कोई खास सुविधा न होने के कारण बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई पर्यटकों को बच्चों व बुजुर्गों सहित बसों में व छोटी गाड़ियों में सोने पर मजबूर होना पड़ा। खराब मौसम को देखते हुए कई पर्यटक वापस कुल्लू की ओर मुड़ गए। कुल्लू-मनाली नेशनल होड़वे डोहलूनाला के पास कई किलोमीटर तक हजारों गाड़ियां जगह-जगह भू-स्खलन के कारण शनिवार शाम लगभग 2 बजे तक फंसी रहीं। पुलिस की मौजूदगी में ट्रैफिक बहाल कर दिया गया। डीएसपी केडी शर्मा स्वयं मौके पर मौजूद रहे। नेशनल हाईवे खुलने से पर्यटकों ने भी राहत की सांस ली।

तीन दिन लगातार बारिश से उझी घाटी का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। तीसरे दिन भी घाटी में बिजली व्यवस्था पूरी तरह बाधित है। लोगों का कहना है कि बच्चों की परीक्षाएं सिर पर हैं और थोड़ी सी बर्फबारी पड़ने पर पूरी घाटी में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। बिजली विभाग के सहायक अभियंता जितेंद्र ठाकुर का कहना है कि हर पोल पर फाल्ट देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल हो सकती है।



# मौसम खुलते ही सड़कों की बहाली में जुटा बीआरओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

बीआरओ मौसम खुलते ही सड़कों की बहाली में जुटा गया है। गत तीन दिन लगातार हुए हिमपात के कारण मनाली-केलांग-दारचा, मनाली-गुलाबा व उदयपुर-केलांग मार्ग पर बर्फ के ढेर लग गए हैं। बीआरओ ने एक साथ सभी सड़कों की बहाली शुरू कर दी है। मनाली-केलांग मार्ग सहित मनाली गुलाबा मार्ग में हिमस्खलन की घटनाएं अधिक हुई हैं।

शनिवार सुबह मौसम ने करवट बदली ओर मनाली सहित लाहौल घाटी में धूप खिली। बीआरओ ने धूप खिलते ही सड़कों का रुख कर लिया। मनाली से गुलाबा की ओर गई बीआरओ की टीम शाम तक गुलाबा के समीप पहुंच गई है। मनाली-केलांग मार्ग पर बीआरओ की टुकड़ियां जगह-जगह सड़क बहाली में जुट गई हैं। बीआरओ इस मार्ग की बहाली के करीब पहुंच गई है। केलांग से दारचा की ओर निकली टीम भी गेमुर पहुंच गई है। केलांग-उदयपुर मार्ग बहाली भी युद्धस्तर पर जारी है। गत मंगलवार से लाहौल-स्पीति सहित मनाली में मौसम खराब चल रहा है। लाहौल के ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय के बाद एक साथ तीन फुट से अधिक बर्फ गिरी है। बीआरओ के अधिकारी ने बताया कि भारी हिमपात होने से सड़क में बर्फ के ढेर लग गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी सड़कों की बहाली एक साथ शुरू कर दी है। मौसम ने साथ दिया तो मनाली-केलांग-दारचा, मनाली-गुलाबा व उदयपुर केलांग मार्ग फोर बाई फोर वाहनों के लिए बहाल हो जाएंगे। वहीं, बिजली बहाली का कार्य भी जिले में जारी है। स्थानीय विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि जिले में मौसम खुलते ही सड़कों के साथ-साथ बिजली, पेयजल की बहाली बारे सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं।



# धूप खिलते ही होटलों से निकले पर्यटक

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली का मालरोड व होटलों के आंगन शनिवार को पर्यटकों के लिए स्नो प्वाइंट बन गए। पर्यटकों ने होटलों से बाहर निकलकर बर्फ का आनंद लिया। हालांकि, दूसरे राज्यों से सुबह मनाली पहुंचे तथा घर लौट रहे पर्यटकों को आने-जाने में दिक्कत हुई, लेकिन फोर व्हील ड्राइव वाहन उनका सहारा बने।

दिन को पर्यटकों ने माल रोड सहित माता हिडिंबा परिसर, मनु मंदिर, वशिष्ठ व आसपास के पर्यटन स्थलों में बर्फ में खेलने का आनंद उठाया। मनाली में सुबह धूप खिली, जिससे पर्यटकों ने ठंड से राहत की सांस ली। मनाली के पर्यटन कारोबारी रमन, रणजीत व बोबी ने बताया कि शनिवार सुबह पर्यटक खिली धूप के बीच होटलों से बाहर निकले और बर्फ में खूब अठखेलियां की। पर्यटकों ने दिन भर धूप का आनंद लिया। हिमपात के कारण पर्यटकों के लिए कोठी, पलचान, गुलाबा, सोलंगनाला, अंजनी महादेव, फातरु व हामटा पर्यटन स्थल बंद रहे। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश ने कहा कि हिमपात पर्यटन नगरी के पर्यटन कारोबार के लिए लाभकारी होगा। मनाली के सभी पर्यटन स्थलों में हिमपात हुआ है। आने वाले समय में पर्यटक इन पर्यटन स्थलों में बर्फ का खूब आनंद उठाएंगे।

**मनाली** में ही पर्यटकों को बर्फ के दीदार हो रहे हैं। सोलंगनाला पर्यटक स्थल की ओर सड़क बहाली का कार्य जारी है। पर्यटकों को बाहंग व नेहरूकुंड तक भेजा गया। रविवार को पर्यटकों को मौसम के हालात के हिसाब से पर्यटन स्थलों की ओर भेजा जाएगा। **केडी शर्मा, डीएसपी मनाली।**

# बागवानों के लिए संजीवनी बनी बारिश-बर्फबारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में लगातार करीब चार दिन हुई भारी बारिश और बर्फबारी से हुए नुकसान से लोगों की दिक्कतें बढ़ी हैं। वहीं, यह बारिश और बर्फबारी बागवानी के लिए संजीवनी बनकर आई है। ऐसे में अब बागवानी विभाग ने बागवानों को सलाह दी है कि वह अपने बगीचे में पेड़ों में खाद दे सकते हैं और यह समय काफी उचित है।

कुल्लू में सेब के लिए यह बर्फबारी और बारिश संजीवनी का काम करेगी। बागवानी विभाग कुल्लू में विशेषज्ञ डॉक्टर उत्तम पराशर के अनुसार तीन दिनों तक हुई बारिश और बर्फबारी से बगीचों में नमी लौट आई है। ऐसे में बागवान अपने खेतों में गोबर की खाद व अन्य रासायनिक खाद को डालने का कार्य पूरा करें। वहीं, गुठलीदार फलों के पेड़ों को इस मौसम से ज्यादा असर नहीं होने वाला है। खेतों और बगीचों में नमी होने से आगामी फल सीजन में इसका अच्छा प्रभाव देखने को मिलेगा। हालांकि, गुठलीदार फलों के पेड़ों के लिए यह बारिश उचित नहीं मानी जा रही है, लेकिन बागवानी विभाग का कहना है कि जिन पेड़ों में फ्लावरिंग सेट हो गई है, उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं है। आने वाले दिनों में मौसम में अगर फिर से ठंडक बढ़ती है, तो फ्लावरिंग सेटिंग की प्रक्रिया इससे बाधित हो सकती है, लेकिन भारी बारिश और बर्फबारी के चलते बगीचों में अब नमी वापस लौट आई है। बागवान अपने खेतों में खाद डालने सहित अन्य कार्यों को पूरा कर सकते हैं।

कुल्लू में सबसे अधिक बागवानी सेब की होती है और उसके बाद 13000 हेक्टेयर भूमि में गुठलीदार फलों का भी उत्पादन किया जाता है। बीते दिनों बारिश न होने के चलते मौसम में बदलाव आ गया था और गुठलीदार पेड़ों में फ्लावरिंग भी हो गई थी। ऐसे में अब बारिश होने के चलते इन पेड़ों में फ्लावरिंग की प्रक्रिया में अब देरी हो सकती है। बागवानी विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार कुल्लू के निचले और मध्य क्षेत्र गुठलीदार फलों के उत्पादन के लिए यह मौसम भी काफी उपयुक्त है। चेरी, खुमानी और बादाम के नए पेड़ों के लिए जल निकासी की सुविधा वाली दोमट मिट्टी चाहिए। आड़ू के लिए हल्की रेतीली मिट्टी उपयुक्त है। उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में प्लम की अर्ली स्टार किंग, मैरीपोजा, मैथले किस्म के पौधे लगाने चाहिए। निचले पर्वतीय क्षेत्रों में अलूचा, पर्पल सैंटारोजा की किस्म उपयोगी है। खुमानी फल की भी गर्मियों में काफी डिमांड रहती है। ऐसे में कैशा, सफेदा, शकरपारा किस्में भी बागवानों को लगानी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरिल्ला संघ कुल्लू की मासिक बैठक कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एसएसबी गुरिल्ला संगठन कुल्लू की मासिक बैठक ढालपुर कुल्लू में सोमवार तीन मार्च को होगी। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष प्रेम राणा करेंगे। प्रीतम ठाकुर राष्ट्रीय चेयर मैन विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। संघ के अध्यक्ष प्रेम राणा ने बताया कि इस बैठक में जिला कुल्लू के सभी गुरिल्ला जो हाईकोर्ट में जुड़े थे और सुप्रीम कोर्ट वाले भी सभी बैठक में भाग लें। कोर्ट केस के बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा सभी गुरिल्ला व कार्यकारिणी के सदस्य बैठक में भाग लें।

### किसान सभा विधानसभा का करेगी घेराव

**अनंत ज्ञान, आनी।** हिमाचल किसान सभा और हिमाचल सेब उत्पादक संघ की संयुक्त बैठक 3 मार्च को आनी में होगी। बैठक में जमीन से बेदखली के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। इस मुद्दे को लेकर किसान संगठन 20 मार्च को विधानसभा मार्च का आयोजन करेंगे। किसान सभा के सचिव ने सभी किसानों से बैठक में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसान भी बैठक में जरूर शामिल हों। बैठक में आगामी विधानसभा मार्च की रणनीति तैयार की जाएगी। किसान नेताओं का कहना है कि जमीन से बेदखली एक गंभीर मुद्दे है और इसके खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई जाएगी।

### एथलीट गिरीधर विंटर गेम्ज इटली के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नव चेतना स्पेशल स्कूल का एथलीट गिरीधर विंटर गेम्ज इटली के लिए रवाना हो गया है। उसके साथ उनके कोच प्रभु भी इटली जा रहे हैं। गिरीधर के लिए यह एक बड़ा अवसर है कि वह विंटर गेम्स में भाग लेंगे। स्कूल के संचालक शेरू राम ने बताया कि यह कुल्लू वासियों के लिए हर्ष का विषय है कि एक स्पेशल बच्चा अंतरराष्ट्रीय विंटर गेम्स में भाग लेने जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी उम्मीद है कि गिरीधर अच्छा प्रदर्शन करेगा व प्रदेश सहित कुल्लू का नाम रोशन करेगा।

# ढालपुर में पटवारी एवं कानूनगो संघ ने जताया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के द्वारा पटवारी एवं कानूनगो को स्टेट कैडर में शामिल करने की जो अधिसूचना जारी की गई है। उसे तुरंत रद्द करना चाहिए क्योंकि स्थानीय पटवारी को भौगोलिक स्थिति के बारे में हालात पता होते हैं और आपदा के समय भी पटवारी तुरंत मौके पर पहुंचते हैं।

ढालपुर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए पटवारी एवं कानूनगो महासंघ के उपप्रधान भोप सिंह ने कहा कि राज्य के सभी जिलों में सभी तहसीलों में पटवारी एवं कानूनगो इस अनिश्चितकालीन हड़ताल को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं। राज्य में कोई भी ऐसी तहसील नहीं है, जो इस आंदोलन में राज्य संघ के साथ न हो। इससे यह साफ है कि संपूर्ण राज्य में कोई भी पटवारी अथवा कानूनगो कैडर को राज्य स्तरीय करने के निर्णय के साथ नहीं है इसलिए राज्य सरकार को स्टेट कैडर की नोटिफिकेशन वापस लेनी चाहिए।

# देवता वीरनाथ नए रथ में स्नान के लिए वशिष्ट तीर्थ स्थल पर रवाना



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

उझी घाटी के कटराईं गांव के आराध्य देवता वीरनाथ (गौहरी देऊ) अपने हरियानों संग वशिष्ट तीर्थ स्थल की यात्रा पर रवाना हो गए हैं।

देवता वीरनाथ के कुठियाला राजेंद्र महंत तथा पुजारी रविंद्र गीर ने बताया कि हालही में देवता के नए रथ का निर्माण किया गया है। उसी के अंतर्गत सर्व शुद्धि के लिए देवरथ को तीर्थ स्नान के लिए ले जाने की परंपरा निभाई जा रही है। उन्होंने बताया कि देव आज्ञा के पश्चात नए रथ का निर्माण किया गया है। इससे पहले रथ का निर्माण कितने समय पूर्व हुआ था इस संबंध में कोई पुख्ता जानकारी नहीं है, लेकिन गांव के बड़े बुजुर्गों के अनुसार इसे लगभग एक सदी से भी अधिक समय बीत चुका है। देवता के कारदार चंद्र कला कटोच ने कहा कि देवता दो मार्च को तीर्थ स्नान के उपरांत हरियानों के साथ वापस अपने देवालय लौटेंगे और तीन मार्च को कटराईं में ब्रह्म भोज का आयोजन किया जाएगा।

# कुल्लू कॉलेज में सृजन समारोह 4 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में सीएससीए का बहु-प्रतिक्षित कार्यक्रम 'सृजन-2025' का आयोजन 4 मार्च से होगा। इस कार्यक्रम के दौरान भजन, गजल व लोकगीत गायन, फिल्मी व पारंपरिक लोक धुनों पर आधारित नृत्य तथा पारंपरिक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने बताया कि युगल गीत गायन प्रतियोगिता सृजन-2025 का मुख्य आकर्षक होगा। 4 मार्च को उद्घाटन सत्र में लाहौल की विधायक अनुराधा राणा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन कर तैयारी शुरू कर दी गई है। दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के बहुउद्देश्यीय हॉल में किया जाएगा।

# गोवंश की मौत की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए : गोविंद

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने रायसन गो सदन में ठंड और अव्यवस्थाओं के कारण 12 से अधिक गोवंश की मौत पर गहरी संवेदना और चिंता व्यक्त की। उन्होंने इस घटना को प्रदेश सरकार और प्रशासन की घोर लापरवाही करार दिया और मामले की तत्काल जांच और उचित कार्रवाई की मांग की।

गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि मनाली में वर्ष-2023 में आई भीषण बाढ़ में इस गोशाला की छत क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन आज दो वर्ष बीत जाने के बाद भी इसकी मरम्मत और पुनर्निर्माण का कार्य नहीं किया गया। प्रशासन की इस उदासीनता के कारण यहां रह रहे गोवंश के लिए सर्दी से बचने के लिए कोई उचित प्रबंध नहीं हो पाया, जिससे इतनी बड़ी संख्या में मासूम पशुओं की जान चली गई। गोविंद ने सरकार द्वारा गोशाला में भेजे गए चारे की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठाए। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि गोशाला को जो पराली भेजी गई थी, उसकी गुणवत्ता बेहद खराब थी, जिस कारण पशुओं को पर्याप्त पोषण नहीं मिला और उनकी सेहत बिगड़ती चली गई। इस तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है और इस पर तुरंत संज्ञान लिया जाना चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और जो भी अधिकारी या विभाग इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, गोशाला की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की हृदयविदारक घटनाएं न हों। उन्होंने स्थानीय जनता से अपील की कि वे आगे आकर इन पशुओं के लिए हरा चारा और स्थानीय घास उपलब्ध करवाने में योगदान दें, ताकि गोवंश को पर्याप्त भोजन और देखभाल मिल सके।

**मांगें** स्टेट एचआरटीसी कंडक्टर यूनियन व ड्राइवर यूनियन ने की गेट मीटिंग

# झूठ बोलकर अपने वादों से मुकर रही सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

स्टेट एचआरटीसी कंडक्टर यूनियन तथा एचआरटीसी ड्राइवर यूनियन ने निगम को व सरकार को अपनी लंबित मांगों के बारे में और अपने मांग पत्रों के द्वारा बार-बार सूचित किया, मगर न ही प्रबंधन ने और न ही सरकार ने इस पर गौर किया।

इसमें परिचालकों की वेतन विसंगति, 65 महीनों का रात्रि व अतिरिक्त समय भत्ता तथा 50 हजार रुपए एरियर की पहली किस्त ड्राइवर की सीनियर ड्राइवर पदोन्नति प्रमुख हैं, जबकि हिमाचल सरकार द्वारा हिमाचल पथ परिवहन निगम की स्वर्णजयंती समारोह 12 नवंबर 2024 को मुख्यमंत्री हिमाचल सरकार ने इस बाबत मंच से घोषणा की थी, जिसमें 50 करोड़ रुपए रात्रि व अतिरिक्त समय भत्ता तथा 9 करोड़ रुपए मेडिकल बिल दिसंबर 2024 तक देने की बात कही थी। उसके उपरांत 1 जनवरी 2025 को संगठन का शिष्टमंडल दोबारा मुख्यमंत्री से उनके आवास ओक ओवर में मिला, जिसमें मुख्यमंत्री ने 15 करोड़ रुपए रात्रि व अतिरिक्त समय भत्ते को देने की बात को फिर स्वीकारा था, मगर सरकार द्वारा उसे 20 फरवरी तक भी नहीं दिया गया, इससे साफ प्रतीत होता है कि सरकार बार-बार झूठ बोलकर अपने हर वादों से मुकर रही है।



अब सभी कर्मचारियों का मनोबल गिर चुका है हर वर्ग के कर्मचारियों का विश्वास प्रबंधन व सरकार से उठ चुका है। इससे हमारा कर्मचारी कर्जा लेकर कंगाल वाली स्थिति में पहुंच चुका है।

स्टेट एचआरटीसी कंडक्टर यूनियन हिमाचल प्रदेश तथा एचआरटीसी ड्राइवर यूनियन ने कहा कि अगर सरकार आगामी 6 मार्च, 2025 तक हमारी वित्तीय देनदारियों को नहीं देती है, तो स्टेट एचआरटीसी कंडक्टर यूनियन तथा एचआरटीसी ड्राइवर यूनियन कड़ा से कड़ा कदम उठाने के लिए बाध्य हो जाएगी, इससे जो भी परेशानी आम जनता को होगी और जो भी घाटा निगम को होगा, उसकी पूर्णतः जिम्मेदारी निगम प्रबंधन व सरकार की होगी।

इस गेट मीटिंग में ड्राइवर यूनियन के प्रांतीय प्रधान मानसिंह ठाकुर, स्टेट एचआरटीसी कंडक्टर यूनियन के प्रांतीय प्रधान प्रीत महिंदर तथा दोनों यूनियनों के अन्य राज्य स्तरीय पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर अपनी हिस्सेदारी दी।

# अंतरराष्ट्रीय कुराश के रेफरी बने हरदेव

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** हिमाचल प्रदेश कुराश एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष हरदेव सिंह नेगी की ताजपोशी अंतरराष्ट्रीय कुश्ती (कुराश) के रेफरी के तौर पर हुई है। वर्तमान में हरदेव सिंह नेगी राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बजौरा में डीपीई के पद पर कार्यरत हैं।

उन्होंने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए कुराश खेल में अंतरराष्ट्रीय रेफरी बनने वाले हिमाचली बनने का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने 22 फरवरी से 26 फरवरी को यह प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण की, जिससे हिमाचल प्रदेश के खेल जगत में एक नया कीर्तिमान स्थापित हुआ। हरदेव सिंह नेगी और महासचिव वीरेंद्र सिंह धौल्टा हिमाचल प्रदेश में कुराश खेल को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में स्कूल स्तर के खिलाड़ियों ने रिकॉर्ड 10 पदक जीतकर एक नया इतिहास रच दिया, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनकी यह उपलब्धि न केवल हिमाचल को वैश्विक खेल मानचित्र पर प्रतिष्ठित करेगी, बल्कि राज्य में कुराश खेल के विकास को भी एक नई दिशा देगी। हरदेव सिंह नेगी अंतरराष्ट्रीय रेफरी बनने के बाद अब वे वैश्विक स्तर पर इस खेल में रेफरिंग कर सकेंगे।

# बैंक फ्रॉड से बचाव व योजनाओं की जानकारी दी

## कुटवा में 60 ग्रामीणों को किया जागरूक, डिजिटल बैंकिंग की दी ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी उपमंडल में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक ने एक महत्वपूर्ण पहल की। बैंक ने ग्राम पंचायत देऊटी के कुटवा गांव में वित्तीय और डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन किया।

नाबार्ड के सहयोग से आयोजित इस शिविर में करीब 60 ग्रामीण शामिल हुए। शाखा प्रबंधक देवेंद्र सिंह और सहायक डोलम देव शर्मा ने बैंक की विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने केसीसी लोन, मकान ऋण, वाहन ऋण और स्वयं सहायता समूहों के लिए ऋण योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही डिजिटल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम, क्रेडिट-डेबिट कार्ड और मोबाइल बैंकिंग की जानकारी दी। प्रबंधक ने सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने जनधन योजना और स्वयं सहायता समूह बनाने के फायदों के बारे में बताया। विशेष रूप से बैंक फ्रॉड से बचाव पर जोर दिया गया। ग्रामीणों को सलाह दी गई कि वे फोन कॉल या व्हाट्सऐप पर किसी से भी अपनी बैंक जानकारी या ओटीपी शेयर न करें। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को वित्तीय सेवाओं से जोड़ना और उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाना था।



### पतलीकूहल में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कांगडा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा कटराईं की ओर से ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल पतलीकूहल में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल के छात्रों में शिविर को लेकर काफी उत्साह दिखा। इस शिविर में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक कटराईं के शाखा प्रबंधक सुनील ठाकुर उपस्थित रहे। इस शिविर में शाखा प्रबंधक मीरा ने छात्रों को बचत, चालू खाल, सावधि एवं आवर्ति जमा खातों की जानकारी दी। छात्रों को आय-व्यय, पेंशन स्कीमों, पीएमएसबीबाई, पीएमजेजेबीबाई सहित अन्य योजनाओं बारे में जानकारी दी गई। ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव मोबाइल बैंकिंग, नेट बैंकिंग ऐप व यूपीआई के बारे में जानकारी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैफिक पुलिस कर्मियों से युवाओं ने की बदसलूकी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब के शमशेरपुर के नजदीक चार ट्रैफिक पुलिस कर्मियों पर हमला करने का मामला सामने आया है, जिसके बाद पुलिस ने चार युवाओं को हिरासत में लिया है, जिसमें एक नाबालिक और तीन सगे भाई बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को बीबी जीत कौर स्कूल में कोई फंक्शन चल रहा था। इस दौरान स्कूल के बाहर कुछ युवक बाइक पर स्टंट कर रहे थे, जिसकी सूचना मिलने पर ट्रैफिक कर्मी हैडकांस्टेबल प्रदीप कुमार, कांस्टेबल गौरव, राजेश, नरेंद्र मौके की ओर रवाना हुए। इस दौरान शमशेरपुर के नजदीक एक बिना नंबर की संदिग्ध बाइक खड़ी हुई थी। ट्रैफिक पुलिस कर्मी वहां रूक गए और पास में खड़े युवक से जब ट्रैफिक कर्मी ने पूछा कि ये बाइक किसकी है तो युवक पुलिस कर्मी पर भड़क गया। पास खड़ी गाड़ी में तीन युवक और बाहर आ गए और पुलिस कर्मियों से बदसलूकी करने लगे और इस दौरान मारपीट भी शुरू हो गई। पुलिस अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का मेडिकल करवाया और मामला दर्ज किया। वहीं, इस बारे में डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है, जिसके बाद युवाओं को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### विज्ञान में बेहतरीन कार्य करने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला में विज्ञान दिवस पर प्रिंसिपल वीरेंद्र दत्त की अध्यक्षता में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विज्ञान शिक्षक आरती गर्ग और गणित शिक्षक विष्णु प्रभाकर के मार्गदर्शन में विज्ञान और गणित विषय को लेकर प्रदर्शनी लगाई। इसके अलावा भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रिंसिपल ने शिक्षकों और छात्रों की रचनात्मकता की सराहना की। साथ ही उन्हें भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### डॉ. धनीराम शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 2 मार्च को सोलन जिले के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 2 मार्च को दोपहर 1 बजे कसौली विधानसभा क्षेत्र के जाबली में सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होंगे व जन समस्याएं सुनेंगे।

### सुरेश कुमार प्रधान, तीर्थ राम बने उपप्रधान



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट में हिमाचल मोटर चालक संघ का साधारण अधिवेशन आयोजित किया गया, जिसमें चालक यूनियन की पहली शाखा का गठन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मजदूर नेता सुरेंद्र ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और हिमाचल प्रदेश के निजी क्षेत्र में कार्यरत चालकों के लिए तैयार किए गए मांगपत्र पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि चालकों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके हितों की सुरक्षा करना संघ का मुख्य उद्देश्य है। सुरेंद्र ने कहा कि हमें चालकों के लिए सही वेतन, समय पर वेतन, इएसआई, ईपीएफ, चालक कल्याण बोर्ड व अन्य मांगों को सरकार के समक्ष उठाने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर संघ की पहली शाखा के पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिनमें प्रधान सुरेश कुमार, उप्रधान तीर्थ राम, राकेश कुमार, रिशु ठाकुर, सचिव मदन कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष देशराज ठाकुर, सह-कोषाध्यक्ष राकेश, संयुक्त सचिव जसपाल शर्मा, राजेश कुमार, काकू चंदेल, राजेंद्र कुमार, क्षेत्रीय-सचिव मदन लाल भाटिया, कैलाश गुप्ता, अजय कुमार, धर्मेंद्र ठाकुर, दलीप सिंह, राहुल गतरी, राजू चौहान, मुकेश कुमार, तिलक राम शामिल हैं। इस दौरान चालक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि वे चालकों के अधिकारों की रक्षा करने और उनके हितों की सुरक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# बजट के लिए शहरवासियों से सुझाव लेगा नगर निगम

## आगामी हाउस में पेश हो सकता है बजट, तैयारी में जुटा निगम

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आगामी हाउस में नगर निगम अपना बजट पेश कर सकता है। बजट पेश करने से पहले सोलन नगर निगम शहरवासियों से भी सुझाव ले रहा है। निगम शहर वासियों से मिले सुझाव को भी बजट में शामिल करेगा।

बजट प्रावधानों के लिए शहरवासियों से सुझाव अपेक्षित किए हैं। इसके लिए कोई भी व्यक्ति नगर निगम ऑफिस आकर अपना सुझाव दे सकता है। इसके अलावा मोबाइल के माध्यम से भी निगम तक सुझाव को पहुंचाया जा सकता है। ऐसे में शहर के लोग बजट से बड़ी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। जानकारी के मुताबिक नगर निगम मार्च महीने के एंड या अप्रैल के शुरुआती दिनों में बजट पेश कर सकता है। ऐसे में अब नगर निगम के अधिकारी बजट को बनाने के लिए कसरत करने में जुटे हुए हैं। नगर निगम के बजट में कई ऐसे महत्वपूर्ण बिंदु रह जाते हैं, जिससे आमजन को दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। बजट पेश होने के बाद कई बार शहर के बुद्धिजीवी तबके का फीडबैक सामने आता है पर इस बार ऐसा न हो इसके लिए नगर निगम ने पहल की है। निगम ने सभी शहर वासियों से बजट के लिए सुझाव मांगे हैं, ताकि कोई भी महत्वपूर्ण बिंदु छूट न सके। (अनंत ज्ञान)

### पिछले वर्ष पेश हुआ था 208 करोड़ का बजट

**वहीं** बीते वर्ष सोलन नगर निगम ने 208 करोड़ रुपए का बजट जारी किया था। ऐसे में इस बार उम्मीद जताई जा रही है कि यह बजट इससे भी कहीं ज्यादा का होगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बजट कितने का होगा, लेकिन यह तय है कि बीते वर्ष के मुकाबले बजट में बढ़ोतरी जरूर होगी। ऐसे में अनुमानित आंकड़ा है कि लगभग बजट 220 से 225 करोड़ के बीच हो सकता है।



वित्तीय वर्ष के बजट को लेकर नगर निगम तैयारी में जुटा है। निगम चाहता है कि शहरवासी भी इसके लिए अपने सुझाव भेजें। शहरवासी बजट में जो प्रावधान चाहते हैं, इसके लिए वह नगर निगम ऑफिस आकर अपना सुझाव दे सकते हैं या फिर मोबाइल पर भी संपर्क किया जा सकता है।

**ऊषा शर्मा, मेयर, नगर निगम, सोलन।**

## स्वास्थ्य सेवाएं सुधारने में स्वास्थ्य मंत्री नाकाम: डॉ. कश्यप

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और सोलन से भाजपा प्रत्याशी रहे डॉ. राजेश कश्यप ने स्थानीय विधायक व स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल पर निशाना साधते हुए कहा कि मंत्री अपने गृह क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं कर पाए। डॉ. कश्यप ने कहा कि सोलन के लोग लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन दो साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद स्वास्थ्य मंत्री ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उन्होंने कई वादे किए, लेकिन जमीनी स्तर पर उनकी कोई ठोस उपलब्धि नजर नहीं आ रही। सोलन की स्वास्थ्य सुविधाओं में कई समस्याएं हैं, जैसे अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टरों की कमी, अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का अभाव और इमरजेंसी सेवाओं में सुधार की आवश्यकता। मंत्री ने कई मौकों पर इन समस्याओं को हल करने के आश्वासन दिए, लेकिन जनता को अभी तक सिर्फ घोषणा ही सुनने को मिली मंत्री सिर्फ भाषणों और वादों तक सीमित न रहें, बल्कि वास्तव में सोलन की जनता के लिए कुछ ठोस कार्य करें।

## पंजाब-हिमाचल को जोड़ने वाले पुल के निर्माण ने पकड़ी रफ्तार

**भूपेंद्र चंदेल, बद्दी**



पंजाब की सीमा पर गांव दभोटा में दो राज्यों को जोड़ने वाले पुल का कार्य रफ्तार पकड़ने लगा है।

विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पिल्लर की फाउंडेशन के लिए कटिंग एवं स्ट्रक्चर रखने का कार्य शुरू कर दिया गया है। पुल का कार्य स्ट्रक्चर बनने के चलते करीब दो माह से ढीला चल रहा था। स्ट्रक्चर रखने के बाद पिल्लर फाउंडेशन का कंक्रीट का कार्य आरंभ होगा। जानकारी के अनुसार नालागढ़-भरतगढ़ मार्ग पर दभोटा पुल की रिपेयर का कार्य पिछले करीब दो माह बाद पटरी पर लौटने लगा है। विभाग का कहना है कि पिल्लर की फाउंडेशन के स्ट्रक्चर तैयार किए जा रहे थे और स्ट्रक्चर तैयार होते ही इन्हें लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। 26 नवंबर को नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बाबा ने पुल की रिपेयर का कार्य शुरू करवाया। पुल के रिपेयर पर 2 करोड़ 91 लाख 94 हजार रुपए व्यय होने हैं। पुल की कुल लंबाई 146 मीटर है, लेकिन 41.7 मीटर हिस्सा डेमेज हो गया है। 17.5 मीटर हिस्सा पंजाब व 24.1 मीटर हिस्सा हिमाचल का है। इस पुल के रिपेयर करने के लिए दोनों राज्य सरकार के मुख्य सचिव की बैठक चंडीगढ़ में हुई और इस पुल के निर्माण के लिए 50-50 फीसदी पैसा जमा करने का फैसला हुआ। हिमाचल सरकार ने मई माह में एक करोड़ 45 लाख जमा करवा दिया था। पंजाब सरकार ने इस कार्य के लिए टेंडर लगाया और इसे रिपेयर करने का कार्य कुमार एंड कंपनी होशियारपुर को दिया गया है। कंपनी को इस पुल को 9 माह के भीतर तैयार करने का टारगेट दिया है। रोपड़ लोनिवि के एसडीओ संजीव शर्मा ने कहा कि पुल के पिल्लरों की फाउंडेशन के कटिंग एवं स्ट्रक्चर तैयार करने के बाद फाउंडेशन ने कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कार्य तय समय के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# गुप्ता टाउन अपार्टमेंट की एक बार फिर काटी बिजली

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

औद्योगिक शहर बद्दी बरोटीवाला के मध्य सिक्का होटल के नजदीक स्थित गुप्ता टाउन अपार्टमेंट में एक बार फिर अंधेरा छा गया है। एक महीने में बिजली बोर्ड इस अपार्टमेंट की करीब चार बार बिजली काट चुका है।

हैरानी की बात यह है कि अब तीन दिनों के बाद बच्चों की फाइनल परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं और बिजली बोर्ड ने इस अपार्टमेंट की बिजली काटकर, जहां बच्चों को परेशानी में डाल दिया है। वहीं, उनके परिजन भी दिन भर बच्चों की चिंता में इधर-उधर चक्कर काटते नजर आ रहे हैं। गुप्ता टाउन सोसायटी की महिलाओं व बच्चों ने कहा कि इसी माह चार मार्च से बच्चों की फाइनल परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इस सोसायटी में करीबन दो हजार से अधिक लोग निवास करते हैं, लेकिन बिना बिजली के वह सभी परेशान हो चुके हैं।

दिन में सभी लोग बाहर से पानी खरीदने को मजबूर हैं। पीने व नहाने के लिए भी पानी खरीदना पड़ रहा है और रात के समय अंधेरे में उनकी पढ़ाई नहीं हो पा रही है।

### 4.20 लाख रुपए का बिल बकाया : दीपक

**दीपक** वर्मा, एक्सइएन बिजली बोर्ड बद्दी ने कहा कि बिजली बोर्ड का 4.20 लाख रुपए का बिल बकाया है। कई बार गुप्ता टाउन से लोग बिजली रिस्टोरेशन की मांग को लेकर आए हैं, लेकिन जब तक बकाया राशि जमा नहीं होगी, तब तक बिजली को कनेक्ट नहीं किया जाएगा।

### चार से बच्चों की फाइनल परीक्षाएं हो रही शुरू

## 100 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 4 व 5 मार्च को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** माउंट टैलेंट इंडिया द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी में आईटीआई फ्रेशर युवाओं के लिए नेशनल अप्रेंटस्शिप प्रोमोशन स्कीम (एनएपीएस) के तहत 100 पद भरे जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी जगदीश कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता आईटीआई, मशीनिस्ट, टर्नर, फिटर, डीजल मैकेनिक निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार 4 व 5 मार्च को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी, जिला मंडी में पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए उम्मीदवार को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं देना होगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 99112-48232 पर संपर्क कर सकते हैं।

## जेपी यूनिवर्सिटी वाकनाघाट में चमके जीनियस ग्लोबल स्कूल के होनहार



**अनंत ज्ञान, सोलन**

जेपी यूनिवर्सिटी वाकनाघाट में नेशनल साइंस-डे के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीनियस ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने धाक जमाई।

विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में जीनियस ग्लोबल स्कूल के प्रनित और तनमय ने सभी प्रतिभागियों को पछाड़ पहले स्थान पर कब्जा किया, जबकि जूनियर वर्ग की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सनाह और भार्गवी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा सीनियर वर्ग की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सिदरा और सृष्टि ने सेकेंड रनरअप का खिताब जीता। स्कूल एमडी नीति शर्मा ने बताया कि बच्चों ने जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, सोलन के उभरते वैज्ञानिकों के बीच विज्ञान दिवस मनाया, जिसमें करीब 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओ में इस वर्ष की थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाने पर सर्वश्रेष्ठ के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जीनियस परिवार के लिए एक बार फिर गर्व का क्षण रहा, जब उनके छात्र लगातार दूसरे वर्ष विजयी होकर वापस आए। जीनियस की इन जबरदस्त प्रतिभाओं को आकार देने के लिए सभी विजेताओं और जीनियस मेंटर्स को बधाई दी।

## कानूनगो की हड़ताल को मंच का समर्थन

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** हिमाचल में पटवारी और कानूनगो की हड़ताल के समर्थन में सेवानिवृत्त पटवारी एवं समाजसेवी और पूर्व राजस्व कर्मचारी मंच के अध्यक्ष हंसराज चंदेल ने समर्थन दिया है। चंदेल का कहना है कि ठंड में पूरे प्रदेश के पटवारी और कानूनगो अपने हकों की मांग को लेकर खुले आसमान के नीचे बैठे हैं, अगर सरकार ने मांगें नहीं मानी तो पूर्व राजस्व कर्मचारी मंच के बैनर तले उनके समर्थन की लड़ाई लड़ी जाएगी। हंसराज चंदेल ने कहा कि जिले के सभी पटवारी और कानूनगो लगातार स्टेट कैडर का विरोध कर रहे हैं। वर्तमान अधिसूचना के मुताबिक स्टेट कैडर की व्यवस्था पूर्व नियुक्त पटवारियों और कानूनगो पर लागू नहीं होनी चाहिए, तो नालागढ़ तहसील का पूर्व राजस्व कर्मचारी मंच हिमाचल प्रदेश संयुक्त पटवारी और कानूनगो महासंघ के साथ मिलकर उनकी जायज मांगों को मनवाने के लिए संघर्ष में साथ दिया जाएगा।

# विस उपाध्यक्ष ने संगड़ाह कॉलेज के होनहार नवाजे

**अनंत ज्ञान, नाहन**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने संगड़ाह कॉलेज में आयोजित 15वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े बदलाव किए हैं, जिसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अध्यापकों के 6000 पदों को भरने की स्वीकृति प्रदान की है तथा प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में 3000 अध्यापकों की बैचवाइज नियुक्ति प्रदान की है तथा 3000 पदों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। इस कॉलेज में स्टाफ की काफी कमी है और हमारा प्रयास है कि इस कमी को जल्द दूर किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की संख्या बढ़ सके।



विधानसभा उपाध्यक्ष ने इस अवसर पर कॉलेज के होनहार बच्चों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कॉलेज के स्टूडेंट्स द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इससे पहले मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। संगड़ाह कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर मीनू भास्कर ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया तथा कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी।

# चूड़धार में बर्फबारी से यात्रा पर रोक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सिरमौर जिले के चूड़धार में बुधवार से लगातार बर्फबारी का क्रम जारी है। दिनभर जहां चूड़धार में बर्फबारी होती रही, वहीं नौहराधार और हरिपुरधार समेत मध्यम व निचले क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला जारी रहा।

इस बारिश और बर्फबारी को सेब बागवानों के लिए बहुत ही लाभदायक माना जा रहा है। बर्फबारी के चलते चूड़धार मंदिर की यात्रा को प्रतिबंधित किया गया है। वहीं, पहाड़ों पर जमा हुई बर्फबारी को देखकर बागवानों और किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। समूचे जिले में मौसम में आए इस बदलाव को शिवरात्रि पर्व पर अमृत्युलय माना जा रहा है। इस वर्ष सिरमौर के ऊंचाई वाले इलाकों में अब तक सामान्य से कम बर्फबारी हुई है। लंबे समय के बाद हुई बारिश और बर्फबारी को सेब सहित अन्य नकदी फसलों के लिए पर्याप्त माना जा रहा है। सिरमौर जिले के अधिकांश भू-भाग सिंचाई पर निर्भर हैं यदि सर्दियों में अच्छी बर्फबारी नहीं होती है, तो गर्मियों में पानी की असुविधा खड़ी हो जाती है। लिहाजा सर्दियों में अच्छी बर्फबारी का होना जरूरी है।

### चूड़धार ट्रैकिंग में फंसे हरियाणा के दो युवक एक रेस्क्यू, दूसरे की तलाश जारी

**नाहन।** चूड़धार की यात्रा दो युवकों के लिए मुसीबत बन गई। हरियाणा के पंचकूला से आए विक्रम और अक्षय चूड़धार यात्रा पर निकले थे, लेकिन वह बर्फबारी में फंस गए। विक्रम को रेस्क्यू कर लिया गया है, लेकिन अक्षय अभी भी लापता है। शिवरात्रि के अवसर पर दोनों युवक नौहराधार से यात्रा पर निकले। शाम करीब 7 बजे शिवलिंग के पास विक्रम और अक्षय एक-दूसरे से बिछड़ गए। विक्रम ने आवाज लगाई, फोन मिलाने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। विक्रम किसी तरह मंदिर तक पहुंचा और वहां से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया, जिससे प्रशासन को मामले की सूचना मिली। चूड़धार में 7 फुट से ज्यादा बर्फ होने के कारण प्रशासन के लिए वहां पहुंचना मुश्किल था। नौहराधार प्रशासन ने चौपाल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद विक्रम को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वीरवार को प्रशासन ने अक्षय को खोजने का अभियान शुरू किया, लेकिन बर्फबारी के कारण टीम को वापस लौटना पड़ा। मौसम साफ होते ही एसडीआरएफ ( शिमला टीम) को सर्च ऑपरेशन में लगाया जाएगा। स्थानीय वन विभाग, राजस्व विभाग और स्वयंसेवकों को भी इस अभियान में शामिल किया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि खराब मौसम के चलते सर्च ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा है।

## धुंदन स्कूल में मनाई विदाई पार्टी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा अपने सीनियर विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों को आकर्षक टाइटल दिए और सभी सीनियर विद्यार्थियों को एक-एक आकर्षक गतिविधि करने को दी, जिसे सभी ने भरपूर पसंद किया। इस विदाई कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रैंप वॉक प्रतियोगिता रही। बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के चलते मिस्टर फेयरवेल पंकज चंदेल और मिस फेयरवेल भूमिका मिश्रा को चुना गया।

# हिमाचल के हिंदुओं के साथ घिनौना मजाक कर रही सरकार : मेलाराम

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा और भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणवीर ठाकुर ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर मंदिरों से भीख मांगने का आरोप लगाया है।

पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार पूरी तरह से आर्थिक दिवालिया हो चुकी है और अब अपनी योजनाओं को चलाने के लिए हिमाचल के मंदिरों और शक्तिपीठों से भीख मांग रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार अपने मित्र मंडली को कैबिनेट मंत्रियों के दर्जे से नवाजकर एक तरफ तो प्रदेश की जनता के पैसे का दुरुपयोग कर रही है और दूसरी तरफ सरकारी योजनाओं को चलाने के लिए अब कटोरा लेकर मंदिरों तक पहुंच गई है। हिमाचल के देवस्थल प्रदेश के सनातनी लोगों के श्रद्धा और आस्था के केंद्र हैं और जिन लाखों लोगों ने करोड़ों रुपए देवालयों के विकास के लिए दिए हैं, उन्हें एक फरमान जारी कर सरकार अपनी योजनाओं के संचालन के लिए सरकारी खाते में जमा करने के आदेश जारी कर रही है। यह सनातनी लोगों के श्रद्धा और विश्वास के ऊपर कुठाराघात है और इससे प्रदेश के लाखों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है।

**चढ़ाव** कल तक छह रुपए प्रति किलो बिकने वाली फूलगोभी 1300 रुपए प्रति क्विंटल बिकी

# बारिश से फल और सब्जियों के दामों में उछाल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

प्रदेश में बारिश व बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त होने का असर सब्जियों के दामों पर साफ दिखा है।

कल तक छह रुपए प्रति किलो बिकने वाली फूल गोभी शनिवार को 1300 रुपए प्रति क्विंटल की औसत दर से बिकी। सोलन की थोक सब्जी मंडी में गाजर, फ्रांसबीन और आलू के दामों में भी बढ़त देखी गई। फ्रासबीन की थोक दर में भी 600 रुपए प्रति क्विंटल का चढ़ाव देखने को मिला। सोलन की कृषि उपज मंडी समिति की बाईपास स्थित मंडी में टमाटर न्यूनतम 1000 रुपए प्रति क्विंटल से अधिकतम 1300 रपुए प्रति क्विंटल की दर से बिका। औसतन सोलन मंडी में टमाटर को 1200 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिला। शिमला मिर्च के दामों में मामूली बढ़त दिखी। शिमला मिर्च न्यूनतम 2000 रुपए प्रति क्विंटल व अधिकतम 3000 रुपए प्रति क्विंटल की थोक दर से बिकी।



इस तरह शिमला मिर्च को सोलन सब्जी मंडी में 2800 रुपए प्रति क्विंटल को थोक भाव मिला। फ्रेंचबीन कल के मुकाबले औसत 600 रुपए प्रति क्विंटल महंगी बिकी। बीन को न्यूनतम तीन हजार रुपए प्रति क्विंटल और अधिकतम 3500 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिला। गाजर न्यूनतम 800 रुपए प्रति क्विंटल और अधिकतम 1200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिकी। औसतन गाजर को एक हजार रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिला। कल के मुकाबले बंद गोभी आज मामूली सस्ती बिकी। उसे न्यूनतम पांच सौ और अधिकतम 700 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिला। औसत बंद गोभी 600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिकी।

फूल गोभी के औसत दामों में 700 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। कल न्यूनतम 400 और अधिकतम 800 रुपए प्रति क्विंटल बिकने वाली फूल गोभी आज न्यूनतम 1200 रुपए और अधिकतम 1500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिकी। मटर 2000 रुपए प्रति क्विंटल और अधिकतम 2500 रुपए प्रति क्विंटल की थोक दर से बिके। मंडी में मटर को औसतन 2400 रुपए प्रति क्विंटल का थोक भाव मिला।

आलू के दामों में भी 100 रुपए प्रति क्विंटल का इजाफा देखने को मिला। आलू न्यूनतम 700 और अधिकतम 1000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिका। प्याज के दाम स्थिर रहे। प्याज न्यूनतम 2800 रुपए और अधिकतम 3300 रुपए तथा औसतन 3000 प्रति क्विंटल की थोक दर से बिका।

## नमन मिस्टर, आशवी बनी मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, सराहां।** डीएवी स्कूल सराहां में विदाई समारोह का शुभारंभ वैदिक ध्वनियों और वैदिक हवन के साथ किया गया। 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। 10वीं और 12वीं की छात्राओं द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। विदाई समारोह में मिस्टर पर्सनालिटी वंशित पुंडीर व मिस पर्सनालिटी आरुषि गाजटा को चुना गया। वहीं, मिस्टर फेयरवेल नमन ठाकुर व मिस फेयरवेल आशवी गर्ग रही तथा बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर खुशबू शर्मा को चुना गया। विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के अनुभव को भी बांटा गया। इस समारोह ने सभी को भावुक कर दिया। अंत में विद्यालय के प्रभारी मिस्टर विशाल पुंडीर ने सभी विद्यार्थियों को आने वाली परीक्षाओं के लिए कड़ी मेहनत करने को कहा तथा साथ ही विद्यालय का नाम मेरिट में आए यह कामना भी की। स्कूल के सभी अध्यापकों द्वारा भी विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में होनहार छात्र किए सम्मानित




**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में अचीवर्स असेंबली का आयोजन किया गया। अचीवर्स असेंबली में विद्यार्थियों को प्लैटिनम, गोल्ड एवं अचीवमेंट स्टार्स से सुसज्जित किया गया, जो वार्षिक परीक्षा में इन स्टार्स के मापदंडों पर खरा उतरे। कोई भी स्टार प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है।

स्कूल की उल्लेखनीय बात यह है कि यहां परीक्षाओं की रूपरेखा पूर्णत: बोर्ड परीक्षाओं की भांती रहती है, जिन विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम एवं एकाग्र चित्त से लक्ष्य प्राप्ती के लिए परिश्रम किया था, उन्हें मंच पर पुरस्कार/स्टार लेते हुए अतीव गर्व की अनुभूति हो रही थी, जो इस बात का परिचायक है कि विद्यार्थियों के अपेक्षित व्यवहार में आशातीत सुधार हुआ है।

इसके पश्चात प्रत्येक कक्षा के कक्षाध्यक्ष और अध्यापक बारी-बारी मंच पर आए एवं उद्घोषणाओं के साथ अपनी-अपनी कक्षाओं के स्टार होल्डर्स को स्टार जड़कर सम्मानित करते रहे। इस प्रकार के आयोजनों से अन्य विद्यार्थियों को भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। अधिकांश विद्यार्थियों ने परीक्षाओं के लिए कड़ी मेहनत कर स्टार अर्जित किए। अचीवर्स असेंबली में हेड टीचर पंकज शर्मा ने छात्रों को अनुशासन और शिक्षा में सुधार करने और अपनी पूरी इच्छाशक्ति विकसित करने के लिए प्रेरणादायक भाषण दिया।

## कचरा प्रबंधन पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नगर परिषद पांवटा साहिब के वार्ड नं.-1, बद्रीपुर फ्रेंड्स कॉलोनी में सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नगर परिषद की अध्यक्ष निर्मल कौर की उपस्थिति में नागरिकों को कचरा प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस दौरान जनता को गीले व सूखे कचरे के प्रभावी प्रबंधन के लिए नागरिकों को जागरूक किया।

नगर परिषद के सफाई निरीक्षक व कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि लोग ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं, जिससे उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा। इस समाधान शिविर में लोगों द्वारा दी समस्याओं का मौके पर निवारण किया गया। इस शिविर में वार्ड पार्षद/ अध्यक्ष निर्मल कौर नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमार, सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा व अन्य नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित रहे तथा कहा कि इस प्रकार के शिविर हर वार्ड में आयोजित किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### निकाय चुनाव पर आज रहेगा अवकाश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि 2 मार्च रविवार का दिन है इसलिए सभी सरकारी कार्यालयों, बोर्डों, निगमों और शैक्षणिक संस्थानों में स्थानीय शहरी निकाय संस्थानों में चुनावों के दृष्टिगत अवकाश रहेगा। मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ने इस विषय में 1951 की धारा 135बी के अंतर्गत आदेश जारी किए हैं कि किसी भी व्यापार, व्यवसाय, औद्योगिक प्रतिष्ठानों अथवा ऐसे किसी भी निजी संस्थान में कार्यरत उन कर्मियों के लिए 2 मार्च को वेतन सहित अवकाश रहेगा, जिनकी वोट इन नगर निगमों/परिषदों अथवा पालिकाओं में है। इस छुट्टी के लिए न तो मालिक कोई छुट्टी काटेगा और न ही इसके लिए वेतन में कटौती की जाएगी यदि किसी निजी व्यवसाय, दुकानदार अथवा फैक्टरी मालिक के विरुद्ध इस विषय में कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो इस बारे में संबंधित अधिनियमों के अंतर्गत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पानीपत : मेयर पद के लिए 4 उम्मीदवार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि पानीपत नगर निगम में नाम वापस लेने के अंतिम दिन के बाद महापौर (मेयर) पद के लिए 4 तथा 26 वार्डों में वार्ड सदस्यों के लिए 103 उम्मीदवार चुनाव मैदान में होंगे। सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। चुनाव आयुक्त ने बताया कि पानीपत नगर निगम के 26 वार्डों में कुल 365 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। वार्ड वाइज मतदाता सूची के अनुसार कुल 4 लाख 8 हजार 534 मतदाता हैं, जिनमें से 2 लाख 17 हजार 559 पुरुष मतदाता हैं, 1 लाख 90 हजार 962 महिला मतदाता हैं तथा 13 अन्य मतदाता हैं। 9 मार्च को सुबह 8 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने पर 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन चुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट करें नामित: पंकज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने प्रदेश में राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से आह्वान किया कि वे अपनी-अपनी पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नामित करें और इसकी सूची रिकार्ड के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। अग्रवाल इस संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने हालही में सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि वे अपने-अपने राज्यों में राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट, पोलिंग स्टेशनवार नियुक्त करवाएं और इसका रिकार्ड भी सुरक्षित रखें। हरियाणा 6 राष्ट्रीय स्तर तथा दो राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं। सभी दलों को बूथ लेवल एजेंट 1 और 2 की नियुक्ति करनी है। राजनीतिक दलों के लिए बूथ लेवल एजेंट एक प्राधिकृत व्यक्ति है जो मतदान से संबंधित सामग्री अपनी पार्टी के लिए चुनाव आयोग से लेता है।

### 'वीरता को सलाम' कार्यक्रम का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित सीआईएसएफ इकाई पंजाब और हरियाणा सिविल सचिवालय में 'वीरता को सलाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा में सेवानिवृत्त सीआईएसएफ बल सदस्यों को इकाई में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद स्वागत भाषण से सभी अतिथियों का अभिवादन किया गया। इस मौके पर चंडीगढ़ स्थित सीआईएसएफ इकाई पंजाब और हरियाणा सिविल सचिवालय के वरिष्ठ कमांडेंट योगेश प्रकाश सिंह ने सभी अतिथियों को उनकी शानदार सेवा के लिए सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पौधा और शॉल भेंट किया। इस मौके पर वरिष्ठ कमांडेंट योगेश प्रकाश सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 मार्च तक 56वें सीआईएसएफ स्थापना दिवस तक चलने वाली गतिविधियों की एक सप्ताह श्रृंखला की शुरुआत है। सीआईएसएफ अपने सेवानिवृत्त सदस्यों के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर है। इस कार्यक्रम के दौरान योगेश प्रकाश सिंह ने सेवानिवृत्त कर्मियों के कल्याण से संबंधित बल मुख्यालय की विभिन्न परियोजनाओं जैसे कि पेंशन कॉर्नर ऐप और ई-सर्विस बुक आदि से उपस्थित सेवानिवृत्त कर्मियों को अवगत करवाया।

### मुंबई : इमारत में लगी आग, कोई हताहत नहीं



**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर इलाके में छह मंजिला इमारत के एक फ्लैट में आग लग गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि घाटकोपर पूर्व में पंत नगर पुलिस थाने के पीछे स्थित विकास अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में अपराह्न करीब 12.45 बजे आग लग गई।

### मकोका मामले में नरेश बाल्यान को झटका

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता नरेश बाल्यान से जुड़े मकोका मामले की जांच की अवधि 60 दिनों के लिए बढ़ा दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने यह आदेश दिया है। नरेश बाल्यान के खिलाफ जांच अवधि 3 मार्च को खत्म हो रही थी। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में जांच की अवधि 90 दिन बढ़ाने की मांग की थी। कोर्ट ने 24 फरवरी को इस मामले के एक आरोपित रितिक पीटर के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया था। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कहा कि मकोका मामले में नरेश बाल्यान से जुड़े मामले में जांच अभी चल रही है, उसको जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

### मणिपुर में उग्रवादी समेत पांच लोग गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षाबलों ने मणिपुर के कांगपोकपी और कामजोंग जिलों से एक उग्रवादी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कांगपोकपी के बिंपाराव से गिरफ्तार किए गए चार लोग प्रतिबंधित 'कुकी नेशनल फ्रंट (पी)' के एक काडर के तहत कथित तौर पर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने भारत-म्यांमा सीमा पर कामजोंग के कुल्तुह गांव में प्रतिबंधित 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' के एक सक्रिय काडर को गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि उसके पास से एक पिस्तौल और एक ग्रेनेड बरामद किया गया है।

### इसरो 15 से फिर शुरू करेगा स्पैडेक्स प्रयोग

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मार्च के मध्य में स्पैडेक्स मिशन पर नए प्रयोग शुरू करेगा। इसका उद्देश्य दो सैटेलाइट चेजर और टार्गेट को अलग करना और फिर दोबारा जोड़ना है। यह तकनीक भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए अहम साबित होगी। यह बात राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह के दौरान इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने कही। नारायणन ने कहा कि स्पैडेक्स मिशन को 30 दिसंबर 2023 को लांच किया था। इसने दो सैटेलाइट्स को आपस में जोड़ने के परीक्षण (डॉकिंग) के लिए सैटेलाइट्स एसडीएक्स01 व एसडीएक्स 02 को अंतरिक्ष में भेजा। इसरो ने 16 जनवरी को इन्हें जोड़ने में कामयाबी पाई। इसके साथ ही भारत यह तकनीकी उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इससे पहले 12 जनवरी को इसरो ने उपग्रहों को 'डॉक' करने के परीक्षण के तहत दो अंतरिक्ष यान को तीन मीटर की दूरी पर लाकर और फिर सुरक्षित दूरी पर वापस भेजा था।

# सुर्जेवाला के अवैध खनन के आरोप निराधार : खनन मंत्री

## हरियाणा में नहीं हो रहा अवैध खनन, विभाग बरत रहा पूरी सख्ती

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुर्जेवाला द्वारा सरकार की मिलीभगत से प्रदेश के 14 जिलों में हो रहे अवैध खनन के बयानों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप निराधार और तथ्य से परे हैं। कांग्रेस नेता केवल झूठ बोलकर लोगों को बरगलाने का काम करते हैं।

पंवार ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि सरकार की छवि को धूमिल करने के लिए अवैध खनन में राज्य सरकार की संलिप्तता के ऐसे बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। मंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वयं चरखी दादरी के पिचोपा कलां का दौरा किया तथा वहां अवैध खनन का कोई निशान नहीं पाया। उन्होंने कहा कि रणदीप सुर्जेवाला द्वारा बताए गए 14 जिलों में से कैथल जैसे जिले में साधारण मिट्टी के अलावा कोई भी महत्वपूर्ण खदान या लघु खनिज नहीं है तथा उन जिलों में भी अवैध खनन को रोकने के लिए नियमित प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि विभाग के अधिकारियों को अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए तीन स्तरीय नेटवर्क बनाने के लिए संबंधित डीसी को पहले ही निर्देश दिए हैं, जिसमें नाका/चेक पोस्ट, फ्लाइंग स्क्वॉड शामिल हैं। यमुनानगर जिले में पहले से ही 16 नाके लगाए गए हैं। यहां तक कि मुख्यालय से टीमों को भी विभिन्न जिलों में अवैध खनन की जांच के लिए भेजा जा रहा है। पंवार ने कहा कि डीसी को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे पुलिस जांच चौकियों को सुदृढ़ करें और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने के लिए गश्त तेज करें।

### बिना ई-रवाना रोड़ी ले जा रहा ट्रैक्टर पकड़ा, 2.15 लाख लगाया जुर्माना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन तथा खनिज परिवहन को लेकर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में नारनौल जिला प्रशासन द्वारा गठित संयुक्त टीम ने शनिवार सुबह नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव दताल के पास एक ट्रैक्टर-ट्राली को बिना ई-रवाना रोड़ी ले जाते पकड़ा। इस पर लगभग 2.15 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। खनन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि खनन विभाग, पुलिस विभाग, फॉरेस्ट विभाग तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संयुक्त टीम शनिवार को नांगल चौधरी क्षेत्र में गस्त पर थी। इसी दौरान नांगल चौधरी से बहरोड़ रोड पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली राजस्थान की तरफ जा रहा था। टीम ने इस मौके पर पकड़कर कागजात चैक किए। इस दौरान पता चला कि यह बिना ई-रवाना के ही रोड़ी का परिवहन कर रहा था। इस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए 2.15 लाख रुपए की जुर्माना कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि यह टीम लगातार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दिन-रात गस्त कर रही है। अवैध खनन अथवा खनिज के अवैध परिवहन के मामलों पर टीम लगातार प्रभावी तरीके से कार्रवाई कर रही है।

### एडिसन हॉस्पिटल ने अत्याधुनिक किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट की लॉन्च




**अनंत ज्ञान, मोहाली**

अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल एडिसन हॉस्पिटल, मोहाली ने शनिवार को एक अत्याधुनिक किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट शुरू करने की घोषणा की। यूनिट का नेतृत्व प्रसिद्ध चीफ ट्रांसप्लांट सर्जन और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अरजिंद्र बैंस करेंगे, जिनके पास सफल किडनी ट्रांसप्लांट में 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है। यूनिट के शुभारंभ के दौरान, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और विश्व किडनी दिवस के अवसर पर देश भर के 80 किडनी डोनर, जिनमें से अधिकांश महिलाएं थीं, को सम्मानित भी किया गया।

इस बीच एडिसन अस्पताल में अत्याधुनिक डायलिसिस यूनिट, ब्लड बैंक, पैथोलॉजी लैब, उन्नत कैथ लैब के साथ कार्डियोलॉजी विभाग, स्त्री रोग और मातृ एवं शिशु विभाग, न्यूरो और ऑर्थो विभाग, उन्नत जीवन समर्थन प्रणालियों से सुसज्जित आईसीयू और सीसीयू आदि सुविधाएं शामिल हैं।

इस अवसर पर डॉ. बैंस ने कहा कि हम विश्वस्तरीय चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी अत्याधुनिक सुविधाएं और डॉक्टरों की अनुभवी टीम असाधारण रोगी परिणाम देने के लिए समर्पित है। यह अत्याधुनिक अस्पताल किडनी प्रत्यारोपण में व्यापक देखभाल प्रदान करने के लिए समर्पित है। इस अवसर पर नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ आकांक्षा शर्मा ने किडनी रोग पर बुनियादी मिथकों को साझा किया। उन्होंने कहा कि किडनी की बीमारी के लिए उम्र एक जोखिम कारक हो सकती है, लेकिन यह एकमात्र कारण नहीं है। किडनी स्टोन पर डॉ. हितेश कमल यूरोलॉजिस्ट ने कहा कि प्रत्येक वर्ष पांच लाख से अधिक लोग किडनी स्टोन की समस्या के लिए आपातकालीन कक्ष में जाते हैं।

### सीआईएसएफ के सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ स्थित सीआईएसएफ इकाई पंजाब और हरियाणा सिविल सचिवालय में 'वीरता को सलाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा में सेवानिवृत्त सीआईएसएफ बल सदस्यों को इकाई में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद स्वागत भाषण से सभी अतिथियों का अभिवादन किया गया।

इस मौके पर चंडीगढ़ स्थित सीआईएसएफ इकाई पंजाब और हरियाणा सिविल सचिवालय के वरिष्ठ कमांडेंट योगेश प्रकाश सिंह ने सभी अतिथियों को उनकी शानदार सेवा के लिए सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पौधा और शॉल भेंट किया।

इस मौके पर वरिष्ठ कमांडेंट योगेश प्रकाश सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 मार्च तक 56वें सीआईएसएफ स्थापना दिवस तक चलने वाली गतिविधियों की एक सप्ताह श्रृंखला की शुरुआत है। सीआईएसएफ अपने सेवानिवृत्त सदस्यों के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ हमेशा अपने दिग्गजों के साथ खड़ा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस प्रकार के कार्यक्रम कर्मियों में अपनेपन की भावना को जीवंत करने और गर्व की गहरी अनुभूति पैदा करने का कार्य करते हैं। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### ग्रीन श्मशानघाटों की अवधारणा की हरियाणा कर रहा है पहल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा मानवाधिकार आयोग (एचएचआरएस) ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दाह संस्कार के लिए ग्रीन श्मशान घाटों की अवधारणा का सही ठहराया है और सिरसा जिले के अनेक गांवों में इसे लागू किया जा चुका है। इस अवधारणा के तहत दांह संस्कार में लकड़ी की बजाय गोकाष्ठ (गोबर के कंडे) से करना है, जिससे पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। इसका श्रेय पर्यावरणविद डॉ. राम जी जैमल (गांव दड़बी, सिरसा) को जाता है। वन अनुसंधान संस्थान देहरादून द्वारा किए गए अध्ययन से पुष्टि हुई है कि इस विधि में केवल 60 किलोग्राम गोकाष्ठ की आवश्यकता होती है, जबकि पारंपरिक दाह संस्कार में 500-600 किलोग्राम लकड़ी लगती है। इसके अलावा यह विधि कम लागत वाली, धुआं रहित और प्रतिकूल मौसम में भी प्रभावी है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारी श्री एसके गुलाटी ने भी ग्रीन श्मशानघाटों पर प्रस्तुतिकरण दिया है।

### सौ प्रतिशत शुद्ध ऑक्सीजन से होगा हर लाइलाज बीमारी का निदान

**अनंत ज्ञान, मोहाली**



आजकल अधिकतर लोग लाइफ स्टाइल बीमारियों से जूझ रहे हैं व बीपी एवं शूगर जैसे रोगों के लिए तो जीवन पर्यंत तक दवाई लग जाती है और एलोपैथिक दवाओं के सेवन से तो कई साइड इफेक्ट्स भी सामने आते हैं। डॉ. प्रवेश कादियान इन समस्याओं समाधान लेकर आए हैं। उन्होंने मोहाली में ग्लोबल हाइपरबारिक मेडिकल सेंटर खोल कर हाइपरबारिक ऑक्सीजन थेरेपी (एचबीओटी) की मशीन स्थापित की है, जो सौ प्रतिशत शुद्ध ऑक्सीजन से लाइलाज बीमारियों को ठीक करने में सक्षम है।

**एंटी एजिंग एचबीओटी मशीन मोहाली में हुई स्थापित**

डॉ. प्रवेश कादियान ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इलाज की प्रक्रिया के बारे में बताया कि रोगी को एचबीओटी चैंबर में बिठाया जाता है, जिसमें उसे सांस लेने के लिए 100 फीसदी शुद्ध ऑक्सीजन उपलब्ध होती है। इससे शुद्ध ऑक्सीजन खून में मिलकर शरीर की हर कोशिका तक पहुंचती है जिससे क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की मुरम्मत होती है व रोगी व्यक्ति स्वस्थ होने लगता है। उन्होंने बताया कि बीपी, शूगर व इरेक्टाइल डिस्फंगक्शनल से लेकर कैंसर एवं ऑटिज्म की बीमारियों तक का इलाज भी इस थेरेपी से संभव है।

## देश-विदेश

# मणिपुर के सभी रास्ते 8 मार्च से खोले जाएं : शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए गृह मंत्रालय में बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला और अन्य लोग शामिल हुए। पूर्वोत्तर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद यह पहली ऐसी बैठक है।

मणिपुर में मई, 2023 से जातीय हिंसा जारी है और अब तक वहां 250 लोगों की जान जा चुकी है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, बैठक में गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि 8 मार्च 2025 से मणिपुर में सभी मार्गों पर आम जनता की सुलभ आवाजाही सुनिश्चित की जाए और इसमें खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अधिकारियों ने मुताबिक, गृह मंत्री ने शनिवार को मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, मणिपुर सरकार, सेना, अर्धसैनिक बल के शीर्ष अधिकारी बैठक में शामिल हुए। एन बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। राज्य विधानसभा का कार्यकाल 2027 तक है और इसे अभी निलंबित अवस्था में रखा गया है। सुरक्षा स्थिति की समीक्षा बैठक राज्यपाल द्वारा 20 फरवरी को दिए गए उस 'अल्टीमेटम' के बाद आयोजित की जा रही है, जिसमें अवैध और लूटे गए हथियार रखने वाले सभी लोगों को हथियार सौंपने के लिए कहा गया है। सात दिनों की अवधि में मुख्य रूप से घाटी के जिलों में 300 से अधिक हथियार जनता की ओर से सौंपे गए।

### तेलंगाना टनल हादसा: 4 लोगों का पता चला : मंत्री कृष्ण राव

**एजेंसी, नागरकुर्नूल**




तेलंगाना के नागरकुर्नूल में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया था। घटना को 7 दिन बीत चुके हैं, लेकिन टनल में अब तक 8 कर्मचारी फंसे हुए हैं।

हालांकि, राज्य के आबकारी मंत्री कृष्ण राव ने बताया कि रडार में चार लोगों का पता चल गया है। उम्मीद है कि रविवार शाम तक उन्हें बाहर निकाल लिया जाएगा, लेकिन उनके बचने की संभावना बहुत कम है। चार लोगों के बारे में उन्होंने बताया कि उनके टनल बोरिंग मशीन के नीचे फंसे होने का अनुमान है। 450 फुट ऊंची मशीन को काटा जा रहा है। रेस्क्यू ऑपरेशन में 11 एजेंसियां शामिल हैं। 28 फरवरी को साउथ सेंट्रल रेलवे की 2 टीमें भी रेस्क्यू के लिए पहुंचीं थी। टीम भारी धातुओं को प्लाज्मा कटर और ब्रॉक कटिंग मशीन जैसे आधुनिक उपकरणों से रास्ते से हटा रही हैं।

### दक्षिणी चीन में पोत और नौका की टक्कर, 11 की मौत

**एजेंसी, बीजिंग**



**चीन** के दक्षिणी हिस्से में नदी में तेल रिसाव को साफ करने वाले एक पोत ने एक छोटी नौका को टक्कर मार दी, जिससे 11 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग लापता हैं।

हुनान प्रांत में युआनशुई नदी में हुई दुर्घटना के दौरान 19 लोग पानी में गिर गए, जिनमें से तीन को उसी दिन बचा लिया गया। दुर्घटना उस स्थान पर हुई, जहां नदी औसतन 60 मीटर (200 फुट) से अधिक गहरी और 500 मीटर (1,600 फुट) चौड़ी है। तलाश एवं बचाव अभियान जारी रखी। दुर्घटना में बचे एक व्यक्ति के रिश्तेदार ने शंघाई के समाचार पत्र 'द पेपर' को बताया कि नौका ही उनके गांव में आने-जाने का मुख्य साधन है।

### दो हजार के 98.18 प्रतिशत नोट वापस आए : आरबीआई

**एजेंसी, मुंबई**



**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शनिवार को कहा कि 2000 रुपए के 98.18 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। अब सिर्फ 6,471 करोड़ रुपए के ऐसे नोट जनता के पास हैं।

रिजर्व बैंक ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई ने कहा कि 19 मई, 2023 को कारोबार बंद होने पर प्रचलन में मौजूद 2000 रुपए के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपए था, जो 28 फरवरी, 2025 को कारोबार बंद होने पर घटकर 6,471 करोड़ रुपए रह गया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस प्रकार 19 मई, 2023 तक प्रचलन में मौजूद 2000 रुपए के बैंक नोटों में से 98.18 प्रतिशत वापस आ चुके हैं। दो हजार रुपए के नोट जमा करने और/या बदलने की सुविधा सात अक्तूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। हालांकि, यह सुविधा अब भी रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है।

### यूपीआई लेनदेन में फरवरी में 33 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन फरवरी में सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर 16.11 अरब पर पहुंच गया है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने शनिवार को जारी किए आंकड़ों में यह जानकारी मिली। बीते महीने यूपीआई लेनदेन की वैल्यू भी 20 प्रतिशत बढ़कर 21.96 लाख करोड़ रुपए हो गई है। फरवरी में प्रतिदिन 57.5 करोड़ यूपीआई लेनदेन हुए हैं और जनवरी में इनकी संख्या 54.8 करोड़ प्रतिदिन थी। इसके कारण यूपीआई से प्रतिदिन होने वाले लेनदेन की वैल्यू बढ़कर 78,446 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि जनवरी में 75,743 करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2023-24 में यूपीआई से कुल 131 अरब लेनदेन हुए थे।

## अमेरिका ने इसराइल को दी तीन अरब डॉलर के हथियार आपूर्ति की मंजूरी

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने संसद (कांग्रेस) में समीक्षा की सामान्य प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए इसराइल को लगभग तीन अरब अमेरिकी डॉलर के हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी है।

**गोला-बारूद और बुलडोजर की होगी बिक्री**

विदेश मंत्रालय ने बताया कि उसने 2.04 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के 35,500 से अधिक एमके 84 और बीएलयू-117 बम और 4,000 'प्रीडेटर' आयुध की बिक्री संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि आपात स्थिति के कारण अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए इजराइल सरकार को तत्काल उपरोक्त रक्षा सामग्री और रक्षा सेवाएं बेचे जाने की आवश्यकता है इसलिए कांग्रेस की समीक्षा संबंधी अनिवार्यताओं से छूट ली जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि हथियारों की आपूर्ति अगले साल से शुरू होगी। मंत्रालय ने यह भी कहा कि रुबियो ने इसराइल को 67 करोड़ 57 लाख अमेरिकी डॉलर मूल्य का अतिरिक्त गोला-बारूद बेचने को मंजूरी दी है, जिसकी आपूर्ति 2028 से आरंभ की जाएगी। उसने कहा कि इसके अलावा रुबियो ने 29 करोड़ 50 लाख अमेरिकी डॉलर मूल्य के डी9आर और डी9टी कैटरपिलर बुलडोजर की आपातकालीन बिक्री को भी मंजूरी दी है।

#### इसराइल को संघर्ष विराम के दूसरे चरण की ओर बढ़ना चाहिए : हमास

हमास का कहना है कि इसराइल को संघर्षविराम की दूसरी चरण की ओर बढ़ना चाहिए, जबकि इसराइल इस मौजूदा चरण की अवधि को बढ़ाने के पक्ष में है। इसी बीच, रमजान का पवित्र महीना शुरू हो चुका है और कई अरब देशों में आज पहला रोजा रखा जा रहा है।

### पाकिस्तान में छह आतंकी किए ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 24 घंटे पहले हुए आत्मघाती बम विस्फोट ने सरकार का चैन छीन लिया है। रमजान शुरू होने से पहले पड़े आखिरी शुक्रवार की नमाज में हिस्सा लेने वाले निर्दोष नागरिकों के मारे जाने से गम में डूबा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के नौशेरा जिले के अकोरा खट्टक शहर के दारुल उलूम हक्कानिया मदरसा का जर्रा-जर्रा गुस्साया हुआ है। सात लोगों की मौत और 17 नमाजियों के जख्मी होने के सदमे में डूबे मुल्क के सुरक्षाबलों ने इस दौरान उत्तरी वजीरिस्तान में छह नामी आतंकवादियों को घेरकर मार गिराया। सुरक्षाबलों ने उत्तरी वजीरिस्तान में छह आतंकवादियों को ढेर किया।

## भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने माता वैष्णो देवी के दर भरी हाजिरी

**एजेंसी, जम्मू**



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा के साथ उनकी पत्नी मल्लिका नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं जम्मू-कश्मीर के प्रभारी तरुण चुघ और भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष सत शर्मा भी थे।

नड्डा वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी द्वारा 28 विधायकों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित किया। इन विधायकों में ज्यादातर ऐसे विधायक शामिल थे जो पहली बार चुनकर आए हैं। यह कार्यशाला बजट सत्र से पहले आयोजित की गई थी। बजट सत्र तीन मार्च से शुरू होगा।

### त्रिपुरा में बीएसएफ ने बांग्लादेशी तस्कर को मार गिराया

**अगरतला।** त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) ने एक बांग्लादेशी तस्कर को उस समय मार गिराया, जब अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर से तस्करों के एक समूह ने बल के जवानों पर हमला किया। बीएसएफ ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ ने कहा कि तस्करों के हमले में उसका एक जवान भी घायल हो गया। कलमचौरा पुलिस थाने के अंतर्गत पुटिया में 20 से 25 बांग्लादेशी बदमाशों का एक समूह भारतीय क्षेत्र में घुस आया और अपने कई भारतीय सहयोगियों से मिला। जवानों ने तस्करों को चुनौती दी, तो तस्करों ने सीमा प्रहरियों पर हमला कर दिया, जिससे एक जवान घायल हो गया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### आस्ट्रेलिया बल्लेबाज शॉर्ट चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर

**लाहौर।** अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हुए आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट भारत या न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर रह सकते हैं। शॉर्ट ने बारिश के कारण रद्द हुए मैच में 15 गेंद में 20 रन बनाए। उन्हें अजमतुल्लाह उमरजइ ने पवेलियन भेजा था। आस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने आस्ट्रेलियाई एसोसिएट प्रेस से कहा,''मुझे लगता है कि वह पूरी तरह फिट नहीं है। हमने देखा कि वह ठीक से मूवमेंट नहीं कर पा रहा था। अगले मैच में उसका रिकवर हो पाना मुश्किल होगा।'' आस्ट्रेलियाई टीम आक्रामक बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क को उतार सकता है। हरफनमौला आरोन हार्डी भी एक विकल्प हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया का सामना मंगलवार को सेमीफाइनल में दुबई में भारत से या बुधवार को लाहौर में न्यूजीलैंड से हो सकता है।

### अफगानिस्तान अगले दशक में जीत सकता है आईसीसी टूर्नामेंट : स्टेन

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि तेजी से आगे बढ़ रही अफगानिस्तान की टीम के खिलाड़ी अगर मैदान पर सयंम से खेलना सीख लें तो अगले दशक में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का सीमित ओवर का टूर्नामेंट जीत सकती है। अफगानिस्तान की टीम 2023 वनडे विश्व कप में नॉकआउट में जगह बनाने के करीब पहुंच गई थी, जिसमें उसने पूर्व चैंपियन इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान को हराया था। पिछले साल के टी20 विश्व कप में टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी, जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया को बाहर कर दिया था। अपने देश में युद्ध और अस्थिरता के बावजूद अफगानिस्तान क्रिकेट टीम अब सफेद गेंद के टूर्नामेंट में मजबूत टीम बन गई है।

### श्रेयस अय्यर ने नेट गेंदबाज जसकिरण को उपहार में दिए जूते

**दुबई।** आईसीसी क्रिकेट अकादमी पर नेट गेंदबाज जसकिरण सिंह के लिये यह खास पल था जब भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने उन्हें चैम्पियंस ट्रॉफी अभ्यास सत्र के दौरान एक जोड़ी जूते भेंट किए। पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट और क्रिकेट के शौकीन जसकिरण लांगआफ पर फील्डिंग कर रहे थे जब अय्यर ने उनके पास जाकर कहा,''पाजी क्या हाल चाल, सब बढ़िया।'' जसकिरण ने कहा,''श्रेयस भाई मेरे पास आए और पूछा कि तुम्हारे जूते का साइज क्या है। मैंने कहा कि दस तो उन्होंने कहा कि मेरे पास तुम्हारे लिए कुछ है और उन्होंने मुझे ये जूते दिए। मेरे लिए यह बहुत मायने रखता है।'' जसकिरण ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के बल्लेबाजों को नेट अभ्यास के दौरान गेंदबाजी की। भारतीय टीम के नेट अभ्यास के लिए नहीं चुने जाने पर वह निराश था, क्योंकि भारतीय टीम के अभ्यास के लिए कई आफ स्पिनर पहले ही से थे।

### डु प्लांटिस ने पोल वॉल्ट का अपना विश्व रिकॉर्ड बेहतर किया

**क्लेरमोंट -फेरां।** मोंडो डुप्लांटिस ने यहां विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर मीट के दौरान पोल वॉल्ट में अपना विश्व रिकॉर्ड बेहतर करके 6 . 27 मीटर की कूद लगाई। ओलंपिक और विश्व चैंपियन डुप्लांटिस ने पोलैंड में अगस्त में बनाए गए अपने विश्व रिकॉर्ड को एक सेंटीमीटर बेहतर किया। यह पोल वॉल्ट में उनका 11वां विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने पहले ही प्रयास में यहां रिकॉर्ड बनाया।

# द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया

## गेंदबाज जानसन, मुल्डर ने 3-3 और केशव महाराज ने 2 विकेट झटके

**एजेंसी, कराची**

दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को यहां ग्रुप बी के अपने अंतिम मैच में मुश्किलों से जूझ रही इंग्लैंड की टीम को 179 रन पर समेट दिया जिससे उसने और ऑस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया।

सेमीफाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके इंग्लैंड को रन-रेट के आधार पर अफगानिस्तान को क्वालीफाई करने का मौका देने के लिए कम से कम 207 रन से जीत की जरूरत थी, लेकिन वह टूर्नामेंट के सबसे कम स्कोर पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को जानसन और वियान मुल्डर ने 3-3 और केशव महाराज ने 2 विकेट झटके।


शॉट खेलते इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर।

दक्षिण अफ्रीका ने मैच के परिणाम निकले बिना ही नॉकआउट में अपनी जगह पक्की कर ली। यह देखना बाकी है कि ग्रुप बी में कौन शीर्ष पर रहता है और इससे यह तय होगा कि नॉकआउट चरण में भारत और न्यूजीलैंड किससे खेलेंगे। इंग्लैंड टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन यह दाव उल्टा पड़ गया। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट महज 8 बनाकर और जेमी स्मिथ (0) पर आउट हो गए। वहीं, 180 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रेयान (27) स्टब्स (0), क्लासेन (64) रन बनाकर आउट हो गए। डुसेन (72) और मिलन (64) रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराकर मैच जीत लिया।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सॉल्ट क. डुसेन ब. जानसन | 08 | 06 | 2/0 |
| डकेट क. ब. जानसन | 24 | 21 | 4/0 |
| स्मिथ क. मारक्रम ब. जानसन | 00 | 03 | 0/0 |
| रूट ब. मुल्डर | 37 | 44 | 4/1 |
| ब्रुक क. जानसन ब. महाराज | 19 | 29 | 3/0 |
| बटलर क. महाराज ब. एनगिडी | 21 | 43 | 0/0 |
| लिविंगस्टन क. महाराज ब. एनगिडी | 09 | 15 | 1/0 |
| ओवरटोन क. एनगिडी ब. रबाडा | 11 | 20 | 1/0 |
| आर्चर क. एनगिडी ब. रबाडा | 25 | 31 | 4/0 |
| राशिद क. कलासेन ब. मुल्डर | 02 | 09 | 0/0 |
| महमूद (नाबाद) | 05 | 10 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 18 | | |
| **कुल : (38.2 ओवर)** | 179/10 | | |

**विकेट पतन** : 1-9, 2-20, 3-37, 4-99, 5-103, 6-114, 7-129, 8-171, 9-173, 10-179.

**गेंदबाजी :** जानसन 7-0-39-3, एनगिडी 7-0-33-1, रबाडा 7-1-42-1, मुल्डर 7.2-0-25-3, महाराज 10-1-35-2.

### ऋषभ पंत के लिए टीम से बाहर रहना काफी कठिन है: डोइशे

**दुबई।** भारत के सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिये चैंपियंस ट्रॉफी मैच बाहर से देखना कठिन है, लेकिन इस स्तर पर खेल की यही प्रकृति है। पिछले दो ग्रुप मैचों में पंत अंतिम एकादश से बाहर रहे हैं, जबकि केएल राहुल ने विकेटकीपिंग की है। उन्होंने मध्यक्रम में अच्छी बल्लेबाजी के साथ विकेट के पीछे भी अपने काम को बखूबी अंजाम दिया। डोइशे ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा,''ऋषभ के लिए बाहर रहना काफी कठिन रहा हैख लेकिन इस स्तर पर खेल का यही स्वभाव है।''



उन्होंने कहा,''केएल का प्रदर्शन अच्छा रहा है। उसे ज्यादा मौके नहीं मिले, चूंकि हमें ऋषभ को तैयार रखना था। हमें नहीं पता कि कब उसकी जरूरत पड़ जाए, लेकिन दो बेहतरीन विकेटकीपर टीम में होना अच्छा है।'' डोइशे ने स्वीकार किया कि रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच दोनों टीमों के स्पिनरों का मुकाबला होगा। उन्होंने कहा,''न्यूजीलैंड के पास भी चार स्पिनर हैं लिहाजा यह स्पिनरों का मुकाबला होगा। टूर्नामेंट से पहले हमने सोचा नहीं था कि स्पिनरों की इतनी बड़ी भूमिका होगी।''

## गुकेश करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंचे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश फिडे की शनिवार को जारी नवीनतम क्लासिकल रेटिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंच गए, जबकि हमवतन आर प्रज्ञानानंदा फिर से शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रहे।



गुकेश दिसंबर में सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीतने के बाद से शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। 18 साल के इस खिलाड़ी ने इस दौरान 10 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। अब उनके नाम कुल 2787 रेटिंग अंक हो गए हैं। गुकेश हाल ही में विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स को टाईब्रेक में प्रज्ञानानंदा से हार गए थे। वह रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हिकारू नाकामुरा (2802) से 15 अंक पीछे हैं। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन (2833) दुनिया में शीर्ष रैंकिंग के शतरंज खिलाड़ी बने हुए हैं। गुकेश ने इस रैंकिंग में हमवतन अर्जुन एरिगैसी और अमेरिका के फैबियानो कारूआना को पीछे छोड़ दिया है।

एरिगैसी इससे पहले लंबे समय तक शीर्ष रैंक वाले भारतीय थे। वह 2777 की रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। प्रज्ञानानंद टाटा स्टील मास्टर्स में जीत से पिछले साल जुलाई के बाद पहली बार शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रहे। मौजूदा समय में प्राग मास्टर्स में खेल रहा यह भारतीय खिलाड़ी 17 रेटिंग अंक हासिल कर कुल 2758 रेटिंग अंक के साथ आठवें स्थान पर पहुंचने में सफल रहा। कोनेरू हम्पी 2528 रेटिंग के साथ महिलाओं की सूची में छठे नंबर पर शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय हैं। आर वैशाली (2484) और हरिका द्रोणावल्ली (2483) क्रमश: 14वें और 16वें स्थान पर हैं।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ स्पिन को खेलने पर रहेगा भारत का फोकस

**एजेंसी, दुबई**

अब तक अपराजेय भारतीय टीम का फोकस स्पिन को बेहतर खेलने पर होगा और न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के आखिरी ग्रुप मैच में रविवार को उन खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है जो अब तक बाहर बैठे हैं।

आखिरी ग्रुप मैच जीतने से भारत ग्रुप ए में शीर्ष पर रहेगा। अब सेमीफाइनल में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका या आस्ट्रेलिया से होगा और दोनों के पास बेहतरीन स्पिनर हैं। भारत ने दोनों मैच जीते हैं, लेकिन स्पिनरों ने भारतीयों को परेशान किया है और सेमीफाइनल के लिये क्वालीफाई कर चुकी न्यूजीलैंड टीम इसका फायदा उठा सकती है।

भारत के स्टार बल्लेबाजों ने बांग्लादेश के स्पिनरों के खिलाफ जोखिम लेने से बचने की रणनीति अपनाई थी। अब उनके सामने मिचेल सेंटनेर और माइकल ब्रेसवेल की चुनौती होगी, जो इस टूर्नामेंट में स्पिन के सामने सबसे कठिन परीक्षा भी रहेगी। दोनों कीवी स्पिनर अच्छे फॉर्म में हैं और दुबई की पिच पर और प्रभावी साबित हो सकते हैं। भारतीय बल्लेबाज स्पिनरों को इक्के-दुक्के रन लेकर बड़े शॉट तेज गेंदबाजों के खिलाफ खेलते आए हैं, लेकिन अब उन्हें 20 ओवर सेंटनेर और ब्रेसवेल का सामना करना है, जबकि ग्लेन फिलिप्स भी अनियमित स्पिन गेंदबाज हैं। ऐसे में फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल, पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक जमाने वाले विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल को प्रभावी प्रदर्शन करना होगा।



टूर्नामेंट से पहले टीम में पांच स्पिनरों (रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और वॉशिंगटन सुंदर) के चयन को लेकर भारत की आलोचना हो रही थी, लेकिन यहां स्पिनरों के दबदबे ने भारत को मजबूती दी है। भारत ने दो मैचों में जडेजा, अक्षर और कुलदीप को उतारा है और तीनों प्रभावी रहे हैं।

न्यूजीलैंड के पास हालांकि, केन विलियमसन, विल यंग, टॉम लैथम, डेवोन कोंवे जैसे स्पिन को बखूबी खेलने वाले बल्लेबाज हैं। भारत जीत की लय को कायम रखना चाहेगा, लेकिन सेमीफाइनल से पहले कप्तान रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी को आराम दिया जा सकता है।

**मैच : दोपहर 2 : 30 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ऋषभ पंत, रविंद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**न्यूजीलैंड :** मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओरूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी।

अनंत Classifieds
विज्ञापन के लिए संपर्क करें 9015226376

Rainbow INTERNATIONAL SCHOOL
(Nur-XII) Affiliated to C.B.S.E.
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-2026
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
Nagrota Bagwan, (H.P.), Tel.: 01892-251592, 249222, 7807849222
Email:rainbowinternationalschool@rediffmail.com
Website: www.risnagrota.com

रतन ज्वेलर्स के मालिक राजू गढ़ वाले
सुनार राजू गढ़ वाले रतन ज्वेलर्स लोअर बाजार भवारना
हमारे यहां गोल्ड ज्वेलरी (HUID) हॉलमार्क 22 कैरेट में तैयार की जाती है।
RATTAN JEWELLERS
Lower Bazar Bhawarna
9882749027
9418787712

ज्योत्सना आई.टी.आई लोहारीं हमीरपुर (हि.प्र.) 177020
1. मकैनिक मोटर व्हीकल
2. इलैक्ट्रीशियन
3. फिटर, 4. बैल्डर
5. पलम्बर
मो. 9418083232, 9418583232 9418683232
Email: jyotsnaiti@ymail.com
Website: www.jyotsnaitihamirpur.com

NEERAJ AGENCIES PRIVATE LIMITED
Near Old Bus Stand, Nagrota Bagwan 176047 Distt. Kangra
Ph. 01892-252088
Mob. 98160-72088

GAYAN JYOTI PUBLIC HIGH SCHOOL PATHIAR
(Affiliated to H.P.B.O.S.E. Dharamshala)
ADMISSION OPEN
Pre-Nursery to 10th
Mob. 86288-03434, 94188-34317

Mill Approved Retail Counter of Mayur
Mob. 98164-43466 (Abhinav)
Mob. 97366-62924 (Raju Dhawan)
Prop. Girish Kumar, Parminder Kumar
J.R.D. Jagat Ram Dhawan
Suiting Shirting & Dress Material
Main Bazar, Nagrota Bagwan Distt. Kangra (H.P.)

NEW BRIGHT SUN SEN. SEC. SCHOOL
ADMISSION OPEN SESSION: 2025-26
+1/+2, Medical & Non-Medical
NEAR PETROL PUMP MEHRE BARSAR
CONTACT :- 82194-42097

MOTHERKRAFT HOSPITAL
Crafting Women's Health at Every Step
Complete Women's Healthcare Destination
• Obstetrics • Gynecology • Pathology
• Ultrasound • Pediatrics • Neonatology
• Laproscopy • Infertility
Dr. Vani Sharma MBBS, DGO Laproscopic Surgeon & Infertility Specialist
Motherkraft, Matour Palampur Road Near Utsav Palace, Ghurkari, Kangra
CALL US:- 01892-299088 80914-11099, 80914-11088

HIMALYAN'S HOLYFAITH SR. SEC. SCHOOL, PATHIAR
GEMS OF HOLYFAITH
ADMISSION OPEN SESSION: 2025-26

D.D.U. B.Ed. COLLEGE
अध्यक्ष दीनदयाल उपाध्याक्ष स्मारक समिति एवं दीन दयाल उपाध्यक्ष बी.एड. कॉलेज मैहरे (बड़सर) जिला हमीरपुर (हि.प्र.) 174305
फोनः- 01972-288072, 288010, मो. 09816688072
मो. 8261954956, 8894915086, 9805047309

DDM SAI COLLEGE
Affiliated to HPU Shimla & Approved by BCI, NCTE
B.A.LL.B., LL.B. B.Ed., D.El.Ed.
Kalar (Nadaun) P.O. Jalari, Distt. Hamirpur (H.P.)
Tel. 01972-233720, Mob. 9418042219
Email : contactddmsai@gmail.com

SRI SAI GROUP OF INSTITUTES PATHANKOT
ADMISSION OPEN
84271-84271, 94170-50602
ENGINEERING | POLYTECHNIC DIPLOMA | PHARMACY | HOTEL MANAGEMENT | MANAGEMENT | EDUCATION | COMPUTER APPLICATION
www.srisaigroup.in
B.TECH | CSE | ECE | EE | BBA IN COLLABORATION WITH IBM

GREEN FIELD SR. SEC. SCHOOL, NAGROTA BAGWAN
ADMISSION OPEN SESSION: 2025-26
Contact us: 01892-252979, greenfieldnagrota@rediffmail.com

AJAY HEALTHCARE दवाईयां
दवाइयाँ
लाइफ सेविंग दवाइयाँ
मधुमेह/कैंसर की दवाइयाँ
शल्य चिकित्सा उपकरण
सभी तरह के चिकित्सा उपकरण
SHOP NOW
यहाँ PGI, IGMC, TANDA हॉस्पिटल की दवाइयाँ मिलती है
Lower Ground Floor, Kamla Complex, Hamirpur Road Una (H.P.) 174303
7087432364, 8699005364 ajayhealthcare@gmail.com

Nanda Institute of Nursing and Nanda Multi specialty Hospital
Hamirpur Road Una HP

Affiliation No. 16175
GREEN VIEW PUBLIC SCHOOL
Affiliated H.P.B.O.S.E., Dharamshala
ADMISSION OPEN Nursery to 10th
V.P.O. DADH, TEH. PALAMPUR, DISTT KANGRA, HIMACHAL PRADESH
OFFICE.: 01892252115. MOB.: 9816521168

PT. RAGHWANAND MEMORIAL PUBLIC SR. SEC. SCHOOL
AFFILIATED TO H.P.B.O.S.E. DHARAMSHALA (H.P.)
USTERHAR, (RADH), TEH & DISTT. KANGRA, (H.P.)
God "Make child.... We Frame Their Future"
ADMISSION OPEN
FOR NURSERY TO 10+2
Call us :- 9816434628, 9418134628, 8278785028, 01892252198
Website: www.ptraghwanandschool.com, Email: panditraghwanand2007@gmail.com